जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें



# जागरूक टाइम्स

सिरोही, शनिवार, 22 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 62 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.





किक-2 में होंगी जैकलिन?...

पेज -11

## न्यूज ब्रीफ

### इजराइल के इतिहास में पहली बार खुफिया चीफ बर्खास्त

**जेरूसलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुफिया एजेंसी शिन बेट के चीफ रोनन बार को बर्खास्त कर दिया है। कैबिनेट ने नेतन्याहू के



फैसले का सर्वसम्मति से समर्थन किया। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी घोषणा की। इजराइल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब सरकार ने घरेलू सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख को उसके पद से हटाया है। बेट चीफ के तौर पर रोनन का आखिरी दिन 10 अप्रैल होगा।

### हरियाणा-पंजाब का खनौरी बॉर्डर भी खुला



**पटियाला।** किसान आंदोलन की वजह से 13 महीने से बंद हरियाणा-पंजाब का खनौरी बॉर्डर भी शुक्रवार से खुल गया। यहां से दिल्ली-पटियाला हाईवे पर आवाजाही शुरू हो गई। हरियाणा पुलिस ने 20 मार्च को ही यहां से सीमेंट की बैरिकेडिंग हटा दी थी। पंजाब की तरफ से ट्रालियां हटाने में समय लग गया। पंजाब पुलिस ने अंबाला और पटियाला के बीच शंभू बॉर्डर को 20 मार्च को ट्रैफिक के लिए खोल दिया था। इसके बाद दिल्ली-अमृतसर-जम्मू हाईवे पर आवाजाही शुरू हो गई है। पंजाब पुलिस ने 19 मार्च को ये दोनों बॉर्डर किसानों से खाली कराए थे। वहीं, पंजाब के 2 किसान संगठन संयुक्त किसान मोर्चा के पंजाब चैप्टर और भारतीय किसान यूनियन ने राज्य सरकार की बुलाई मीटिंग का बायकॉट कर दिया। कृषि मंत्री ने चंडीगढ़ स्थित पंजाब भवन में यह मीटिंग बुलाई थी।

### जनगणना क्रियान्वयन में देरी पर सरकार की आलोचना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को राज्यसभा में चर्चा के दौरान जनगणना के क्रियान्वयन में देरी और गृह मंत्रालय के आवंटित बजट का कम उपयोग करने के लिए सरकार की आलोचना की। गृह मंत्रालय के कामकाज पर



बहस में भाग लेते हुए कांग्रेस नेता अजय माकन ने बताया कि 2011 में पिछली जनगणना के बाद से भारत की जनसंख्या में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। माकन ने कहा, 2011 में जनसंख्या 121 करोड़ थी, अब यह 146 करोड़ होने की उम्मीद है... 2011 की जनगणना के लिए हमने 2009 में ही कार्यक्रम बनाना शुरू कर दिया था। अब जनगणना हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जन कल्याण के लिए कार्यक्रम इसी पर आधारित हैं।

## विश्व वानिकी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह

### प्रदेशभर में इस वर्ष लगाए जाएंगे 10 करोड़ पौधे

# सीएम शर्मा बोले, भावी पीढ़ी के लिए हरा भरा और स्वस्थ राजस्थान बनाने का लें संकल्प

- देशभर के पहले 'डिजी-वन-फेरेस्ट स्टैक' एप का शुभारम्भ
- वानिकी ववन्य जीव प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान का शिलान्यास
- वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड का विमोचन तथा सीआरईएसईपी के लोगो का अनावरण
- वनमित्रों को किट वितरण तथा महिला कार्मिकों का सम्मान
- सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य में इको टूरिज्म सुविधाओं तथा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान व नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में गोल्फ कार्ट सुविधा का लोकार्पण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है,जिसके अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 7 करोड़ पौधे लगाए गए तथा बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा की अनुपालना में इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। शर्मा शुक्रवार को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। हमारी संस्कृति में पेड़, प्रकृति एवं पहाड़ों की पूजा की जाती है तथाराजस्थान का पर्यावरण संरक्षण से पुराना नाता रहा है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा किहम वनों को बचाने और अपनी जैव-विविधता को संरक्षित करनेके साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा भरा और स्वस्थ राजस्थान बनाने का संकल्प लें।



### प्रदेश के गोडावण संरक्षण के प्रयासों की हो रही सराहना

*मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी वन, पर्यावरण एवं जलवायु संतुलन के प्रयासों में एक वैश्विक लीडर बनकर उभरे हैं। ग्लासगो में आयोजित कोप 26 के दौरान प्रधानमंत्री जी ने दुनिया के सामने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पांच प्रतिबद्धताएं अर्थात पांच अमृत तत्व रखे हैं, जिनमें वन भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय वन्यजीव मंडल की बैठक में गोडावण पर राज्य में किए जा रहे संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय गोडावण संरक्षण एक्शन प्लान की भी घोषणा की है।*



### रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल को बढ़ावा दे रही राज्य सरकार

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर हमारी सरकार थ्री आर यानी रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल को बढ़ावा देकर कचरे के प्रभावी प्रबंधन, जल संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा और संसाधन दक्षता पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी दिशा में हमारी सरकार ने बजट 2025-26 में राजस्थान सर्कुलर इकोनॉमी इन्सेंटिव स्कीम 2025 की घोषणा की है। उन्होंने कहा किराज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश की देशभर में नई पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि हरित आवरण में कृषि वानिकी की इस महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए हमारी सरकार राज्य में पहली बार कृषि वानिकी नीति ला रही है। इसी तरह राज्य सरकार द्वारास्थानीय प्रजातियों के संरक्षण एवं विस्तार हेतु एक जिला एक प्रजाति कार्यक्रम, सभी जिलों में मातृ वन की स्थापना, वन रक्षकों की भर्तीजैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। साथ ही, हमारी सरकार द्वारा ग्रासलैंड के महत्व को समझते हुए राज्य में वृहद स्तर पर ग्रासलैंड संरक्षण एवं विकास के कार्य एवं घड़ियाल संरक्षण के लिए सवाई माधोपुर में पालीघाट के निकट एक घड़ियाल रियरिंग सेंटर की स्थापना की जा रही है।

### प्रदेशवासियों को मिली कई परियोजनाओं की सौगात

शर्मा ने इस अवसर पर वन विभाग द्वारा विभागीय कार्यो में पारदर्शिता लाने हेतु नवीनतम आईटी तकनीक के उपयोग से विकसित 'डिजी-वन-फोरेस्ट स्टैक' एप का शुभारम्भकिया, जो कि देशभर का पहला डिजिटल फोरेस्ट स्टेक है। साथ ही,उन्होंने सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य में इको टूरिज्म फैसिलिटीज तथा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर व नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में गोल्फ कार्ट सुविधा को प्रदेश की जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्धन के लोगो का अनावरण तथा वन प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान का रिमोट का बटन दबाकर डिजिटल माध्यम से शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्रीने वनमित्रों को किट वितरित किए तथा वन विभाग में कार्यरत



महिला कार्मिकों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पौधरोपण किया तथा गोल्फ कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वृक्षारोपण को एक जन अभियान बनाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में हुए उत्कृष्ट कार्यों का प्रधानमंत्री जी ने मन की बात कार्यक्रम में विशेष उल्लेख भीकिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पौधरोपण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए मॉनिटरिंग की भी अनूठी व्यवस्था की गई है। इसी तरह वन विभाग द्वारा वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति के रजिस्ट्रीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेन्सी (जाइका) के एजि वाकामास्तु द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। समारोह में विधायक महेन्द्र पाल मीणा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अपर्णा अरोड़ा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी, शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार अर्चना सिंह, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक निधु सक्सेना सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# दिल्ली हाईकोर्ट जज के बंगले पर 15 करोड़ कैश मिले

### कॉलेजियम जज वर्मा को वापस इलाहाबाद ट्रांसफर करेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर पर करीब 15 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे। मामला सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने का फैसला किया है।

इधर, कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। हालांकि यह इन-हाउस इन्क्वायरी नहीं है। जांच पूरी होने पर दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस कॉलेजियम को प्राइमरी रिपोर्ट देंगे। दरअसल, होली की छुट्टियों के दौरान जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले पर आग लग गई थी। उस वक्त वे घर पर नहीं थे। परिवार ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की जानकारी दी।

टीम जब आग बुझाने गई तब उन्हें कैश मिला। सूत्रों के मुताबिक सीजेआई संजीव खन्ना को जब मामले की जानकारी मिली तो 5 सदस्यीय कॉलेजियम ने उनका ट्रांसफर करने का फैसला किया है, हालांकि यह सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं है। इधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के वापस इलाहाबाद ट्रांसफर का विरोध किया है। एसोसिएशन ने कहा कि कॉलेजियम के फैसले से गंभीर सवाल उठ रहा है कि क्या हम कूड़ादान हैं।



#### कॉलेजियम ने इमरजेंसी मीटिंग की

मामले की जानकारी मिलते ही सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने कॉलेजियम की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। सूत्रों के मुताबिक, तबादले से संबंधित प्रस्ताव को जानबूझकर अपलोड नहीं किया गया है। इन-हाउस जांच पर भी विचार किया जा रहा है।

#### महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने की चर्चा

कॉलेजियम के कुछ सदस्यों का सुझाव था कि जस्टिस वर्मा से इस्तीफा मांगा जाना चाहिए। अगर वे इनकार करते हैं, तो संसद में उन्हें हटाने के लिए महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। सूत्रों के मुताबिक ट्रांसफर की सिफारिश के साथ उनके खिलाफ जांच और महाभियोग चलाए जाने की चर्चा है।

### पांच लाख के रिश्वत केस में पूर्व आईएएस बरी

#### हाईकोर्ट ने कहा एसीबी ने मामला सनसनीखेज बनाया; भाजपा के मनाने पर नहीं लड़े थे चुनाव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट से पूर्व कलेक्टर नन्नूमल पहाड़िया को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने एसीबी कोर्ट में चल रही आपराधिक कार्रवाई (रिश्वत के मामले) को रद्द कर दिया है। जस्टिस गणेशराम मीणा की अदालत ने कहा कि बिना किसी ठोस सबूत के किसी अधिकारी पर जबरन



मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अगर ऐसा होता है तो शिकायतकर्ता जैसे व्यक्ति इसका अनुचित लाभ उठाकर लोक सेवकों (सरकारी अधिकारियों) पर दवाब डाल सकते हैं। एसीबी की जांच में एकत्रित किए गए सबूत याचिकाकर्ता पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त नहीं है। दरअसल, नन्नूमल पहाड़िया को अप्रैल 2022 रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सस्पेंशन के दौरान ही उनका रिटायरमेंट हो गया था।

#### क्या है पूरा मामला

अदालत ने अपने आदेश में कहा- शिकायतकर्ता इकबाल सिंह ने कहा कि उसकी कंपनी दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस-वे का काम कर रही थी। अलवर के तत्कालीन कलेक्टर नन्नूमल पहाड़िया उससे 4 लाख रुपए मंथली और भूप्रबंधन अधिकारी (आरएएस) अशोक सांखला उससे 50 हजार रुपए मंथली मांगते हैं। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### राज्यसभा में शाह बोले...

# आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद नासूर

#### ये हमें विरासत में मिले, हमने मुकाबला किया, 10 साल में बहुत कुछ बदला



**नई दिल्ली।** बजट सत्र के आठवें दिन शुक्रवार को अमित शाह ने गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। शाह ने कहा, चर्चा के दौरान कुछ उपयोगी सुझाव आए हैं। हमारी कमियों की ओर ध्यान दिलाया गया। कुछ राजनीतिक टिप्पणियां भी की गईं। कुछ राजनीतिक आक्षेप भी लगाए गए। सभी का संसदीय भाषा में जवाब देने का प्रयास करूंगा।

शाह ने कहा पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बहुत कुछ बदला। आतंकवाद, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर में उग्रवाद नासूर बने थे। हमें पिछली सरकार ने इसे विरासत में दिया था। 2014 में हमारी सरकार बनी तो हमने तीनों मोर्चों पर मुकाबला किया। जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं से हुई मौतों में 70 प्रतिशत कमी आई है। गृह मंत्री ने कहा- जम्मू-कश्मीर में विपक्ष के 33 साल के शासनकाल में वहां सिनेमाहॉल ही नहीं खुलते थे। हमने 2019 में आर्टिकल 370 हटाया। जी-20 की बैठक में दुनियाभर के राजनयिक वहां गए। हमने वहां सफलतापूर्वक चुनाव करवाए। एक गोली तक नहीं चली।

#### काला चश्मा पहन कर विकास नहीं दिखेगा

शाह ने कांग्रेस और राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा- ये हिसाब मांगते हैं कि क्या हुआ 370 हटाने का परिणाम। साहब, हिसाब तो उनको दिया जाता है, नजारा तो उनको दिखाया जाता है, जिनकी नजरें साफ हों। जो काला चश्मा पहन कर, आंखें मूंद कर बैठे हैं, उनको विकास नहीं दिखा सकते हैं।

#### हम आतंकियों के आंखों के बीच गोली मारते हैं

इनके नेता ने पैदल यात्रा निकाली। कश्मीर तक गए। अपने कार्यकर्ताओं के साथ बर्फ की होली खेली और कहा कि दूर से आतंकवादी दिखाई पड़ा था। अरे भाई, जिनकी नजर में आतंकवादी है, तो आपको सपने में भी आएगा और आपको कश्मीर में भी दिखाई पड़ेगा। हम तो आतंकवादी देखते ही सीधा दो आंखों के बीच में गोली मारते हैं। हमारी सरकार न आतंकवाद को सह सकती है और न ही आतंकवादियों को।

### कर्नाटक विधानसभा में मुस्लिम आरक्षण पर हंगामा...

# 18 भाजपा विधायक 6 महीने के लिए सस्पेंड



**बंगलुरू।** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार को सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। आर अशोक के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने आरक्षण बिल की कॉपी फाड़कर स्पीकर की ओर फेंक दी।

इसके बाद स्पीकर यूटी खादर ने मार्शलों को बुलाकर हंगामा कर रहे विधायकों को सदन से बाहर करवा दिया। साथ ही भाजपा के 18 विधायकों को विधानसभा की कार्यवाही से 6 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया।

#### सीएम समेत मंत्रियों-विधायकों की सैलरी दोगुनी की गई

हंगामे के बीच सरकार ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सैलरी 100 प्रतिशत बढ़ाने का बिल पास कर दिया। विधेयक को कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच.के. पाटिल ने पेश किया। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### ईरान में भूकंप के तेज झटके

**नातांज।** ईरान के नातांज क्षेत्र में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, भूकंप के झटके आसपास के कई शहरों में भी महसूस किए गए. हालांकि, अब तक किसी बड़ी क्षति या हताहत की सूचना नहीं मिली है। नातांज ईरान का एक प्रमुख परमाणु केंद्र है।

### मेरठ सौरभ हत्याकांड...

# मुस्कान और साहिल को पुलिस शिमला लेकर जाएगी

**मेरठ।** यूपी के मेरठ में मर्चेंट नेवी अफसर सौरभ हत्याकांड में अब नए-नए खुलासे हो रहे हैं।

पुलिस जांच में पता चला है कि वारदात के बाद जो मां आरोपी मुस्कान को थाने लेकर गई थी और उसे फांसी देने की मांग कर रही थी, वह मुस्कान की सौतेली मां है। उसके पिता ने मुस्कान की मां की मौत के बाद उसकी मौसी कविता



रस्तोगी से शादी की है। आरोपी साहिल की मां की मौत करीब 16 साल पहले हो चुकी है। उसके पिता नीरज ने भी दूसरी शादी कर ली है। सौतेली मां से साहिल की नहीं बनती थी। इसलिए वह नानी के साथ रहता था। उसकी सौतेली मां नोएडा में रहती है। सौरभ के 4 टुकड़े करने के बाद मुस्कान और साहिल ने 15 दिन के लिए मेरठ से टैक्सी बुक की। इससे दोनों मेरठ से शिमला, मनाली और कसौल गए। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर



# ग्रामीणों ने देशी ढोल की थाप पर दी गेर नृत्य की प्रस्तुति

## सात दिवसीय गेर महोत्सव का हुआ समापन

सायला। उपखंड मुख्यालय पर सायला की सुप्रसिद्ध सात दिवसीय गेर महोत्सव का शुक्रवार को शीतला सप्तमी पर समापन हुआ। गेर महोत्सव के तहत अन्तिम दिन शीतला माता चौक में दोपहर से ही गेरियों का पारंपरिक वेशभूषा धोती, कमीज व साफा में सजधज कर आने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर 2:30 बजे तक बड़ी संख्या में गेरिये एकत्रित हो गए। इसके बाद शीतला माता के जयकारे के साथ गेरियों ने देशी ढोल की थाप पर नृत्य प्रारम्भ किया। गेर नृत्य के दौरान घुंघुरू व डंडियों की खनक से पूरा माहौल देखते ही बन रहा था। इस दौरान ग्रामीण भी करतल ध्वनि के साथ गेरियों का उत्साहवर्धन कर रहे थे। महिलाएं फाल्गुन के गीत गाती हुई लुर नृत्य कर रही थी। वही श्रद्धालुओं ने शीतला माता मन्दिर में दर्शन कर खुशहाली की कामना की। इस मौके ग्रामीणों की बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में सायला की प्रसिद्ध गेर के प्रति युवा पीढी को जोड़ने व सायला की सांस्कृतिक परम्परा को बनाए रखने की बात कही। वही नगरपालिका सायला की ओर से गेर स्थल पर पेयजल, छाया व साउंड की व्यवस्था की गई। साथ ही पुलिस की ओर से यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर माकूल बन्दोबस्त किए गए। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# श्रद्धापूर्वक मनाई शीतला सप्तमी

## लगाया बासोड़े का भोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** शहर समेत जिलेभर में शुक्रवार को शीतला सप्तमी श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। जगह जगह शीतला सप्तमी का मेला भरा गया। जिसमें शहर व आसपास के ग्रामीणों ने भाग लिया। शीतला माता मंदिर में महिलाओं ने पूजा अर्चना कर बासोड़ा का भोग लगाया। मंदिर के बाहर मेला भराए जिसमें खाने.पीनेए महिलाओं के श्रृंगार की वस्तुओं व बच्चों के खिलौनों की दुकानें लगी। महिलाओं ने शीतला माता की कथा सुनकर घर में सामूहिक रूप से भोजन किया। जगह जगह गेर नृत्य का भी आयोजन किया गया।



भीनमाल



जसवंतपुरा

**सांचौर।** पूरे क्षेत्र में शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करते हुए शीतला माता के मंदिरों में दर्शन किए और ठंडे पकवानों का भोग लगाकर व्रत का संकल्प लिया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं और बच्चों ने विशेष रूप से माता की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने परंपरा अनुसार एक दिन पूर्व बने भोजन (बासी भोजन) का प्रसाद ग्रहण किया और परिवार के स्वास्थ्य व समृद्धि की प्रार्थना की। गांवों और कस्बों में भी भक्तों ने घरों में माता की पूजा कर ठंडे पकवानों का भोग लगाया। इस दौरान कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन भी किए गए। श्रद्धालुओं ने इसे आस्था और परंपरा से जोड़ते हुए उत्साहपूर्वक मनाया।

**रानीवाड़ा।** शहर सहित क्षेत्रभर में शुक्रवार को शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। वीराणा बाईपास रोड स्थित शीतला माता मंदिर में अल सवेरे से ही महिलाओं द्वारा मंगलगीतों के साथ माताजी को भोग लगाने के लिए आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जो सुबह 11 बजे तक जारी रहा। मंदिर में महिलाओं ने माताजी को ठंडे भोजन का भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। इसके बाद महिलाओं ने माताजी की कथा का श्रवण कर ठंडे भोजन को ग्रहण किया।

**जसवंतपुरा।** उपखंड मुख्यालय सहित क्षेत्रभर में शुक्रवार को शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। सवेरे से ही महिलाएं सजधज कर शीतला माता मंदिर पहुंचनी शुरू हो गई। इस दौरान मंदिर में शीतला माता की पूजा अर्चना कर बसोड़े का भोग लगाया गया तथा कथा का श्रवण किया। पर्व को लेकर सिरोही रोड पर स्थित आवलिया बेरे पर शीतला माता मंदिर में सुबह से ही माता के दर्शनार्थ के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था, जो दिनभर जारी रहा। इस दौरान मंदिर में मेले जैसा माहौल नजर आया।



सांचौर

**रामसीन**। कस्बे सहित आस पास के क्षैत्रों में शीतला सत्पतमी का त्यौहार धुमधाम से मनाया गया। माता के दरबार में छोटे बच्चों की मन्नत को लेकर धोक दी। रात्रि में बनाया गया ठंडे भोजन का भोग लगाया। पर्व को लेकर एक दिन पहले ही सप्तमी के लिए घरों में भोजन तैयार किया जाता है। शीतला सप्तमी पर सुबह से ही महिलाएं सज-धज कर मंदिरों शीतला माता पहुंची। महिलाओं मंदिर प्रांगण पहुंचकर शीतला माता को बासोडा के भोजन का भोग लगा कर मन्नत मांगी । खुशहाली के लिए माता को चोलिया चढ़ाकर बच्चे के लंबी आयु की कामना मन्नत मांगी। उल्लेखनीय है की छोटे बच्चों में शीतला माता के प्रकोप को लेकर माताजी से मन्नत मांगी जाती है। ठीक होने पर बच्चों के भार बराबर गुड से तोलकर भी गुड का भोग लगाया जाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है।



भीनमाल। गेर प्रथा खत्म ना हो जाए, इसलिए शहर में एक सामाजिक संगठन ने करीब 15 साल से एक बीड़ा उठा रखा है। भीनमाल। हिंदू सेवा समिति की ओर से हर वर्ष शीतला सप्तमी को लेकर शहर में गेर का आयोजन किया जाता है। वैसे देखा जाए तो वर्तमान समय में गेर नृत्य गांवों से भी विलुप्त होती जा रही है । बड़ी बात यह है कि समाज सेवी संगठन ने शहर में भी इस प्रथा को कायम रखने के लिए अथक प्रयास किए हैं। हिंदू सेवा समिति व महेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में शीतला सप्तमी पर मंगलवार को गेर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें पारंपरिक वेशभूषा से हजारों की संख्या में गेरियों ने गेर नृत्य का आनंद लिया। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति का यह एक रूप है, इससे लोगों में प्रेम सदभावना बनी रहती है। समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व. दिनेश दवे नेता की ओर से गेर नृत्य के आयोजन की शुरुआत की गई थी । उनका कहना था की गांव क्या, शहर से भी इस गेर नृत्य की प्रथा को हम नहीं जाने देंगे । इसलिए करीब 15 साल से हिंदू सेवा समिति की ओर से गेर नृत्य का भव्य आयोजन किया जा रहा है । जिसमें शहरी ही नहीं, आसपास गांवों से भी लोग गैर नाचने के लिए आते हैं । गैर नृत्य देखने के लिए शहर से भारी भीड़ उमड़ पड़ी एवं आस-पास के दूर दराज के क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर हिंदू सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल परिहार, सचिव जबराराम भाटी, सुरमसिंह सोलंकी, महादेवाराम घांची, बाबूलाल होंडा, भारत राम माली, मीडिया प्रभारी ललित होंडा, केवलाराम परमार, राजेश सोलंकी सहित कई लोग मौजूद थे। एएसआई किशनलाल के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता मौजूद था।

# एक शाम शहीदों के नाम 11 हजार दीपदान कर दी जाएगी श्रद्धांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** एक शाम शहीदों के नाम बैनर तले रविवार को शहीद दिवस के अवसर पर शाम 6 बजे न्यू गोल्डन विद्यालय के पीछे स्थित मैदान में 11 हजार दीपदान कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धाजंलि दी जाएगी। मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद भगतसिंह, राजगुरू एवं सुखदेव की पुण्यतिथि पर मां भारती के सपूतों को सच्ची श्रद्धाजंलि देने के लिए मिट्टी से 51 फीट बड़ा भारत का नक्शा बनाकर करीबन 11 हजार दीपदान किया जाएगा। साथ ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन शहीदों को नमन करना है, जिन्होंने अपना बलिदान देश के लिए दे दिया। देश की सुरक्षा जवानों के हाथों में है, जब हम नींद में रहते हैं तो देश की सरहद की सुरक्षा करते हैं। कई ऐसे जवान हैं जिन्होंने अपना सर्वोच्च निछावर देश के लिए कर दिया। कार्यक्रम को लेकर पोस्टर का विमोचन सेवाडिया महंत रतनभारती महाराज के हाथों किया गया। वहीं शनिवार को शाम चार बजे कार्यकर्ताओं की ओर से शहर भर में अपील की जाएगी।

## कार्यक्रम के तहत विजिट के बाद लौटे विद्यार्थी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** पीएम राउमावि भूरा की ढाणी का दल एक दिवसीय जागृति आंगन कार्य म के तहत पीएम राउमावि सरनाऊ में किया। प्रभारी हकमाराम चौधरी शारीरिक शिक्षक ने बताया कि विभाग द्वारा विद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओ ने एक दिवसीय विजिट के तहत विज्ञान लैब, पुस्तकालय, खेल विभाग,कार्यालय व ब्यूटी पार्लर व्यवसाहिक शिक्षा सहित विभिन्न विभागों का सूक्ष्म अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल बिश्नोई ने बच्चों को विस्तार से जीवन मे लक्ष्य बनाकर आगे बढने की सलाह दी। मंगल सिंह शारीरिक शिक्षक ने खेल का महत्व समझाया। भ्रमण कर पुनः विद्यालय लौटने पर प्राचार्य लीला चौधरी ने बच्चों का स्वागत किया व ज्ञान के लिए इस तरह के विजिट को आवश्यक बताया।

## गोस्वामी समाज की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** शहर के जसवंतपुरा बस स्टैंड के पास स्थित गोस्वामी समाज सेवा समिति की बैठक अध्यक्ष मसरगिरी जेरण की मौजूदगी में आयोजित हुई। जिसमे गोस्वामी समाज सेवा समिति की ओर से बावतरा गांव निवासी उत्तमपुरी जो अपने परिवार के साथ मोटरसाईकिल से कोरा से बावतरा जा रहे थे। इसी दौरान भीनमाल-सियावट स्टेट हाईवे पोषणा ऊनडी के बीच 5 जनवरी 25 को बजरी से भरे डंपर ने टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में बावतरा निवासी उत्तमपुरी पुत्र मांगपुरी गोस्वामी सहित उत्तमपुरी की पत्नी डिम्पलदेवी, पुत्री चिंटा, पुत्र युवराजपुरी की मौके पर ही मौत हो गई थी। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत को लेकर गोस्वामी समाज की ओर से सायला में धरना प्रदर्शन भी किया गया था। मृतक उत्तमपुरी का इकलौता पुत्र राहुलपुरी ही परिवार में बचा जो ननिहाल में रहता था। इस दौरान गोस्वामी समाज की ओर से सोशल मीडिया पर सहयोग राशि के लिए मुहिम चलाई। 36 कौम के लोगों ने सहयोग राशि दी। इस दौरान करीब पांच लाख से अधिक की राशि इकट्ठा की गई उपस्थित सभी सदस्यों की ओर से जमा राशि में से भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भीनमाल में राहुलपुरी के नाम से एफडी करवाई एंव कुछ राशि बैंक में जमा करवाई गई। इस दौरान अध्यक्ष मसरगिरी जेरन, बगदगिरी पहाड़पुरा, जोराभारती कोरा, तिलोकभारती, एडवोकेट छैलपुरी गोस्वामी, जबराभारती, कैलाशपूरी कुशलापुरा, रमेशपुरी नरता, शोभा पुरी गोस्वामी, विक्रम भारती, हरीश गिरी भालनी, ईश्वर नाथजी दांतवाड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



## होली स्नेह मिलन समारोह कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कस्बे के सुंधा माता तिराहे पर स्थित प्रजापत समाज छात्रावास में रविवार सुबह ग्यारह बजे भाजपा मंडल जसवंतपुरा के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से होली स्नेह मिलन समारोह, नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का अभिनंदन एवं स्वागत व भाजपा कार्यालय का उदघाटन किया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह राजपुरा ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, प्रधान श्रीमती विमला चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भैरूदान चारण, पूर्व मंडल अध्यक्ष दौलत सिंह कलापुरा, देवेंद्रसिंह जाविया, समस्त जसवंतपुरा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता, समस्त भाजपा मंडल जसवंतपुरा मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। कार्य म में भोजन की व्यवस्था की गई है।



## पावटी में विशाल भजन संध्या आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** निकटवर्ती पावटी गांव के गोलुआ से दसवीं बार कुलदेवी आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल एवं सोनाणा खेतलाजी मंदिर धाम सारंगवास के दर्शनार्थ पैदल यात्रा संघ रविवार को सुबह गाजे बाजे के साथ रवाना होगा। इससे पूर्व शनिवार रात्रि म एक शाम आशापुरा माताजी व सोनाणा खेतलाजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में होगा। कार्य' म को लेकर मैदान में पांडाल, स्टेज, लाइट डेकोरेशन सहित विभिन्न तैयारियां अंतिम चरण में की जा रही है। भजन संध्या में जसवंतपुरा के नर्मदेश्वर महादेव मठ के महंत सुखदेवगिरी महाराज, झरड़ेश्वर महादेव मंदिर गोलाणा के महंत तपतगिरी महाराज, साध्वी संध्यागिरी व कलापुरा खेतलाजी मंदिर के उपासक मफतलाल माली सहित कई साधु-संतों के सानिध्य में आयोजित होगी। कार्यक्रम में विख्यात गायक कलाकार श्याम पालीवाल व प्रवीण प्रजापत अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसके साथ ही नृत्य कलाकार रवि वणजारा पाली एवं कुलदीप सिंह सिरोही की ओर से नृत्य की प्रस्तुतियां पेश करेंगे। कार्य' म में महाप्रसादी का आयोजन भी होगा। कार्य' म को लेकर आशापुरा नवयुवक मंडल पावटी द्वारा तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**गाजे-बाजे के साथ कल रवाना होगा पैदल यात्रा संघ**

### फैदाणी गांव में भक्ति संध्या कल

पैदल यात्रा संघ का पहला पड़ाव रविवार को फैदाणी गांव के खेतलाजी मंदिर में होगा। इस दौरान भजन संध्या व रात्रि जागरण कार्य' म का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गायक कलाकार प्रवीण माली एंड पार्टी उड़ की ओर से भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। वहीं नृत्य कलाकार भरत प्रजापत द्वारा झाकियां पेश की जाएगी।

# ग्रामीणों ने पंचायत मुख्यालय पर दिया धरना, राजस्व गांव बनाने का किया विरोध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** चौरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीणों ने चौरा ग्राम पंचायत को यथावत रखने, नया राजस्व गांव नहीं बनाने सहित कई मांगों को लेकर सरपंच सुनील बिश्नोई के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेज, मांगे नहीं माने जाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी । इस दौरान ग्रामीणों ने अपना मांग पत्र देते हुए कहा कि सम्पूर्ण चौरा पंचायत को पूर्ववत ही रखा जाये, इसमें किसी प्रकार की नई पंचायत या राजस्व गांव नहीं बनाया जाए, नव सर्जित ग्राम रामेश्वर को आम सभा ने निम्नलिखित कमियों के कारण निरस्त करने का प्रस्ताव सर्व सहमति से लिया गया। मूल राजस्व गांव चौरा के आबादी से मात्र 300 मीटर से 600 मीटर के भीतर की ढाणियों को रामेश्वर नगर में जोड़ा जाने का आम नागरिको द्वारा भारी विद्रोह किया गया जबकि 2 से 3 किलोमीटर की ढाणियों को मूल गांव चौरा में ही रखा गया जो गलत आकड़ों गलत भौगोलिक परिस्तिथियों के आधार पर बनाया गया। नवसृजित गांव का सीमांकन जातिवादी व् राजनितिक आधार पर इतना गलत किया गया है कि राजस्व गांव रामेश्वर नगर की लम्बाई 8 से 9 किलोमीटर हो गई और चौड़ाई 300 मीटर से 700 मीटर ही रखी है जो पूर्णतया अव्यवहारिक है। इस दौरान मांगो को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया । इस अवसर पर सरपंच सुनील बिश्नोई, प्रकाश, राणाराम, सुरेश, चंपा देवी, मुकेश, वनाराम, मुकेश , नारायणराम, बाबूलाल, भूराराम, पोकराराम, जोरावरसिंह, भागीरथराम, महेन्द्रसिंह सहित कई जने मौजूद रहे ।

# शीतला माता को चढ़ाया पारंपरिक ठंडे पकवानों का भोग, मांगी खुशहाली

## जिलेभर में श्रद्धा पूर्वक मनाई शीतला सप्तमी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में शुक्रवार को शीतला सप्तमी श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। महिलाएं तड़के उठकर शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाने मंदिरों में पहुंची। महिलाओं ने पूड़ी, पापड़ी, हलुआ, राबड़ी, घाट, मोहनथाल, गुंजिया आदि व्यंजनों का भोग लगाया। तड़के से ही शीतला माता के मंदिरों में महिलाओं का तांता लगना शुरू हो गया था। कई जगहों पर तो महिलाओं को पूजा के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। जिला मुख्यालय के मोदी लाइन स्थित शीतला माता के मंदिर क्षेत्र में शीतला सप्तमी का मेला भरा। जिसमें शहर व आसपास गांवों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मेलार्थियों ने मेले में सजी दुकानों पर खरीदारी की। श्रद्धालुओं ने शीतला माता को नारियल, गुड बासोड़े का भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। इस मौके कुम्हारवाड़ा, केशर विलास में गेर नृत्य का आयोजन किया गया। यहां पूर्व नरेश रघुवीरसिंह देवड़ा की उपस्थित में रामपुरा के ग्रामीणों ने गेर नृत्य किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। पूर्व नरेश देवड़ा ने भी रामपुरा के ग्रामीणों को होली की बधाई दी। शिवगंज, पेशुआ, पोसालिया, अरठवाड़ा, रोहिड़ा, कालंद्री, बरलूट, जामोतरा, भूतगांव आदि जगहों पर मेले लगे।











**सरुपगंज।** शीतला सप्तमी श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। पेशुआ में मेला भरा गया। जिसमें आसपास गांवों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं ने सवेरे शीतला माता मंदिर पहुंचा माता की पूजा अर्चना कर बास्योड़े का भोग लगाया। खासी भीड़ के चलते मां के दर्शन, पूजा-अर्चना व भोग लगाने के लिए अपनी बारी के इंतजार में लोगों को लम्बी कतार में लगना पड़ा। युवा व बच्चों ने झुलो का आनंद लिया। महिलाओं ने भोग लगाने के बाद शीतला माता की कथा सुनी। नितोड़ा, काछोली, खाखरवाडा, रोहिड़ा, वासा, भीमाणा, भारजा व वाटेरा में भी पूजन कर पर्व मनाया गया।



**आबूरोड।** अंचल में शीतला सप्तमी का पर्व शुक्रवार को परम्परागत तरीके से मनाया गया है। महिलाओं ने शीतला माता की पूजा-अर्चना की। माता को ठंडे भोजन का भोग लगाया। माता की कथा श्रवण की। इसके बाद एक दिन पहले बनाए गए भोजन को ग्रहण किया। पर्व के तहत कई मंदिरों में भजन संध्या के आयोजन किए गए। माता की कथा का श्रवण किया। उनकी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। परिजनों के लिए मंगलकामनाएं की। इसके बाद ठंडे भोजन को ग्रहण किया। पर्व के तहत बड़ी सब्जी मंडी, कुम्हार मोहल्ले, जूनी खराड़ी मंदिर, महावीर टॉकिज के समीप स्थित शीतला माताजी मंदिरों में भीड़-भाड़ रही। शहर समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी शीतला सप्तमी पर्व मनाया गया। इस दौरान पुरानी बड़ी सब्जी मंडी में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का आगाज गणेश वंदना से हुआ। भजन गायकों ने भजनों का गायन कर समां बांध दिया। मंदसोर के भजन गायक विष्णु परिहार ने छप्पन जोगनी रे मैय्या... बिगड़ी बना दे ए शेरो वाली..., जय जय राम जय श्रीराम... इंदौर की भजन गायिका हर्षिता कनोदिया ने बजरंगी बाला केसरिया लाला..., भक्तों को दर्शन दे गई..., काली कमली वाला... राजू भजनी ने होलिया मे उड़े रे गुलाल...भजन प्रस्तुत किया। देर रात्रि तक श्रद्धालु भक्ति सरिता में गोते लगाते रहे। भोर तक चली भजना संध्सा का मां शीतला माता की आरती से समापन हुआ। वहीं सुबह से ही शीतला माता की पूजा अर्चना के लिए मंदिर में महिलाओं का तांता लगा रहा।







**पोसालिया।** अरठवाड़ा में शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में मंदिरों में दर्शन किए। मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अरठवाड़ा समेत आस-पास के गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। महिलाओं ने पूजा अर्चना कर परिवार खुशहाली की कामना की। जिला मुख्यालय स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच सबसे ज्यादा भीड़ रही। डेढ़ दर्जन से अधिक आस पास के गांवों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर से आयुर्वेदिक अस्पताल तक सड़क के दोनों ओर खेल-खिलौनों की दुकानें लगी थी। साथ ही पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी। व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस मौजूद रही। सिविल ड्रेस में पुरुष और महिला कॉन्स्टेबल भी तैनात रहे। शिवगंज के नेहरू नगर मोहल्ले स्थित शीतला माता मंदिर में महिलाओं और बालिकाओं की लंबी कतार लगी। अरठवाड़ा गांव के मंदिर में पोसालिया, वैक्सीन, उथमन, पालड़ी, चुली छीबा, रुखाड़ा, जोयला, जोगापुरा और आल्पा सहित कई गांवों के श्रद्धालु पहुंचे।कालंद्री में सार्वजनिक तालाब के किनारे स्थित मंदिर में मेले का आयोजन किया गया। यहां मोहब्बत नगर, चडुवाल और वलदरा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। पिंडवाड़ा तहसील के पेशुवा गांव के मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर भोग लगाया और मन्नतें मांगी। सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए। इधर शक्ति माता चौक पर गैर नृत्य में आयोजन किया गया। मीणा समाज के लोगों ने भाग लिया। इसके अलावा ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी रही।



**कालंद्री।** शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर कस्बे के सार्वजनिक तालाब किनारे बने शीतला माता के मंदिर में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मंदिर में दर्शन किए और बासोड़ा का भोग लगाकर मंगल कामना की । शीतला माता मंदिर में सुबह 6.00बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। सुबह 8.00 से दोपहर 12.00 के बीच सबसे ज्यादा भीड़ रही। आसपास के गांव चड़ुआल, मोहब्बत नगर, वलदरा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। तालाब किनारे खेल खिलौने और खाने-पीने की बड़ी संख्या में दुकानें लगी थी। साथ ही छाया व पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी।







**पिण्डवाड़ा।** शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने बसोड़ा का भोग लगाया गया। लक्ष्मीनारायण साकदरा मे स्थित शीतला माता का मंदिर परिसर में लक्ष्मी नारायण सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से मेले का आयोजन किया गया। मंदिर में सवेरे से ही भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। मेले मे ट्रस्ट की ओर से स्वछता का संदेश दिया। पुलिस का भी सहयोग रहा। ट्रस्ट उपाध्यक्ष चुनीलाल पुरोहित, भूपेंद्र, अमृतलाल, शंकरलाल, उम्मेद, बलवंत, जितेन्द्र कुमार, महेंद्र, दीपक एवं शुभम ने व्यवस्था संभाली। तीर्थश्वर महादेव मंदिर मे भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। महादेव मंदिर के अध्यक्ष भगवानाराम प्रजापत और उनके कमेठी ने भक्तों के लिए चाय, पानी और प्रसादी आदि का सहयोग किया। सिवेरा रोड स्थित शीतलामाता मंदिर पर सुबह से ही लोगो का तांता लगा रहा। महिलाओं ने बास्योड़े का भोग लगाया। बच्चों ने मेले से खरीदारी की। मेले में पानी की व्यवस्था अशोक भाई सोनी द्वारा की गई थी ।





**जेकेपुरम।** जेके पुरम की लोडर कॉलोनी में शीतला माता मंदिर परिसर में गुरुवार रात को एक शाम शीतला माता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। उदयपुर से आए झांकी कलाकारों ने कई भगवानों की झांकी की प्रस्तुतियां दी। सभी मेहमानों का सम्मान किया। जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड प्लांट हेड राजेश केसवानी, विक्रमसिंह देवड़ा, जयसिंह राव, कानाराम, विक्रम, कालूराम, विराट, भीमसिंह, मुकेश, अजयराजसिंह, भंवरसिंह, कमलसिंह, कृपाराम, रूगाराम, गणेशाराम, सूरजसिंह, सुमेरसिंह, पारसमल, गुलाब, मानाराम, मनोज, अरविंद, राहुल, दीपक, नंदू पारस, विकास, घनश्याम, पत्रकार राकेश चंदेल, गोविंदराम का सहयोग रहा। सुबह शीतलामाता के मंदिर पर ठंडे भोजन का भोग लगाकर शीतला सप्तमी का त्यौहार मनाया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रमजान माह के तीसरे जुम्मे पर उमड़ी नमाजियों की भीड़



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** पवित्र माह रमजान का शुक्रवार को तीसरा जुम्मा होने के कारण मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी नजर आई। मौलाना सद्दीक अकबरी ने नमाज अदा करवाने के बाद सामूहिक रूप से अमन चैन की दुआ मांगी। मौलाना अकबरी ने अपनी तकरीर में कहा ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अपने गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। मौलाना ने कहा रोजा रखने के बाद इंसान को भूख का एहसास होता है। अपनी गलतियों के लिए सच्चे दिल से दुआ करते हैं। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करते है। कुरआन की तिलावत करते हैं।

### गौरैया को बचाने की मुहिम, घर घर लगाएंगे घोंसले



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** उपवन संरक्षक पी बालू मुरूगन के सानिध्य में लब्धि सेवा संस्थान की ओर से विश्व गौरैया दिवस पर परिंडे एवं गोरिया के घर बनाने का अभियान की शुरुआत की। प्रथम चरण में 500 घोंसले व परिंडे निःशुल्क वितरित किये जायेंगे। पंछियों की एक बड़ी खूबसूरत प्रजाति दिन पर दिन विलुप्त होती जा रही है। जिसकी सुरक्षा के लिए लब्धि सेवा संस्था ने बीड़ा उठाया है। इस संस्था की मनीषा दिओल ने बताया की गोरिया के लिए छोटे-छोटे बहुत सुंदर घर एवं खाने एवं पीने के लिए परिंडे बनाकर लोगों के घरों में लगा रहे हैं। गुरुवार को उप मुख्य वन संरक्षक ने इसकी शुरुआत वन विभाग में घोंसला व परिंडे लगा कर की। संस्थान के राजेंद्र सिंघी, शांतिलाल माली, बी श्रीकांत, वंदना मीना, हनवंतसिंह, जितेंद्र माली मौजूद थे।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जूनी खराड़ी में एक युवक ने गुरुवार देर रात को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शहर कोतवाल हरचंद देवासी ने बताया कि जूनी खराड़ी के छीपा मोहल्ले निवासी गुरमीत पुत्र लक्ष्मण सोलंकी ने गुरुवार देर रात को मकान के ऊपरी कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मर्ग दर्ज कर तहकीकात शुरु कर दी गई हैं।

### शराब तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया।रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत ने बताया कि शराब तस्करी के डेढ़ साल पुराने मामले में हरियाणा के चरखी दादरी जिले के माईखुर्द निवासी कैलाश शर्मा पुत्र धर्मपाल को गिरफ्तार किया। प्रकरण में वांछित आरोपी कैलाश शर्मा की करीब डेढ साल तक अलग-अलग टीम भेजकर गिरफ्तारी के प्रयास किए गए। लेकिन, आरोपी अपना घर छोडकर जगह बदलकर अलग-अलग जगहों पर रहने लगा था।

बेसना

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड रहा है हमारे सुसर



श्री मान गुलाब खान भाटी

पुत्र श्री मोहम्मद खान भाटी का इंतकाल दिनांक 18 मार्च 2025, मंगलवार को हो गया था। जिनका श्रद्धांजलि बेसना रविवार शाम छह बजे तक रखा गया है। सो सूचित रहे।

शोकाकुल परिवार

अशरफ भाटी संवाददाता बापू नगर धोरा, मंडार, पुत्र : वसीम भाटी, मोहसिन भाटी, समीर भाटी, अंकल इब्राहिम खान भाटी, हाजी कासम खान भाटी, सिकंदर खान भाटी, हाजी सफी मोहम्मद भाटी, भाई : शकूर भाटी, यासीन भाटी,मोबिन भाटी, अयूब भाटी, सलीम भाटी, मास्टर अब्बास भाटी, इनायत भाटी, जलाल भाटी, भांजे : तनवीर भाटी, आतिफ भाटी

एवं समस्त भाटी परिवार मंडार मो. 9414843538 9414449489

# सरकार मुक्त कराएगी वक्फ बोर्ड के कब्जे वाली जमीनें : बावनकुले

▸▸ वक्फ संशोधन बिल के विरोध पर राजनीतिक घमासान जारी

▸▸ देशभर में मुस्लिम संगठन इस बिल का कर रहे विरोध

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** वक्फ संशोधन बिल पर मचे घमासान के बीच महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि महाराष्ट्र में वक्फ बोर्ड ने जिन-जिन जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा किया है सरकार उसे मुक्त करने का काम करेगी। वक्फ बोर्ड को लेकर पूरे देश में सियासत गरम है। वक्फ बोर्ड ने राज्य की कई जमीनों पर अपना दावा ठोंका है। ऐसा ही दावा महाराष्ट्र के लातूर में भी सामने आया था। जहां, किसानों ने वक्फ बोर्ड पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। जिले के करीब 103 किसानों को वक्फ बोर्ड ने नोटिस भेजकर करीब 300 एकड़ जमीन पर अपना दावा ठोका है। इस मामले की सुनवाई महाराष्ट्र स्टेट वक्फ ट्रिब्यूनल में चल रही है। इसके अलावा मुंबई शहर समेत महाराष्ट्र के कई जिलों में इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं।



## वक्फ को कमजोर करना चाहती सरकार : मुस्लिम संगठन

"दूसरी ओर मुस्लिम संगठन वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध कर रहे हैं। संगठनों का कहना है कि सरकार इस बिल के जरिए वक्फ बोर्ड को कमजोर करना चाहती है। हाल ही में वक्फ बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने जंतर मंतर पर धरना भी दिया था। इस धरने में विपक्षी की कई राजनीतिक पार्टियों के नेता भी शामिल हुए थे।

## दिल्ली में 123 वक्फ बोर्ड की संपत्तियां

हैदराबाद से सांसद और एआईएमआईएम पार्टी के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी भी इस बिल के विरोध में है। उनका कहना है कि केंद्र का मकसद है कि देश में अमन-चैन को खत्म किया जाएगा। अवाम मंदिर मस्जिद के नाम पर लड़ते रहें। दिल्ली में 123 वक्फ बोर्ड की संपत्तियां। सरकार कहती है कि वो सरकारी संपत्ति है। इस बिल का मकसद मुस्लिमों की मस्जिद, मजार और संपत्तियों को छीनना है। ये गैर संवैधानिक और गैर कानूनी है।

## विधायक प्रवीण दटके का दावा

महाराष्ट्र के नागपुर में हुई हिंसा को लेकर नागपुर भाजपा विधायक प्रवीण दटके ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जांच बढ़ रही है, साजिश के तार बांग्लादेश से जुड़ रहे हैं। हिंसा में नागपुर के स्थानीय लोग नहीं बल्कि बाहरी लोग शामिल हैं। उन्होंने हिंसा और औरंगजेब के नाम पर गाड़ियां जलाई गईं।

# वर्ली में बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली इलाके में हिंट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां सड़क पर चल रहे 85 साल के बुजुर्ग बलराज परमानंद मेहरा को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गए।



घायल अवस्था में बुजुर्ग को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दादर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बलराज मेहरा (बिजनेसमैन) अपनी एक निजी प्रापर्टी देखकर पैदल ही घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया। दादर पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट चुकी है। बाइक चालक की पहचान यश नंदकुमार गावकर के रूप में हुई है जो मुंबई के वर्ली पुलिस कॉलोनी में रहता है। यश गावकर मुंबई पुलिस ने तैनात कॉन्स्टेबल का बेटा है। दादर पुलिस ने बाइक चालक की पहचान करने के बाद उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

## सीएम फडणवीस की इच्छा पूरी

# आगरा में बनेगा 'छत्रपति शिवाजी महाराज' का स्मारक

■ महाराष्ट्र सरकार ने जारी किया शासनादेश

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश में छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक बनाए जाने की इच्छा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जताई थी। इसको लेकर अब सरकार ने औपचारिक घोषणा कर दी है। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अब छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक बनेगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ये इच्छा जाहिर की थी। इसको लेकर महाराष्ट्र सरकार द्वारा शासनादेश (जीआर) जारी किया है। बीते दिनों एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि आगरा में जिस जगह पर छत्रपति शिवाजी महाराज को नजर बंद किया गया था, वहां छत्रपति शिवाजी महाराज का एक भव्य स्मारक बनना चाहिए। इस बात की औपचारिक घोषणा की गई है कि महाराष्ट्र सरकार आगरा में उस स्थान को अधिग्रहित करेगी, वहां पर छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक बनाया जाएगा। छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के लिए आराध्य देवता हैं। महाराष्ट्र के पर्यटन विभाग की तरफ से इस परियोजना के लिए आवश्यक निधि आवंटित की जाएगी।





## ताजमहल से ज्यादा लोग देखेंगे शिवाजी का स्मारक : फडणवीस

■ आगरा की एक जनसभा में 19 फरवरी 2015 को बोलते हुए फडणवीस ने कहा था, 'मां कसम एक बार यह (आगरा में) स्मारक बन गया तो आपके ताजमहल से ज्यादा लोग छत्रपति शिवाजी महाराज का यह स्मारक देखने आएंगे। नहीं आए तो मेरा नाम बदल देना, मेरा नाम देवेंद्र फडणवीस नहीं रहेगा।'

# शीतला माता को भोग लगाने मंदिरों में लगी लंबी कतार



सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** मुंबई में शुक्रवार को शीतला सप्तमी का पर्व हर्षोल्लाश से मनाया गया। इस दिन माता शीतला को ठंडा नेवैध चढ़ाकर ठंडा खाने की परंपरा है। इस दिन घरों में चूल्हे नहीं जलते है, इससे एक दिन पहले गुरुवार को मुंबई शहर में राधन छठ पर घर परिवार को शीतलता प्रदान कराने व निरोगी रखने की कामना को लेकर बास्योडा माता का बासी भोग बनाया गया। शुक्रवार सवेरे राजस्थानी महिलाएं सजधज कर भूलेश्वर,कालबादेवी के मंदिर में महिलाओं ने व्रत रखकर शीतला माता को बास्योडा का नेवैध का भोग लगा व कथा का श्रवण कर परिजनों को निरोगी रखने के साथ साथ सुख शांति की कामना की।



## नासिक में पीएम इंटर्नशिप योजना

# 763 इंटर्नशिप स्थान उपलब्ध

■ पांच सौ कंपनियां देंगी इंटर्नशिप

■ युवक/युवतियों के लिए सुनहरा अवसर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नासिक।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत, देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवकों/युवतियों को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक अनुभव देकर उन्हें उद्योग क्षेत्र में मूल्यवान एक्सपोजर प्रदान करना और रोजगार के अवसरों में सुधार करना है। नासिक शहर में 21 से 24 वर्ष की आयु के युवक/युवतियां इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता के रूप में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक आदि होना आवश्यक है। पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत, नासिक जिले में 763 इंटर्नशिप स्थान उपलब्ध हैं। इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने की होगी, जिसमें रु.5,000/- प्रतिमाह मानदेय, रु.6,000/- एकमुश्त लाभ तथा बीमा सुविधा भी प्रदान की जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया लाभार्थियों को स्वयं https://pminternship.mca.gov.in/login/ इस वेबसाइट पर जाकर 31 मार्च से पहले अपना पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण करते समय आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना अनिवार्य है। इस संबंध में आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। नासिक मनपा के उपायुक्त नितीन नेर ने सभी योग्य युवक/युवतियों से आह्वान किया है कि पीएम इंटर्नशिप योजना का अधिकाधिक लाभ उठाएं। अधिक जानकारी और मार्गदर्शन के लिए नासिक मनपा के एनयूएलएम कक्ष से संपर्क करें।

# दो करोड़ तीस लाख का हेरोइन पकड़ा

▸▸ छह फैक्ट्री कारीगर गिरफ्तार

**भायंदर।** मीरा भायंदर एंटी नारकोटिक्स सेल ने छह लोगों को गिरफ्तार कर दो करोड़ तीस लाख 74 हजार 300 रुपए का जखीरा बरामद किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने शहर को स्टॉक मुक्त करने के लिए पुलिस कमिश्नर मधुकर स्कैंडल की सलाह में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी छह लोगों को काशीमीरा परिसर से पकड़ा गया है।

सेल के पुलिस निरीक्षक सचिन कांबले को सूचना मिली कि एक होटल के पास स्थित प्रतिष्ठान की शुरुआत होने वाली है। पुलिस ने तौसीफ गौर, तैयब गौर और सोहेल गौर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उनके पास से कुल 1 करोड़ 30 लाख 74 हजार की 325.60 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। 20 मार्च को काशीगांव परिसर में पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान पाया गया कि तीन लोग वास्तविक स्थिति में हैं।

पुलिस ने पूछताछ की तो जगदीश कोहली के पास से 55 लाख 40 हजार कीमत की 277.80 ग्राम मेफेड्रोन, विजय चंद्रावत के पास से 25 लाख 20 हजार कीमत की 126 ग्राम हेरोइन और तीसरे मशहूर जफर शेख के पास से 108 ग्राम कीमत 21 लाख 60 हजार का नशीला पदार्थ बरामद हुआ।

# वाशी में 'मधुबन स्वीट्स' का शुभारंभ 24 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के वाशी क्षेत्र में सेक्टर 12 स्थित महावीर रत्न बिल्डिंग में मधुबन स्वीट्स का शुभारंभ 24 मार्च को सायं पांच बजे किया जाएगा। यह मिठाई की दुकान नवी मुंबई की सबसे बड़ी और भव्य मिठाई की दुकान होगी। इस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य गणेश नाईक, मुंबई के सांसद संजय दीना पाटिल और भारतीय अभिनेता व फिल्म निर्माता सोनू सूद विशेष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मधुबन स्वीट्स का उद्देश्य शुद्धता और स्वाद का संगम प्रस्तुत करना हैं। यहां पर पारंपरिक मिठाइयों के साथ-साथ आधुनिक स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध होंगे। दुकान में ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उद्घाटन के इस अवसर पर मधुबन स्वीट के एमडी मंगल राजपुरोहित ने क्षेत्र के नागरिकों, व्यवसायियों और मिठाई प्रेमियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है. "मधुबन स्वीट्स" नवी मुंबई के मिठाई प्रेमियों के लिए एक नई पहचान बनने जा रही है। आइए, इस विशेष अवसर का हिस्सा बनें और मिठास भरे लम्हों का आनंद लें।







■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

■ **कल्याण।** मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ के निर्देशानुसार तथा संपत्ति विभाग के उपायुक्त रमेश मिसाल के मार्गदर्शन में संपत्ति विभाग की सहायक आयुक्त सविता हिले ने संपत्ति विभाग के कर्मचारी दल की मदद से डोंबिवली (पूर्व) नेहरू रोड स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज सब्जी मंडई में रु. आठ लाख की बकाया राशि के चलते 10 गालों को सील करने की जोरदार कार्रवाई गुरुवार को की।

# जोधपुर एसो. मुंबई का होली स्नेह मिलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**मुंबई।** जोधपुर एसोसिएशन मुंबई द्वारा 15 मार्च को फ्लैग बैंक्वेट, लोखंडवाला, अंधेरी (पश्चिम) में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गजेंद्र भंडारी ने बताया कि रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मेहता, मानद सचिव अनंत सिंघवी, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र मेहता, पूर्व सचिव जे. पी. डागा, उपाध्यक्ष प्रदीप भंडारी, कोषाध्यक्ष मनीष मोहनोत, कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंघवी, राजेंद्र पुरोहित, अजय मेहता, मुकेश मेहता, विनेश सिंघवी, नरेश धूत, वीरेंद्र संचेती, अमृत मेहता, निर्मल चांडक एवं सदस्य दीपक लोढ़ा व शिनेष सिंघवी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, गणपति वंदना एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। एसोसिएशन की वेबसाइट का लोकार्पण अध्यक्ष डॉ. मनोज वी. मेहता, मानद सचिव अनंत सिंघवी, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंघवी एवं महेंद्र मेहता द्वारा किया गया। वेबसाइट की संपूर्ण जानकारी शैली तलेसरा ने सभी सदस्यों को प्रदान की। संगीत संध्या में गायक संजीव कुमार एवं गायिका प्रेमलता शुक्ला की टीम ने पुराने और नए गीतों से समां बांध दिया। नरेश धुत एवं अनन्त सिंघवी द्वारा प्रस्तुत नागिन डांस एवं सुनील जैन द्वारा प्रस्तुत डांस विशेष आकर्षण रहे। कार्यक्रम में जोधपुर शहर के विधायक अतुल भंसाली की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लक्की ड्रा का भी आयोजन किया गया। मानद सचिव अनंत सिंघवी ने सभी का धन्यवाद और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त कार्यकारिणी टीम का आभार व्यक्त किया।



▸▸ कार्यक्रम में जोधपुर शहर के विधायक अतुल भंसाली भी रहे मौजूद

## फाग महोत्सव का आयोजन कल

**मुंबई।** रावणा राजपूत समाज महिला संघ द्वारा सामूहिक होली उत्सव रविवार 23 मार्च को फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जैन देरासर गली, यूनिवर्सल हाई स्कूल, दफ्तरी रोड, मलाड (पूर्व), मुंबई स्थित कोशिश हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस फाग महोत्सव के दौरान सभी होली की रामा-श्यामा के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे है। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों-शोरों से की जा रही है।





फोटो-सुरेश पाड़ीव

## जणवा चौधरी समाज ने शिंदे से की मुलाकात

■ **मुंबई।** अखिल भारतीय जणवा चौधरी समाज रसोईया ग्रुप मुंबई के 30 मार्च को शिवड़ी में होने वाले महासम्मेलन को लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पुष्पगुच्छ देकर आमंत्रित करते सोनाराम चौधरी समेत अन्य समाज बंधु।



■ मुंबई। दक्षिण मुंबई के फणसवाडी स्थित गौरक्ष चाल राम मंदिर में दशा माता की कथा श्रवण करती महिलाएं।

# सुधारित नियमावली तैयार की जाए : फडणवीस

▸▸ तीर्थक्षेत्र विकास कार्यों के लिए ग्राम विकास एवं पर्यटन विभाग को निर्देश

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीर्थक्षेत्र विकास योजनाओं के लिए ग्राम विकास एवं पर्यटन विभाग को संशोधित नियमावली तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के महत्व को ध्यान में रखते हुए जिलों से समग्र प्रस्ताव प्रस्तुत किए जा सकें। विधान भवन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में तीर्थक्षेत्र विकास योजना पर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, ग्राम विकास मंत्री जयकुमार गोरे, मृदा एवं जल संरक्षण मंत्री संजय राठौड़, राज्य मंत्री इंद्रनील नाइक, राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, राज्य मंत्री योगेश कदम, संजय देशमुख, विधायक सईताई प्रकाश डहाके सहित विभिन्न देवस्थान मंदिरों के पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाली शिखर समिति ने वाशिम जिले के कारंजा शहर स्थित गुरु मंदिर तीर्थक्षेत्र के लिए 170 करोड़ रुपये तथा श्री संत सेवालाल महाराज पोहरादेवी तीर्थक्षेत्र विकास योजना के प्रकल्प 1 और प्रकल्प 2 के लिए कुल 723 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इन स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए संबंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई करें। इसके अलावा, नागपुर के नंदनवन ले-आउट स्थित लक्ष्मीनारायण और शिव मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास, नागपुर भांडेवाड़ी स्थित श्री मुरलीधर मंदिर तीर्थक्षेत्र का विकास तथा नागपुर शांतीनगर इतवारी रेलवे स्टेशन के पास स्थित कुत्तेवाला आश्रम का सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों को उच्च स्तरीय समिति ने मंजूरी दी है।



# वसई में युवक ने की आत्महत्या

▸▸ सिलेंडर से बंधा मिला शव

**नायगांव।** वसई के एक युवक द्वारा कार्बन मोनोऑक्साइड गैस सूंघकर आत्महत्या करने का अजीबोगरीब मामला बुधवार को सामने आया। युवक का नाम श्रेय अग्रवाल (27) है। बुधवार शाम को कामन के स्पेनिश विला इलाके में क्लस्टर नौ के एक बंगले में सिलेंडर से बंधा उनका शव मिला। वसई पूर्व इलाके में स्पेनिश विला में 'क्लस्टर 9' नामक बंगले में पिछले एक साल से श्रेय अग्रवाल (27) किराए पर रह रहा था। श्रेय की बहन ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को ईमेल के जरिए शिकायत की थी कि उसका भाई दो दिनों से लापता है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने उसके मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की गई तो वह वसई के कमान की ओर निकल गया। इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच ने नायगांव पुलिस को इसकी जानकारी दी। नायगांव पुलिस उसकी तस्वीर लेकर स्पेनिश विला बंगले पर पहुंची। यहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि वह पिछले एक साल से 'क्लस्टर 9' बंगले में रह रहा था। पुलिस जब बंगले में दाखिल हुई तो बंगला पूरी तरह से बंद था और वहां से दुर्गंध आ रही थी। दरवाजे पर ही अंग्रेजी में एक नोट मिला, जिसमें खतरे की चेतावनी दी गई थी। अंग्रेजी में लिखा थाः पूरे घर में कार्बन मोनोऑक्साइड फैला हुआ है और लाइट न जलाएं, नहीं तो धमाका हो जाएगा। घटना की गंभीरता को समझते हुए नायगांव पुलिस ने वसई विरार शहर महानगरपालिका फायर ब्रिगेड को बुलाया।

## नासिक मनपा की करदाताओं को चेतावनी

# बकाया न भरने पर संपत्ति होगी जब्त

**नासिक।** नासिक महानगरपालिका के संपत्ति कर विभाग ने कर संकलन के लिए ठोस कदम उठाए हैं, यह बात सोमवार को समीक्षा बैठक में स्पष्ट की गई। आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री के नेतृत्व में हुई इस बैठक में, कर बकाया रखने वाले संपत्ति धारकों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। नासिक मनपा के कर संकलन प्रयासों को गति देते हुए, जब्ती वारंट भेजे गए 87 नागरिकों द्वारा बकाया कर भरने की जानकारी सामने आई है। मनपा ने शहर के कर बकायादारों के विरुद्ध छह विभागीय अधिकारियों के माध्यम से कुल 426 जब्ती वारंट भेजे थे। इनमें से 87 नागरिकों ने कर भरकर बकाया की पूर्ति की है। शेष संपत्ति धारकों से अब तुरंत कर भरने का आह्वान किया गया है। खत्री ने स्पष्ट किया कि "जिन्होंने अब तक कर नहीं भरा है, उनकी संपत्ति जब्त करने के साथ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों को अपनी कर भुगतान की जिम्मेदारी पूरी करनी चाहिए, अन्यथा जब्ती की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा," ऐसी चेतावनी भी उन्होंने दी। बैठक में मार्च अंत तक जलपट्टी (वॉटर टैक्स) बकाया रखने वाले नागरिकों की सूचियाँ जांची गईं। इस संदर्भ में, बड़े बकायादारों के नल कनेक्शन काटने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में उपायुक्त (कर) अजित निकत सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। खत्री ने कहा, कर संकलन से मनपा की आय बढ़ती है जिससे नासिकवासियों के लिए मूलभूत सेवाएं उपलब्ध कराना संभव होता है, इसलिए सभी नागरिक कर भरने में सहयोग कर शहर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, ऐसा आह्वान आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री ने किया है।

## जैन संघ बेंगलुरू की नई कार्य समिति का गठन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सिरोही जैन संघ बेंगलुरू की नई कार्य समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर रमेश सिघंवी, उपाध्यक्ष मनीष हरण, सचिव राजेश कोठारी, संयुक्त सचिव अशोक हरण, कोषाध्यक्ष मनीष बाफना को नियुक्त किया गया। इसके अलावा चंद्रकांत तातेड़, आनंद शाहजी, कुलदीप बाफना, संजय कांगटानी, दिलीप भंडारी तथा अभिषेक कोठारी को सदस्य बनाए गए।

# कोसेलाव गोशाला में पक्षियों के लिए 21 परिंडे लगाए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** विश्व वानिकी दिवस पर जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के उद्देश्य को लेकर शु' वार को कोसेलाव गौशाला सेवा समिति एवं आयुष नर्सेज महासंघ के संयुक्त सहयोग से कोसेलाव गौशाला परिसर में 21 परिंडे लगाए गए। किसान नेता एवं कोसेलाव गोशाला सेवा समिति के अध्यक्ष हनुमान भाटी ने विश्व वानिकी दिवस पर जल,ज़ंगल और जमीन के संरक्षण पर महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी संरक्षकता पर बल दिया तथा गौशाला परिसर में पक्षियों के लिए 21 परिंडे लगाने पर आयुष नर्सिंग महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष योग शिक्षक ललित मेघवाल सुमेरपुर व कैलाश मालवीय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संघ द्वारा निस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा की प्रशंसा की। वरिष्ठ समाज सेवी नैनमल सोनी ने वन को संरक्षित रखने के लिए प्रयास पर जोर दिया। एडवोकेट जयंतीलाल जानी ने सुझाव दिया कि जल संरक्षण से ही जंगल को सुरक्षित रखा जा सकता हैं। भारतीय रेड ' ॉस सोसायटी के प्रवक्ता गिरीश शर्मा भाटून्द ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए विश्व वानिकी दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनके संरक्षण पर सुझाव दिया। योग शिक्षक आयुष नर्सिंग महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल ने इस कार्य' म को जारी रखते हुए उनके नियमित व्यवस्था का संकल्प लिया। कार्य' म को सफल बनाने में आयुष नर्सिंग महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल सुमेरपुर, कैलाश मालवीय, थानाराम भाटी, वागाराम देवासी, सोनी देवासी आदि का सहयोग रहा।



# शीतलाष्टमी आज, लगेगा बासोड़ा का भोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे में शीतला सप्तमी पर्व के अवसर पर आज सुबह अंबे माता मंदिर के निकट आयोजन किया जाएगा। देसूरी ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित इस उत्सव में राजस्थानी परंपरा अनुसार गेर नृत्य प्रतियोगिता और जनप्रतिनिधियों का सम्मान जैसे कई कार्यक्रम होंगे। ग्राम पंचायत सरपंच केसाराम, ग्राम विकास अधिकारी घीसाराम चौधरी और उपसरपंच भवानीसिंह राठौड़ ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्य' म की शुरुआत एक विशेष सभा से होगी, जिसमें भामाशाह, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। राजस्थानी लोक संस्कृति के पारंपरिक गेर नृत्य का आयोजन होगा। गेर नृत्य राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर का अहम हिस्सा है, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करेंगे। ग्राम पंचायत द्वारा पारंपरिक गैड (मिट्टी की गैड) फोड़ने की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में कई निशानेबाज भाग लेंगे, और विजेता प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत द्वारा इनाम और पारितोषिक प्रदान किए जाएंगे।

### इसी प्रकार

शीतला अष्टमी के मुख्य आयोजन के बाद, सभी गेरिए देसूरी थाना, वन विभाग, हवाला देसूरी और अन्य राजकीय स्थानों पर गैर नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इससे पूरे क्षेत्र में उत्सव और सांस्कृतिक उल्लास का माहौल रहेगा। गांव में शीतला अष्टमी के इस भव्य आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष.....

### पांच लाख के रिश्वत केस में....

वहीं, वे अब उससे नवंबर 2021 से फरवरी 2022 तक के चार माह के बकाया मंथली की रकम मांग कर रहे हैं। मेरे ऊपर मंथली देने का दवाब बना रहे हैं। अदालत ने कहा- शिकायतकर्ता ने 22 अप्रैल 2022 को एसीबी में शिकायत दी। जबकि याचिकाकर्ता का ट्रांसफर 13 अप्रैल को ही अलवर कलेक्टर के पद से जयपुर हो गया था। वहीं, याचिकाकर्ता 18 अप्रैल को ही अपने पद से रिलीव भी हो गया था। अदालत ने इन बातों को बनाया आधार-हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में अभियोजन पक्ष (एसीबी) को ठोस सबूत पेश करने होते हैं कि किसी सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए रिश्वत की मांग की है अथवा रिश्वत प्राप्त की है। इस मामले में ऐसा कोई स्पष्ट तथ्य नहीं है कि याचिकाकर्ता ने रिश्वत की कोई स्पष्ट मांग की हो। याचिकाकर्ता द्वारा रिश्वत लेने का भी कोई ठोस सबूत नहीं है। वहीं, याचिकाकर्ता के पास शिकायतकर्ता का ऐसा कोई भी काम लंबित नहीं था, जिसके लिए वह रिश्वत की मांग करे। एसीबी ने याचिकाकर्ता के खिलाफ ट्रैप की कार्रवाई भी नहीं की। वहीं, याचिकाकर्ता के कब्जे से भी कुछ बरामद नहीं हुआ।

### 18 भाजपा विधायक....

इसके पारित होने से मुख्यमंत्री का वेतन 75 हजार रुपए से बढ़कर 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह हो जाएगा। विधान परिषद के सभापति और विधानसभा अध्यक्ष का वेतन 75 हजार रुपए से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपए हो जाएगा। मंत्रियों का वेतन भी दोगुना होगा 20 मार्च को सरकार ने कर्नाटक विधानमंडल वेतन, पेंशन और भत्ते (संशोधन) विधेयक, 2025 और कर्नाटक मंत्रियों के वेतन और भत्ते (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी दी। इन विधेयकों के तहत मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सैलरी में 100 प्रतिशत बढ़ाई गई है। विधायकों के अलावा कर्नाटक मंत्री वेतन और भत्ता अधिनियम, 1956 में भी संशोधन किया गया है। इसके जरिए मंत्री का वेतन 60 हजार रुपए से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपए किया जाएगा। वहीं, सप्लीमेंट्री अलाउंस 4.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हो सकता है। अभी मंत्रियों को एचआरए के रूप में मिलने वाले 1.2 लाख रुपए बढ़कर 2 लाख रुपए हो सकते हैं। साथ ही विधायकों की मंथली सैलरी 40 हजार से बढ़कर 8 0 हजार हो जाएगी। मुख्यमंत्री की सैलरी 75 हजार से बढ़कर 1.5 लाख प्रति माह होगी। अन्य भत्ते जैसे हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) और संपत्ति भत्ते में भी बढ़ोतरी होनी है। यह फैसला विधानसभा में 21 मार्च को पारित हो गया, जिससे राज्य के खजाने पर सालाना लगभग 10 करोड़ का बोझ पड़ेगा। राज्य सरकार ने कहा कि विधायकों के खर्च बढ़ गए हैं और यह संशोधन 2022 में तय हर पांच साल में वेतन संशोधन की नीति के तहत किया गया है। हालांकि, विपक्ष और कुछ लोगों ने इसे जनता के लिए खजाना खाली होने के दावों के बीच नेताओं के लिए अनुचित लाभ बताया है।

### मुस्कान और साहिल को पुलिस....

पुलिस दोनों आरोपियों और टैक्सी चालक को लेकर जल्द उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जाएगी। जहां-जहां साहिल और मुस्कान रुके थे, वहां जांच करेगी और लोगों से पूछताछ करेगी। मुस्कान ने बुजुर्ग को पिता बनाकर स्टोर से नींद की दवा खरीदी- एसपी सिटी आयुष वि' म सिंह ने बताया- मुस्कान ने जहां से चाकू, ड्रम और दवाएं खरीदी थीं, गुरुवार को वहां-वहां पर पुलिस गई और दुकानदारों से पूछताछ की। मेडिकल स्टोर संचालक अमित जोशी के मुताबिक, मुस्कान दुकान पर एक बुजुर्ग को लेकर आई थी। उसने बुजुर्ग को अपना पिता बताया था। मैंने डॉक्टर का पर्चा देखने के बाद ही नींद की दवा दी थी। अब पुलिस उस बुजुर्ग को खोज रही है, जो दुकान में मुस्कान का पिता बनकर गया था। शिमला में मुस्कान और साहिल ने खुद को पति-प|ी बताकर होटल में कमरा लिया था, क्योंकि बिना पति-प|ी के होटल में कमरा नहीं मिल रहा था। पुलिस अब कैब चालक को साथ लेकर वहां-वहां जाएगी, जहां-जहां साहिल और मुस्कान गए थे। पूछताछ में सामने आया है कि सौरभ के खाते में छह लाख रुपए थे। उसे डर था कि कहीं वह ऑनलाइन ठगी का शिकार न हो जाए। उसने अपने बैंक खाते से रकम निकाल ली थी। जिसमें से कुछ रुपए अपने परिजन को दिए थे। जबकि एक लाख रुपए अपनी प|ी को दिए थे। यही पैसे लेकर मुस्कान मनाली गई थी। जब रुपए खत्म हो गए, तब दोनों मेरठ आ गए।

# किसानों को दिया तिल उत्पादन का प्रशिक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

सिरोही। कृषि विज्ञान केन्द्र में डॉ. बीआर अंबेडकर कृषि अनुसंधान केंद्र मंडोर के संयुक्त तत्वावधान में एआईसीआरपी ऑन तिल एवं रामतिल परियोजना के तहत उन्नत तकनीकों के माध्यम से तिल उत्पादन की क्षमता एवं गुणवत्ता में वृद्धि को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एसके खींची ने तिल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान और उनके प्रभावी नियंत्रण के बारे में बताया। उन्होंने किसानों को जैविक एवं समेकित कीट प्रबंधन तकनीकों का उपयोग करने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने केन्द्र पर लगी हुई प्रमुख इकाईयों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेट पीएन मिश्रा ने किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित कार्य' मों में निरंतर भाग लेने व कृषि में नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि अनुसंधान केंद्र मण्डोर के डॉ. राकेश चौधरी ने तिल की उन्नत किस्मों और उनके अनुकूल जलवायु परिस्थितियों पर जानकारी दी। उन्होंने बीज उपचार, बुवाई के समय एवं उचित फसल प्रबंधन तकनीकों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. दानसिंह ने तिल में पोषक तत्व प्रबंधन और उर्वरक उपयोग की वैज्ञानिक पद्धतियों पर चर्चा की। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. आरपीएस जैतावत ने तिल की कटाई, भंडारण एवं मूल्यवर्धन तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिले के 30 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्नत तिल उत्पादन तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों को तिरपाल, खुर्पी आदि इनपुट के रूप में वितरित किए गए। प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों ने तिल की नवीनतम प्रजातियों, जैविक खेती तकनीकों एवं तिलहन फसलों में आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर भी विशेष जानकारी दी।

# राज्य स्तरीय समान वार्षिक परीक्षा टाइम टेबल में संशोधन की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई ।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन् ने राज्य स्तरीय समान वार्षिक परीक्षा 2024-25 समय विभाग चक्र को छात्र व शिक्षक विरोधी बताते हुए विरोध जताया हैं। संघ के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश मेवाड़ा ने बताया की शिविरा पंचांग में 1 अप्रेल से विद्यालयों का प्रातः कालीन समय का है प्रावधान परंतु वार्षिक परीक्षा समय विभाग चक्र में इसका ध्यान नहीं रखा गया। समान वार्षिक परीक्षा 2024 - 25 का समय विभाग चक्र कक्षा 9 व 11 के लिए निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर द्वारा जारी किया गया हैं । इस समय विभाग चक्र में 24 अप्रैल से परीक्षाएं प्रारंभ होकर 8 मई तक चलेंगी। समय विभाग चक्र में दो पारी में परीक्षाएं आयोजित करने का समय विभाग चक्र जारी किया गया है । प्रथम पारी 9:30 बजे से 12:45 तक तथा दूसरी पारी 1:15 से 4:30 तक रखी गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी अजमेर ने बताया कि इस समय विभाग च' के जारी होते ही पूरे राज्य में शिक्षक समुदाय असमंजस की स्थिति में है क्योंकि शिविरा पंचांग अनुसार 1 अप्रैल से विद्यालयों का समय प्रातः कालीन होने का प्रावधान है। आज से पहले भी परीक्षाएं जब भी आयोजित की गई है प्रातः कालीन सत्र में भी परीक्षा आयोजित की गई है। आज जारी हुए समय विभाग चक्र में जहां 9:30 बजे से परीक्षा प्रारंभ करने की बात है और 4:30 बजे परीक्षा द्वितीय पारी की समाप्त होने की बात है यह भीषण गर्मी के मौसम में छात्र-छात्राओं व अध्यापकों सभी के लिए कष्टकारी होगा। गौरतलब है कि राजस्थान राज्य में अभी से गर्मी अपने तेवर दिखाना प्रारंभ कर चुकी है ऐसे में लगातार दोपहर के समय परीक्षा देना छात्र-छात्राओं के लिए भी उचित नहीं है और प्रथम पारी और द्वितीय पारी में लगातार 3 घंटे तक बैठा रहना काफी कष्टकारी होगा। ऐसा लगता है कि शिक्षा विभाग के शिक्षा अधिकारी राज्य की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में ना रखते हुए या शिविरा पंचांग का बड़ी बारीकी के साथ अध्ययन करें बिना समय विभाग च' का निर्माण कर रहे हैं । यही समय विभाग च' अगर प्रातः कालीन सत्र सुबह 7.30 से प्रारंभ करते तो दोपहर में दूसरी पारी समाप्त हो जाए तो उचित रहेगा। संघ ने वार्षिक परीक्षा के समय विभाग चक्र में परिवर्तन/संशोधन की मांग की हैं ।

## हर्षोल्लास से मनाई शीतला सप्तमी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** आमेट समेत ग्रामीण क्षेत्रों मे शुक्रवार को शीतला सप्तमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। राजमहल सहित होली थान, शनि महाराज, गांधी चौराहे, माई राम मंदिर, रेगर मोहल्ला, सेवकों का मोहल्ला, बड़ी पोल, खटीक मोहल्ला, मारु दरवाजा सहित अनेक मोहल्लों की महिलाएं सजधज कर अपने हाथों मे पूजन सामग्री लेकर मारू दरवाजा के पास माता मंदिर पहुंची। बीती रात को रतन बागवान, बाबूलाल कुमार, श्यामलाल सुथार, प्रहलाद माली, विकास प्रजापत, सुधांशु सोनी, विक्रमसिंह ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

प्रारूप-10

(नियम-6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी ( गैर कृषिक प्रयोजनार्थ ) नगरपालिका, सादड़ी**

क्रमांक/नपासा/कृ.भू.नि./2025/4833 **लोक सूचना** दिनांक:18.03.2025

श्री शंकरलाल पुत्र श्री मनरूपजी जाति-माली निवासी-राणकपुर रोड़ सादड़ी, तहसील-देसूरी, जिला पाली के मौजा ग्राम सादड़ी पटवार हल्का सादड़ी चक-1 खसरा सं. 6638/3248 रकबा 0.0160 हैक्टेयर भूमि का इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात्

| जिला एवं तहसील का नाम | मौजा ग्राम का नाम | हल्का एवं खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला-पाली, तहसील देसूरी | सादड़ी चक-1 | पटवार हल्का सादड़ी-1 खसरा संख्या 6638/3248 | रकबा 0.0160 हैक्टेयर भूमि |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम की धारा 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के अधीन आज दिनांक 18/3/25 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी )नगर पालिका सादड़ी**

## देसूरी नाल को लेकर रंग ला रहे है प्रयास

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** देसूरी की नाल को लेकर सांसद मेवाड़ के प्रयास अब धीरे-धीरे सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। वर्षो से उपेक्षित रही इस महत्वपूर्ण परियोजना पर अब ठोस कदम उठते नजर आ रहे हैं। सांसद मेवाड़ ने लगातार सरकार और संबंधित विभागों से समन्वय कर इस क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। शुक्रवार को सांसद महिमा कुमारी मेवाड और नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़ ने पाली-नाडोल-देसूरी-चारभुजा सड़क के विकास के लिए डीपीआर बनाने की मंजूरी देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का सभी क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। इस सड़क का विकास होने से मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी और यात्रियों को यात्रा में सुरक्षा मिल सकेगी।

**कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही**

एन.एच-62 सिरोही 307043, राजस्थान

(कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर)

**Krishi Vigyan Kendra, Sirohi**

N.H.-62 Sirohi (307043), Rajasthan (Agriculture University, Jodhpur)

Dr. S.K. Khinchi
Senior Scientist & Head

Mob. 9928821439
Email:pekvksirohi@yahoo.com

No. F()/KVK/Sirohi/2024-25/557 Date: 21/03/2025

**खुली निविदा सूचना**

कृषि विज्ञान केन्द्र सिरोही में वित्तिय वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न कार्यों / व्यवस्था करने के लिए प्रतिष्ठित एवं स्थापित फर्मो से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सामग्री के सामने कॉलम 6 में अंकित दिनांक को सुबह 11.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी।

| क्र.स. | कार्य/व्यवस्था | अनुमानित कीमत (लाखों में) | धरोहर राशि | प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि सुबह (11 बजे तक) | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मुर्गी संरक्षण हेतु लोहे के पिंजरे की आपूर्ति | 7.60 | 15200 | 500 | 24.03.2025 | JAU2425W-SOB00211 |
| 2. | कृषि उपकरणों की आपूर्ति हेतु खुली निविदा | 3.50 | 7000 | 500 | 24.03.2025 | JAU2425W-SOB00212 |

निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित शुल्क जमा करवा कर कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही से कार्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा नीचे अंकित वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है लेकिन निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा के साथ धरोहर राशि रोकड/डी.डी. जो प्रोग्राम कॉर्डिनेटर (Programme Coordinator) कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही के नाम से देय होगा, जमा करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत करनी होगी। प्राप्त निविदाएँ, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को सुबह 11.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की अनुमानित कीमतों में कमी या वृद्धि की जा सकती है। निविदा प्रपत्र व शर्त http:/sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर भी देखी जा सकती है। निविदा में संशोधन अथवा निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

**कार्यक्रम समन्वयम**

**जयपुर विकास प्राधिकरण**




जयपुर की प्राईम लोकेशन जगतपुरा में

जेडीए की सेन्ट्रल स्पाइन योजना स्थित


**व्यावसायिक भूखण्ड**

ई-नीलामी के माध्यम से खरीदने का सुनहरा अवसर


KEY PLAN




SITE PLAN




SITE PLAN




| भूखण्ड संख्या | साईज (वर्ग मीटर) | अमानत राशि (रुपये) | बोली प्रारम्भ करने की दर (प्रति व.मी.) | अमानत राशि जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | नीलामी की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| वाणिज्यिक प्लॉट नं. A/NC/1, A/NC/45 & A/NC/46 (Corner), Central Spine (Block-A), Jaipur | 2306.25 | 1,45,29,380 | 3,15,000 | 25.03.2025 11:00 AM | 26.03.2025 12:30 PM |
| वाणिज्यिक प्लॉट नं. No. A/NC/16, to A/NC/22 & A/NC/23 to A/NC/30 (Corner), Central Spine (Block-A), Jaipur | 8570.11 | 5,22,77,680 | 3,05,000 | 27.03.2025 11:00 AM | 28.03.2025 12:30 PM |

- बी.ए.आर. / एफ.ए.आर., अधिकतम ऊंचाई (मीटर) एवं अधिकतम आच्छादित क्षेत्र-नियमानुसार लागू होगा।
- बोली विस्तार : बोली लगाने का समय आगामी 5 मिनट के लिए बढ़ाया जा सकता है (बोली लगातार प्राप्त होने तक असीमित समय)। यदि इस बढ़ी हुई अवधि के भीतर कोई बोली प्राप्त नहीं होती है तो बोली स्वत: बंद हो जाएगी।

नीलामी के नियम व शर्तों के लिए विजिट करें ज.वि.प्रा. की वेबसाईट **www.jda.rajasthan.gov.in**

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें: **+91-9462 569 696**

Raj.Samwad/C/24/13671

इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

## सुविचार

ख़ुद को धोखे में मत रखो कभी, सच्चाई को अपनाओ। नहीं तो ज़िंदगी ख़त्म हो जाएगी और आपको पता ही नहीं चलेगा।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### रीयलिटी की धज्जियां उड़ातीं 'रील्स'

आजकल इंसान के जीवन में मोबाइल ने जीवनसाथी के बराबर की जगह बना ली है। सुबह उठकर सबसे पहले मोबाइल को इस तरह ढूंढा जाता है जैसे उसे गुडमॉर्निंग कहे बिना सुबह नहीं होगी और रात को इस तरह सिरहाने रखकर सोते हैं कि उसकी मौजूदगी के बिनी सुकून की नींद नहीं मिलेगी। वैसे तो मोबाइल में तरह-तरह के फीचर्स हैं लेकिन मोबाइल को हर उम्र अज़ीज़ बनाने में रील्स का बहुत बड़ा योगदान है। आज साल-दो साल के बच्चे से लेकर आंखों की आखिरी रोशनी तक इस्तेमान करने वाले बुजुर्ग तक को रील्स का नशा छाया हुआ है। और इसी के चलते आज हर गली-मोहल्ले में सोशल मीडिया इन्फ्ल्युएंसर की एक नई कौम पैदा हो गई है जो महज एक लाइक के लिए कुछ भी कर सकते हैं। कितने ही इन्फ्ल्युएंसर तो अपनी जान से भी हाथ धो बैठे हैं रील्स बनाने के चक्कर में। वे अपने धुन के इतने पक्के होते हैं कि वे न तो दिन देखते हैं न रात, न जगह देखते हैं न ही आसपास। उन्हें जब मौका और माहौल मिलता है वे शुरू हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में सामने आया है जब एक लड़की अचानक बीच बाजार में नाचने लगी। तभी वहां एक महिला पुलिसकर्मी आ गई। लेकिन वह जैसे ही लड़की ने शरीर में थोड़ी सी हरकत की ही थी कि उसे पुलिस ने पकड़ लिया। फिर आगे जो हुआ वह लड़की ने अपने पोस्ट में बताया। लड़की का यह वीडियो पोस्ट इस वक्त सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि लड़की रील बनाने के लिए बाजार में पहुंची हुई है। वह बीच बाजार जैसे ही रील बनाने के लिए अपना डांस शुरू करती है। वैसे ही उस लड़की को पुलिस ने पकड़ लिया और उसे साइड में आने को कहा। वायरल हो रहे इस वीडियो में डांस कर रही लड़की का नाम नंदिनी है। जो बीच बाजार अपने डांस वीडियो को शूट कर रही थी। तभी एक महिला पुलिस उसके पास आई और उसके डांस को रोक दिया। महिला पुलिस ने लड़की को अपने साथ चलने का इशारा किया। जिसके बाद लड़की अपना डांस बंद कर उस महिला पुलिस के पीछे-पीछे चल पड़ी। लड़की के साथ आगे क्या हुआ उस बारे में लड़की ने वीडियो में कमेंट कर बताया है। लड़की ने बताया कि उस महिला पुलिस ने उसे अपने साथ ले जाकर उससे कहा कि वह इस सार्वजनिक स्थान पर डांस करते हुए रील ना बनाए। जहां कई यूजर्स ने वीडियो पर कमेंट करते हुए पुलिस के इस कदम को बिल्कुल सही ठहराया। वहीं, कुछ अन्य लोगों ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लड़की की खूब खिल्ली उड़ाई। वैसे ये कोई पहली घटना नहीं है, ऐसी हरकत करते लोग यहां वहां मिलना अब कोई आश्चर्य की बात नहीं रह गई है। लेकिन रील्स के चलते अपनी रीयल लाइफ को खतरे में डालना समझदारी नहीं है।

## औरंगजेब के लिए रोने वाले
# दारा शिकोह को भूल जाते



मनोज वार्ष्णेय

मुस्लिम बुद्धिजीवियों का एक तबका इन दिनों शिकायत कर रहा है कि औरंगजेब के साथ अन्याय हो रहा है, जो कि समूचे मुस्लिम समुदाय का अपमान है। लेकिन मुस्लिम बुद्धिजीवियों का यही तबका भूले से भी कभी दारा शिकोह को नहीं याद करता। जबकि दारा शिकोह की शख्सियत में एक भी बर्बरता या अन्याय का दाग नहीं है। उलटे खुद दारा शिकोह औरंगजेब की जिस बर्बरता और क्रूरता का शिकार हुआ, उस पृष्ठभूमि में तो मुस्लिमों को सहिष्णु दारा शिकोह के प्रति सहानुभूति और क्रूर औरंगजेब के लिए घृणा होनी चाहिए।

इमेज

औरंगजेब अपनी क्रूरता और धार्मिक कट्टरता के कारण इतिहास में एक विवादस्पद शख्सियत के रूप में मौजूद है। अपने पूरे शासनकाल में उसने जो भी निर्णय किए,उनमें अधिकांश में उसकी क्रूरता की झलक साफ नजर आती है। पिता शाहजहां को कैद में रखने, भाई दारा शिकोह को मरवाकर उसका सिर अपने पिता को पेश करने, जजिया कर फिर से लागू करने, दक्कन में शरिया कानून लागू करने, ये सब उसके कुछ ऐसे निर्णय हैं, जिसमें उसकी कार्यप्रणाली, सत्ता के प्रति लालच, क्रूरता और घमंड साफ नजर आता है। हिंदू मंदिरों को तुड़वाने में जितना नाम उसका लिया जाता है, उतना किसी दूसरे आक्रांता का नहीं। औरंगजेब शाहजहां का वह बेटा था, जिसे हर कीमत पर सत्ता चाहिए थी। उसने इसे हथिया भी लिया और राह में उसका सगा भाई दारा शिकोह कभी रोड़ा न बन सके, इसलिए उसकी नृशंस तरीके से हत्या भी करवा दी। लेकिन यह कितनी बड़ी क्रूर विडंबना है कि जिस बहशी औरंगजेब ने दारा शिकोह का क्रूरता पूर्वक सिर कटवाया उसे तो मुस्लिम अपने जातीय गौरव के रूप में याद रखना चाहते हैं, लेकिन जिस दारा शिकोह ने इंसानियत को गर्वित किया उसका नाम भी नहीं लेना चाहते। हिंदुओं की आस्था के प्रतीक मंदिरों को तुड़वाने वाले बर्बर औरंगजेब का समूचा शासनकाल ही विवादस्पद है। तीन मार्च 1707 को महाराष्ट्र के अहमदनगर में उसकी मृत्यु हो गई। उसके पार्थिव शरीर को औरंगाबाद स्थित खुल्दाबाद में दफनाया गया। जिस जगह उसे दफनाया गया, वह स्थान एक कच्ची मजार के रूप में है। इतिहासकार और औरंगजेब के चाहने वालों के अनुसार मुगल बादशाह औरंगजेब ने खुद ही कहा था कि- मेरी कब्र खुले में और कच्ची रखी जाए तथा जितने पैसे उसने टोपी आदि सिलकर कमाए हैं, उसी में से उसे बनाया जाए। अब उसी कब्र को जब महाराष्ट्र में हटाने की बात हुई तो नागपुर में दंगा हो गया और दंगे के पीछे अफवाह ने जोरदार काम किया। प्रश्न यह है कि जब इतिहास चीख-चीखकर कह रहा है कि औरंगजेब एक बर्बर शासक था तो उसके नाम पर दंगे करके




तथा गंगा-जमुनी तहजीब को तहस-नहस करके मुस्लिम आखिर क्या सिद्ध करना चाहते हैं? औरंगजेब के प्रति सहानुभूति भी रखने का मतलब है, अन्याय और क्रूरता के प्रति सहानुभूति रखना। आखिर उस बर्बर शासक को मुस्लिम बुद्धिजीवी इतना महत्व क्यों दे रहे हैं, जिस क्रूर शासक पर मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मस्थली को तुड़वाकर मस्जिद बनवाने, काशी-विश्वनाथ मंदिर को तुड़वाकर ज्ञानवापी मस्जिद बनवाने आदि का आरोप है? औरंगजेब के शासनकाल में मंदिरों को तोड़े जाने के पीछे जो सबसे बड़ा कारण इतिहासकार मानते हैं, वह यह है कि यह मुगल शासक पूरे भारत में इस्लाम का परचम फहराना चाहता था। यूं अगर देखा जाए तो इसके पीछे आर्थिक और राजनैतिक कारण भी रहे हैं। मंदिरों को तोड़े जाने से जो भेंट-पूजा में आया धन था उसे लूटकर खजाना समृद्ध करने के अतिरिक्त, रियाया को महंगाई सहित दूसरे मुद्दों से भटकाने के लिए भी इस तरह की कारगुजारियां होती रही हैं। औरंगजेब को थोड़ी देर के लिए अलग रखें तो उत्तर प्रदेश के संभल में भी नागपुर जैसी ही मानसिकता है। यहां पर एक मस्जिद तथा मंदिर के बीच का विवाद कई महीनों से चल ही रहा है और जब इसकी पड़ताल की गई तो पता चलता है कि यहां पर भी बर्बरता को ही महिमा मंडित किया जाता रहा है। संभल में वर्षों से नेजा मेला लगता रहा। बताया जाता है कि यह मेला सैयद सालार मसूद गाजी के नाम पर होता है। गाजी पर भी लूटमार और कत्लेआम करने के आरोप तो हैं ही उसे भी औरंगजेब की तरह क्रूरता के लिए जाना जाता है। सैयद सालार मसूद गाजी को, महमूद गजनवी के भांजे और सेनापति के रूप में जाना जाता है। महमूद गजनवी भारतीय महाद्वीप में आतंक मचाने के लिए कुख्यात रहा है। उसने भी सोमनाथ सहित दूसरे मंदिरों को तोड़ने में कोई कसर नहीं रखी थी। इतिहास में जब यह सब विदित है तो इन आक्रांताओं को महिमा मंडन के लिए चुना जाने का क्या उदेश्य है? जब नागपुर में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा इसी महीने में है तो इस तरह के दंगे किस बात की ओर इशारा कर रहे हैं? केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने एक बयान में कहा है कि किसी व्यक्ति का मूल्य जाति, धर्म, भाषा या लिंग के बजाय उसके गुणों से निर्धारित होना चाहिए। जो लोग औरंगजेब को महिमा मंडित कर रहे हैं, क्या ऐसे लोग उसे आज के समय देश-धर्म के लिए उचित ठहराएंगे? यह प्रश्न उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि आज से कुछ वर्ष पहले औरंगजेब के भाई दारा शिकोह की कब्र की तलाश के पीछे की राजनीति का था। यह बात भी ध्यान रहे कि वर्ष 2017 में राजधानी दिल्ली के डलहौजी मार्ग का नाम बदलकर दारा शिकोह रोड कर दिया गया। दारा शिकोह को हिंदू-मुस्लिम एकता तथा भाईचारे के लिए जाना जाता रहा है तथा वह अपनी प्रजा की धार्मिक भावना का पूरा सम्मान करते थे, जबकि इसके विपरीत औरंगजेब धार्मिक क्रूरता के लिए पहचाने जाना वाला मुगल शासक था। यदि हम औरंगजेब को महत्व देकर उसकी कब्र के लिए दंगा करने की बात करते हैं तो क्या कारण है कि दारा शिकोह जिसे मुस्लिम समुदाय में हिंदुओं के धार्मिक ग्रंथों का बेमिसाल बादशाह माना जाता है उसका अनुसरण क्यों नहीं करते? आज जब हम इतिहास की गलतियां, सुधारने के लिए आगे आ रहे हैं तो राजनैतिक लाभ-हानि से ऊपर उठकर कट्टरता को महिमा मंडित करने के स्थान पर उस धर्म को अपनाने की जरूरत है जो सर्वधर्म समभाव के भाव का प्रेरक है। हां, फिल्म छावा से आरंभ हुए इस विवाद को एक इतिहास के तरीके से ही लिया जाए तो शायद उतनी बड़ी यह समस्या नहीं बनती जितनी कि गजनवी-औरंगजेब को एक रहनुमा के तौरपर पेश करने से बनी है। हमें इतिहास से सबक लेकर आगे बढ़ने की राह तलाशनी होगी।

## पंचांग

शनिवार, 22 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| ● विक्रम संवत् | - 2081 |
| ● शक संवत् | - 1946 |
| ● ऋतु | - वसंत |
| ● माह | - चैत्र |
| ● पक्ष | - कृष्ण |
| ● तिथि | - अष्टमी 29.24 तक |
| ● वार | - शनिवार |
| ● नक्षत्र | - मूल 27.24 तक |
| ● योग | - व्यतिपात 18.36 तक |
| ● करण | - बालव 16.59 तक |
| ● सूर्योदय | - 06.42 (मुंबई) |
| ● सूर्यास्त | - 06.48 (मुंबई) |
| ● सूर्योदय | - 06.42 (भीनमाल) |
| ● सूर्यास्त | - 06.53 (भीनमाल) |
| ● चंद्र राशि | - धनु |
| ● अभिजित् मुहूर्त | - 12.21 से 13.09 |
| ● राहु काल | - 09.43 से 11.14 |
| ● व्रत, त्यौहार | - शीतलाष्टमी, केसरियाजी मेला मेवाड़, कालाष्टमी, भारतीय चैत्र मासारंभ, शक 1947 प्रारंभ, ऋषभदेव जन्म दीक्षा वर्षी तप प्रारंभ |
| ● दिशा शूल | - पूर्व |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु को वरदान से पुत्र की प्राप्ति

भारतीय पौराणिक कथाओं में अनेक देवी-देवताओं और उनके लीलाओं का वर्णन मिलता है। इन्हीं में से एक है भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के पुत्र एकवीर की कथा। यह कथा जितनी रोचक है उतनी ही प्रेरणादायक भी है। भगवान विष्णु ने किसी कारणवश अपनी प्रिय पत्नी लक्ष्मी को घोड़ी होने का श्राप दे दिया था। श्राप के कारण मां लक्ष्मी को अश्व रूप में पृथ्वी पर रहना पड़ा। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव की आराधना की।

देवी भागवत पुराण के अनुसार एक समय भगवान विष्णु ने किसी कारणवश अपनी प्रिय पत्नी लक्ष्मी को श्राप दे दिया था। श्राप के कारण मां लक्ष्मी को अश्व रूप में पृथ्वी पर रहना पड़ा। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव की आराधना की। भगवान शिव ने उन्हें वरदान दिया कि वे फिर से भगवान विष्णु के पास लौटेंगी और उनसे पुत्र प्राप्त करेंगी। समय आने पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का मिलन हुआ और उन्हें एक तेजस्वी पुत्र प्राप्त हुआ, जिनका नाम एकवीर रखा गया। कुछ कथाओं में यह भी वर्णन है कि एकवीर का जन्म यमुना और तमसा नदी के संगम पर हुआ था।

**राजा हरिवर्मा ने किया पालन-पोषण**

एक अन्य कथा के अनुसार जब एकवीर का जन्म हुआ तो भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी उन्हें जंगल में ही छोड़कर चले गए। उसी समय राजा हरिवर्मा नामक एक धर्मात्मा राजा संतान प्राप्ति के लिए भगवान विष्णु की तपस्या कर रहे थे। भगवान ने उन्हें दर्शन दिए और कहा कि वे एकवीर को अपना पुत्र मानकर लें। राजा हरिवर्मा जंगल गए और उन्होंने एकवीर को पाया। वे उन्हें अपनी राजधानी ले गए और उनका पालन-पोषण अपने पुत्र की तरह किया।

**एकवीर का विवाह और राज्याभिषेक**

राजा हरिवर्मा ने एकवीर को सभी प्रकार की शिक्षाएं दीं और जब वे बड़े हुए तो उनका विवाह राजा रैभ्य की पुत्री यशोमती से कराया गया। इसके बाद राजा हरिवर्मा, एकवीर को राजा बनाकर स्वयं वन में तपस्या करने चले गए। यह कथा विभिन्न पुराणों और लोक कथाओं में भिन्न-भिन्न रूपों में पाई जाती है, लेकिन इसका मूल संदेश यही है कि भगवान की कृपा सदैव अपने भक्तों पर बनी रहती है।

## तारीख विशेष

### विश्व जल दिवस

'विश्व जल दिवस' मनाने की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1992 के अपने अधिवेशन में 22 मार्च को की थी। 'विश्व जल दिवस' की अंतरराष्ट्रीय पहल 'रियो डि जेनेरियो' में 1992 में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (यूएनसीईडी) में की गई थी, जिस पर सर्वप्रथम 1993 को पहली बार 22 मार्च के दिन पूरे विश्व में 'जल दिवस' के मौके पर जल के संरक्षण और रख-रखाव पर जागरुकता फैलाने का कार्य किया गया। '22 मार्च' यानी कि 'विश्व जल दिवस', पानी बचाने के संकल्प का दिन है। यह दिन जल के महत्व को जानने का और पानी के संरक्षण के विषय में समय रहते सचेत होने का दिन है। आंकड़े बताते हैं कि विश्व के 1.5 अरब लोगों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। प्रकृति इंसान को जीवनदायी संपदा जल एक चक्र के रूप में प्रदान करती है, इंसान भी इस चक्र का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। चक्र को गतिमान रखना प्रत्येक व्यक्ति की ज़िम्मेदारी है। इस चक्र के थमने का अर्थ है, जीवन का थम जाना। प्रकृति के ख़ज़ाने से जितना पानी हम लेते हैं, उसे वापस भी हमें ही लौटाना है। हम स्वयं पानी का निर्माण नहीं कर सकते। अतः प्राकृतिक संसाधनों को दूषित नहीं होने देना चाहिए और पानी को व्यर्थ होने से भी बचाना चाहिए। 22 मार्च का दिन यह प्रण लेने का दिन है कि हर व्यक्ति को पानी बचाना है। यदि हम भारत की बात करें तो देखेंगे कि एक तरफ दिल्ली, मुंबई जैसे महानगर हैं, जहां पानी की किल्लत तो है, किंतु फिर भी यहां पानी की समस्या विकराल रूप में नहीं है। लेकिन देश के कुछ ऐसे राज्य भी हैं, जहां आज भी कितने ही लोग साफ़ पानी के अभाव में या फिर रोग जनित गन्दे पानी से दम तोड़ रहे हैं। राजस्थान, जैसलमेर और अन्य रेगिस्तानी इलाकों में पानी आदमी की जान से भी ज्यादा कीमती है। पीने का पानी इन इलाकों में बड़ी कठिनाई से मिलता है। कई-कई किलोमीटर चल कर इन प्रदेशों की महिलाएँ पीने का पानी लाती हैं। इनकी ज़िंदगी का एक अहम समय पानी की जद्दोजहद में ही बीत जाता है। विश्व की बढ़ती हुई जनसंख्या तथा औद्योगिक विकास ने दूषण में बढ़ोतरी की है, जिससे अब स्वच्छ जल की मांग और भी बढ़ गई है।

## विकसित रेल-विकसित भारत (भाग-2)
# "विश्व स्तरीय" से "श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ"




एम. जमशेद

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और बढ़ती वैश्विक मान्यता के माध्यम से, भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जो व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हाइपरलूप प्रणाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिससे एक तकनीकी महाशक्ति के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। यहां तक कि चीन ने भी 'मेक इन इंडिया' पहल को अपनाया है, जिसमें सीआरआरसी इंडिया बैंगलोर मेट्रो के लिए स्थानीयकरण प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। चीनी फर्म मेट्रो कोचों के 75% से अधिक स्थानीय निर्माण को प्राप्त कर रही है, जिसमें 50% सामग्री भारत से प्राप्त की जाती है। सीआरआरसी का लक्ष्य भविष्य की परियोजनाओं में स्थानीयकरण को 90% तक बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, सीआरआरसी के लिए खुद को वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करके, यह सुविधा पश्चिम एशिया और अफ्रीका को निर्यात ऑर्डर संभालने के लिए तैयार है। जापान के साथ बुलेट ट्रेन रोलिंग स्टॉक आपूर्ति सौदों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं भारत ने पहले ही हाई-स्पीड ट्रेनों के घरेलू विनिर्माण की शुरुआत कर दी है। रोलिंग स्टॉक से परे, ऑस्ट्रियाई कंपनी प्लासर एंड थ्योरर की सहायक कंपनी प्लासर इंडिया अपनी ट्रैक मशीनों के साथ रेलवे रखरखाव और निर्माण को बदल रही है।

पीढ़ियों को भारतीय रेलवे जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए भी अपेक्षाएं कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, 2014 के बाद सरकार के फोकस ने विकास और बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रति एक दृढ़ प्रगतिशील और प्रेरक दृष्टिकोण अपनाया है। आधुनिक भारत एक ऐसे राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर का हकदार है जो नवाचार की कमी और रूढ़िवादी अंतर्मुखी एजेंडे से मुक्त हो। यह प्रगति आवश्यक रेलवे घटकों के लिए उच्च स्तर के स्थानीयकरण को बनाए रखते हुए और विनिर्माण सुविधाओं को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाते हुए हासिल की गई है। हालांकि वंदे भारत ट्रेनें और उनके वेरिएंट काफी ध्यान आकर्षित करते हैं, लेकिन भारतीय रेलवे की प्राथमिकताओं में गहराई से जाने पर कई अन्य क्षेत्रों में पर्याप्त प्रयास सामने नजर आते हैं।

भारत अब आने वाले महीनों में दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने के लिए तैयार है। इन 1,200-हॉर्सपावर (एचपी) इंजनों के विकास की तुलना ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा से की जा सकती है, जिसने भारत को परमाणु महाशक्ति के रूप में वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया। उल्लेखनीय रूप से, भारत अब इस मामले में अग्रणी है, और "विकसित" देशों से कहीं आगे निकल गया है, जो अभी भी शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, जर्मनी की TUV-SUD ने भारत की हाइड्रोजन ट्रेनों का तीसरे पक्ष से ऑडिट कराया है। दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परीक्षण सुविधा की स्थापना के साथ, भारत भविष्य के परिवहन में वैष्विक नेतृत्व के रूप में उभर रहा है। दिसंबर 2024 में 422 मीटर का परीक्षण ट्रैक सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, देश अब हाइपरलूप यात्रा की व्यावसायिक व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए लगभग 50 किलोमीटर का परीक्षण ट्रैक बनाने की तैयारी कर रहा है। एलन मस्क समर्थित स्विसपॉड और फ्रांस की SYS-TRA के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और बढ़ती वैश्विक मान्यता के माध्यम से, भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जो व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हाइपरलूप प्रणाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिससे एक तकनीकी महाशक्ति के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। यहां तक कि चीन ने भी 'मेक इन इंडिया' पहल को अपनाया है, जिसमें सीआरआरसी इंडिया बैंगलोर मेट्रो के लिए स्थानीयकरण प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। चीनी फर्म मेट्रो कोचों के 75% से अधिक स्थानीय निर्माण को प्राप्त कर रही है, जिसमें 50% सामग्री भारत से प्राप्त की जाती है। सीआरआरसी का लक्ष्य भविष्य की परियोजनाओं में स्थानीयकरण को 90% तक बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, सीआरआरसी के लिए खुद को वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करके, यह सुविधा पश्चिम एशिया और अफ्रीका को निर्यात ऑर्डर संभालने के लिए तैयार है। जापान के साथ बुलेट ट्रेन रोलिंग स्टॉक आपूर्ति सौदों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं भारत ने पहले ही हाई-स्पीड ट्रेनों के घरेलू विनिर्माण की शुरुआत कर दी है। रोलिंग स्टॉक से परे, ऑस्ट्रियाई कंपनी प्लासर एंड थ्योरर की सहायक कंपनी प्लासर इंडिया अपनी ट्रैक मशीनों के साथ रेलवे रखरखाव और निर्माण को बदल रही है। उनके स्थानीय विनिर्माण प्रयास वैश्विक निर्यात का समर्थन करते हुए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। भारतीय रेलवे ने अपनी 'बीबीआईएन पहल' के तहत न केवल दक्षिण एशिया को रेल से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम शुरू किया है, बल्कि पूर्व में अपनी 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत भारत को आसियान से जोड़ने की भी योजना बनाई है और 'आईएमईसी पहल' के तहत यह भारत को रेल-समुद्र-रेल कॉरिडोर के जरिए यूरोप से जोड़ने की योजना बना रही है। इसके सार्वजनिक उपक्रम रोलिंग स्टॉक, ट्रैक इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों का निर्यात कर रहे हैं और कई एशियाई और अफ्रीकी देशों में परामर्श प्रदान कर रहे हैं। अपनी नई रेलगाड़ियों, आधुनिक स्टेशनों, तेज गति, डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और हाई स्पीड नेटवर्क के साथ, भारतीय रेलवे अब एक प्रमुख विश्व स्तरीय रेलवे प्रणाली है और इसकी कहानी ऐसी है जिसे भारत अन्य देशों तक ले जा सकता है, जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय विकास को बढावा देने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका का पूरी तरह से लाभ नहीं प्राप्त किया है। विकसित रेल-विकसित भारत का आदर्श वाक्य भारतीय रेलवे के लिए 2047 तक बिना किसी इंतजार के और परिवर्तन का गवाह बनना है - यह भारत के लिए और भारत के साथ एक सतत यात्रा है, जिसमें प्रतिदिन रिकॉर्ड, प्रगति और विकास के मील के पत्थर स्थापित किए जा रहे हैं।

**(लेखक सीआरएफ में प्रतिष्ठित फेलो और रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य ट्रैफिक हैं)**




## गीता सार

**प्रलपन्विसृजन्गृह्णन्नुन्मि-षन्निमिषन्नपि।**
**इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु वर्तन्त इति धारयन्॥**
**ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः।**
**लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा॥**

**हिंदी अर्थ –**

बोलते हुए, त्यागते हुए, ग्रहण करते हुए तथा आंखों को खोलते-बंद करते हुए भी, सब इन्द्रियां ही अपने -अपने कार्यों में लगी है, ऐसा धारण करे। जो पुरुष आसक्ति रहित होकर सब कर्मों को ब्रह्म द्वारा होने वाला जानकर करता है, वह पाप से उसी प्रकार लिप्त नहीं होता जैसे जल से कमल का पत्ता।

## बोले तो...



10 साल पहले जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों का महिमामंडन होता था, जनाजों का जुलूस निकाला जाता था। हमारे समय में भी आतंकवादी मारे गए और ज्यादा मारे गए, लेकिन किसी के जनाने का जुलूस नहीं निकाला गया। जो आतंकवादी जहां मारा जाता है, वहीं दफना दिया जाता है।

– अमित शाह



कर्नाटक में सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत ठेके मुसलमानों को दिए जाएंगे। यह आरक्षण कर्नाटक सरकार ने राहुल गांधी के कहने पर मुसलमानों को दिया है। अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी और एसटी वर्ग के लोगों को कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह गैर संवैधानिक है।

– संबित पात्रा



राजनीतिक व्यवस्थाओं ने मुझे फुटबॉल की तरह फेंका है, क्योंकि वे मेरे साहित्यिक और वैश्विक दृष्टिकोण के कारण अपनी सीमाओं के भीतर मेरी उपस्थिति से असहज महसूस करते थे। अपने जीवन के इस पड़ाव पर, मैं अब और इधर-उधर भटकना नहीं चाहती।

– तसलीमा नसरीन

## कुछ अलग | अजब गजब

# एक ऐसी खतरनाक सड़क, जहां की यात्रा में कमजोर दिलवालों को आ जाएगा हार्ट अटैक

अगर कोई अच्छे से गाड़ी चलाना जानता हो तो उसे सड़क पर डरने की जरूरत नहीं होती। अपनी सूझबूझ से लोग बड़ी आसानी से गाड़ी चला सकते हैं। पर दुनिया में कुछ सड़क ऐसी भी हैं, जो इतनी खतरनाक हैं कि वहां एक्सपर्ट से एक्सपर्ट ड्राइवर भी डर जाएगा और उसकी सांस अटक जाएगी! आज हम आपको एक ऐसी ही सड़क के बारे में बताने जा रहे हैं जो तुर्की में है। यहां अगर कोई कमजोर दिल वाला गाड़ी चलाए, तो उसे हार्ट अटैक ही आ जाए! ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के अनुसार पूर्वी तुर्की में ऑफ और बेबर्ट नाम के दो शहरों को एक सड़क जोड़ती है जो 105 किलोमीटर लंबी है। इसका नाम है D915। इस सड़क को दुनिया की सबसे खतरनाक सड़क माना जाता है। ये सड़क तुर्की के नॉर्थ-ईस्ट एंटोलिया प्रांत को काले सागर से जोड़ती है। इस सड़क पर कई मुश्किल मोड़ हैं जिसमें गाड़ी चलाना काफी मुश्किल है।

**सड़क का इतिहास**

इस सड़क का इतिहास 1916 से जुड़ा है जब रूसी सेना ट्रैबजॉन नाम के शहर पर कब्जा किया था। उस वक्त सेना ने हाथों से इस्तेमाल किए जाने वाले औजारों से इस सड़क का निर्माण किया था। उस वक्त सड़क के दोनों ओर कुछ भागों पर डामर बिछा दिया गया था, मगर अधिकांश भाग अभी भी ढीली बजरी से बना हुआ है। शुरू-शुरू में तो सड़क आपको



खतरनाक नहीं लगेगी मगर जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे और डामर की जगह आपको बजरी मिलेगी, तब आपका डर बढ़ता जाएगा। इस सड़क पर 38 बेहद शार्प मोड़ हैं, जिन्हें हेयरपिन टर्न कहते हैं। पर सबसे खतरनाक मोड़ का नाम है डेरेबासी मोड़।

**बेहद खतरनाक रास्ता**

ऐसे 17 मोड़ इस सड़क पर मौजूद हैं जो करीब 5 किलोमीटर लंबे रास्ते पर हैं और समुद्र तल से 5600-6600 फीट तक की ऊंचाई पर मौजूद हैं। सड़क के बगल में कोई गार्ड रेल भी नहीं बना है जिससे गाड़ियों को नीचे गिरने से रोका जा सके। जिस जगह पर सड़क सबसे ज्यादा पतली है, वहीं पर एक बार में 1 ही गाड़ी निकल सकती है। जब मौसम खराब होता है तो ये सड़क और भी ज्यादा खतरनाक हो जाती है। बर्फबारी, बारिश की वजह से ये सड़क अक्टूबर से लेकर जून तक बंद रहती है।

## पाठक पाती

### पालकों की सोच एवं दृष्टि में बदलाव जरूरी

बच्चों को उनकी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के हिसाब से अपना भविष्य गढ़ने की छूट प्रदान करने की बातें अभिभावकों, भाई बहनों एवं मित्रों के बीच सामाजिक स्तर पर प्रायः होती रहती हैं। इस संबंध में बहुत कुछ लिखा भी गया है। पर पेरेंट्स के मन में कहीं ना कहीं अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, सीए एवं आईएएस ऑफिसर बनाने के भाव दबे छुपे होते हैं। यह भेड़ चाल वर्षों से हमारे समाज में बनी हुई है। लड़कियां भी अपने मन में पति के रूप में ऐसे ही लड़कों का ख्वाब देखती हैं। बच्चों पर इस प्रकार से अभिभावकों द्वारा अपनी महत्वाकांक्षाएं थोपना बिल्कुल भी उचित नहीं कहा जा सकता। बच्चों के सैलरी पैकेज को स्टेटस सिंबाल के रूप में प्रचारित करने का ट्रेंड परिवारों में बढ़ रहा है। पालकों को अपनी सोच और दृष्टि में बदलाव लाना चाहिए। बच्चे उनके पसंदीदा क्षेत्र में ही बेहतर परफॉर्म कर पाते हैं। उनकी यह आजादी बरकरार रहना चाहिए। यह उनका मौलिक अधिकार भी है।

-ललित महालकरी इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट बंद, 1300 फ्लाइट कैंसिल

## तीन लाख पैसेंजर प्रभावित, पावर स्टेशन में आग लगने से सभी ऑपरेशन रोके गए





**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हीथ्रो एयरपोर्ट को शुक्रवार को बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट के पास एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन में गुरुवार रात आग लगने की वजह से एयरपोर्ट की बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी। इसके चलते 1300 फ्लाइट्स सस्पेंड हुई हैं, जिनसे 2 लाख 91 हजार पैसेंजर्स प्रभावित हुए हैं।

आग वेस्ट लंदन के हेस में लगी थी। इस वजह से 5 हजार से ज्यादा घरों की बिजली गुल हुई। करीब 150 लोगों को यहां से सुरक्षित निकाला गया है। लंदन फायर ब्रिगेड ने 70 फायर फाइटर्स के साथ शुक्रवार सुबह तक ज्यादातर आग पर काबू पा लिया। हालांकि अभी तक पूरी तरह आग बुझी नहीं है। ब्रिटेन की काउंटर टेररिज्म पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सबस्टेशन पर लगी आग के पीछे किसी का कोई गलत इरादा तो नहीं था।

### 10 दिन पहले जर्मनी के सभी एयरपोर्ट्स में फ्लाइट्स ठप हुई थीं

9 मार्च को जर्मनी के सभी एयरपोर्ट्स के कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल बुलाई थी। इसकी वजह से सोमवार (भारतीय समयानुसार) को पूरे देश की हवाई यात्रा ठप हो गई। हड़ताल से पूरे देश में 13 प्रमुख एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द की गईं, जिनमें फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख जैसे प्रमुख एयरपोर्ट्स भी शामिल हैं। इसके चलते 5 लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित हुए। देश की 25 लाख सरकारी कर्मचारियों वाली वेरडी यूनियन ने सैलरी बढ़ाने की मांग लेकर इस हड़ताल का ऐलान किया था। जर्मनी के समय के मुताबिक ये हड़ताल 10 मार्च से शुरू होनी थी, लेकिन इसे तय समय से एक दिन पहले ही शुरू कर दिया गया।

# पूर्ण भव्यता से मनाया जाए राजस्थान दिवस और गणगौर का त्यौहारः उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को पर्यटन भवन में पर्यटन शासन सचिव रवि जैन की उपस्थिति में सामान्य समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने राजस्थान दिवस को भव्यता से मनाने के निर्देश दिए। दिया कुमारी ने इस सम्बन्ध में चर्चा कर अधिकारियों को सभी तरह की तैयारी मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही संस्कृति और परंपराओं के त्यौहार गणगौर को भव्यता से मनाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन ऐप जल्द तैयार की जाए। जिससे पर्यटकों को सभी तरह की पर्यटन सूचनाएं प्राप्त हो सके साथ ही पर्यटन सम्बंधित मदद भी प्राप्त कर सके। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन विभाग से सम्बंधित बजट घोषणाओं पर बिंदुवार चर्चा कर उनके क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की समयबद्धता से पालना सुनिश्चित की जाए। सामान्य समीक्षा बैठक में अतिरिक्त निदेशक पर्यटन तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**दिया कुमारी ने गोविन्द देव जी मंदिर के श्रद्धालुओं के लिए आधारभूत सुविधाओं के विकास के दिए निर्देशः-** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गोविन्द देव जी मंदिर के सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार हेतु शुक्रवार को मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। दिया कुमारी ने श्रद्धालुओं के लिए आधारभूत सुविधाओं के विकास के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### तिरुपति मंदिर में सिर्फ हिंदुओं को ही मिले नौकरी

**तिरुमाला।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि तिरुमाला-तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) यानी मशहूर तिरुपति मंदिर में केवल हिंदुओं को ही काम पर रखा जाना चाहिए। शुक्रवार को मंदिर में पूजा अर्चना के बाद नायडू ने कहा कि अगर दूसरे समुदाय के लोग मौजूदा समय में वहां काम कर रहे हैं तो उनकी भावनाओं का अनादर किए बिना उन्हें दूसरी जगहों पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपने बेटे नारा लोकेश और परिवार के सदस्यों के साथ शुक्रवार को तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायडू ने अपनी उस भव्य योजना को भी लोगों से साझा की, जिसके तहत देशभर के सभी राज्यों की राजधानियों में वेंकटेश्वर स्वामी का मंदिर बनाने की योजना है।

# मार्च 2024 की तुलना में शाखाओं की संख्या में 10 हजार की वृद्धि

## देशभर में आयोजित प्रारंभिक वर्गों में 2,22,962 स्वयंसेवकों की सहभागिता






**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का उद्घाटन सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने जनसेवा विद्या केंद्र, चन्नेनहल्ली में भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के उद्घाटन दिवस पर सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बैठक में देशभर से 1482 कार्यकर्ता उपस्थित हैं।

हर वर्ष अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक देश और समाज की प्रमुख हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ शुरू होती है। प्रतिनिधि सभा ने हाल ही में दिवंगत हुए दिग्गजों, स्वामी प्रणवानंद तीर्थपादर, पूज्य सियाराम बाबा, पूज्य संत सुग्रीवानंद जी महाराज, शिरीष महाराज मोरे, डॉ. मनमोहन सिंह, उस्ताद जाकिर हुसैन,डॉ. राजगोपाल चिदंबरम, विवेक देबरॉय, एम. टी. वासुदेवन नायर, श्याम बेनेगल, प्रीतीश नंदी, एस. एम. कृष्णा, महाराणा महेंद्र सिंह, कामेश्वर चौपाल, वन विश्वकोश के रूप में विख्यात तुलसी गौड़ा, प्रसिद्ध कन्नड़ लेखक एन डिसूजा, लोकप्रिय अभिनेता सरिगमा विजी, प्रख्यात शिक्षाविद् दोरेस्वामी नायडू, दक्षिण मध्य क्षेत्र के पूर्व क्षेत्र संघचालक पर्वतराव, विश्व विभाग के पूर्व संयोजक शंकरराव तत्ववादी, दीनानाथ बत्रा, डॉ. गोविंद नारेगल, विहिप पदाधिकारी बी. एन. मूर्ति, पूर्व केंद्रीय मंत्री देबेंद्र प्रधान सहित अन्य को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि अधिकांश समय संघ के कार्यों का विश्लेषण और योजना बनाने में व्यतीत होगा। संघ स्थापना का यह 100 वां वर्ष है। प्रतिनिधि सभा में संघ कार्य से सामाजिक प्रभाव और समाज में बदलाव लाने पर चर्चा, विचार-विमर्श होगा।

उन्होंने बताया कि, 51,570 स्थानों पर प्रतिदिन कुल 83,129 शाखाएं संचालित की जाती हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10,000 से अधिक हैं, गत वर्ष यह संख्या 73,646 थी। साप्ताहिक मिलन में पिछले वर्ष की तुलना में 4,430 की वृद्धि हुई है, जहां शाखाओं और मिलन की कुल संख्या 1,15,276 है।

# जयपुर में स्कूल के कैशियर ने की 25-लाख रु. की हेराफेरी

**जयपुर।** जयपुर में एक कैशियर के 25 लाख रुपए की हेराफेरी करने का मामला दर्ज हुआ है। स्टूडेंट्स से लाखों रुपए की फीस वसूली कर फेक रसीद दे डाली। स्कूल के बैंक अकाउंट में जमा नहीं करवाकर आरोपी कैशियर ने धोखाधड़ी की। श्याम नगर थाने में पीड़ित स्कूल प्रधानाचार्य ने कैशियर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया श्याम नगर के निर्माण नगर स्थित प्राइवेट स्कूल की प्रधानाचार्य ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनके स्कूल में आरोपी कैशियर के पद पर तैनात था। स्कूल ऑफिस में फीस वसूलने की आरोपी की जिम्मेदारी थी। पेरेंट्स से स्कूल फीस वसूलने के बाद स्टूडेंट्स के अकाउंट में चढ़ाकर स्कूल के बैंक अकाउंट में जमा करवानी थी। आरोप है कि 17 मार्च को जांच करने पर पता चला कि कुछ स्टूडेंट्स के नाम फीस डिफॉल्टर सूची से गायब थे। फीस डिफॉल्टर होने के बावजूद उनके नाम की रिपोर्ट नहीं की गई थी। उनके पेरेंट्स को बुलाने पर फीस जमा कराने देने के बारे में पता चला।

19 मार्च से आरोपी कैशियर ने स्कूल आना बंद कर दिया। जांच करने पर पता चला कि करीब 25 लाख रुपए की फीस वसूल कर आरोपी ने स्कूल बैंक अकाउंट में नहीं जमा करवाई। हेराफेरी कर वसूली गई फीस की फेक रसीदें काटकर स्टूडेंट्स को दे दी। बैंक में रकम जमा करवाए बिना ही स्टूडेंट्स के फीस पोर्टल पर बने अकाउंट में जमा होना चढ़ा दिया। स्कूल के साथ धोखाधड़ी कर रकम ऐंठने का पता चलने पर श्याम नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

# ट्रम्प का शिक्षा विभाग को बंद करने का आदेश

## व्हाइट हाउस की रिपोर्ट, 8वीं क्लास के 70 प्रतिशत स्टूडेंट ठीक से पढ़ नहीं पाते



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को शिक्षा विभाग बंद करने से जुड़े आदेश (एग्जीक्यूटिव ऑर्डर) पर दस्तखत कर दिया। ट्रम्प ने दस्तखत करने के बाद कहा कि अमेरिका लंबे समय से छात्रों को अच्छी शिक्षा नहीं दे रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका किसी भी देश की तुलना में शिक्षा पर सबसे ज्यादा खर्च करता है, लेकिन सफलता की बात आती है तो देश लिस्ट में सबसे निचले स्थान पर है। शिक्षा विभाग सुधार में फेल रहा। अब यह हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।

### 45 साल में 259 लाख करोड़ से ज्यादा खर्च

*व्हाइट हाउस के आंकड़ों के अनुसार डिपार्टमेंट पिछले 40 साल में भारी खर्च के बावजूद एजुकेशन में सुधार करने में असफल रहा है। 1979 से अमेरिकी शिक्षा विभाग ने 3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 259 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा खर्च किए हैं। इसके बावजूद 13 साल के बच्चों की मैथ और रीडिंग का स्कोर सबसे निचले स्तर पर है। चौथी क्लास के 10 में से 6 और आठवीं कक्षा के करीब तीन-चौथाई स्टूडेंट ठीक तरह से मैथ्स नहीं कर पाते। चौथी और आठवीं क्लास के 10 में से 7 स्टूडेंट ठीक से पढ़ नहीं पाते, जबकि चौथी क्लास के 40 प्रतिशत स्टूडेंट बेसिक रीडिंग का स्तर भी पूरा नहीं कर पाते हैं।*

### फैसले को शिक्षा विभाग ने ऐतिहासिक बताया

*ट्रम्प के आदेश पर साइन करने के बाद शिक्षा विभाग ने एक बयान जारी किया और इसे ऐतिहासिक बताया। विभाग ने कहा- हम कानून का पालन करेंगे। संसद और राज्यों के साथ मिलकर नौकरशाही को खत्म करेंगे। इस फैसले से अमेरिकी छात्रों की आने वाली पीढ़ियां मुक्त होंगी और वे बेहतर शिक्षा हासिल कर पाएंगे। वहीं, अमेरिकन काउंसिल ऑन एजुकेशन के अध्यक्ष टेड मिशेल ने ट्रम्प के इस कदम की निंदा की है। उन्होंने इसे एक राजनीतिक नाटक करार दिया और कहा कि इस फैसले से फंडिंग में कमी आएगी जिससे विभाग में कर्मचारियों की संख्या में कटौती होगी। इससे देश में हायर एजुकेशन को नुकसान पहुंचेगा।*

### स्कूलों से जेंडर डिस्फोरिया खत्म करना चाहते हैं ट्रम्प

*ट्रम्प का आरोप है कि अमेरिकी स्कूल बच्चों को रेडिकल और एंटी अमेरिकन बना रहे हैं। ट्रम्प स्कूल से जेंडर डिस्फोरिया को खत्म करना चाहते हैं। जेंडर डिस्फोरिया का मतलब है कि कोई व्यक्ति अपने जेंडर से अपनी पहचान नहीं कर पाता है। जेंडर डिस्फोरिया को इस उदाहरण से समझ सकते हैं कि कोई व्यक्ति जो जन्म के समय महिला के रूप में पहचाना गया, यानी उसका बर्थ जेंडर फीमेल है, लेकिन वह खुद को पुरुष के रूप में महसूस करता है। ऐसे में वह खुद के पुरुष होने का दावा कर सकता है। ट्रम्प इसे 'ट्रांसजेंडर पागलपन' कहते हैं।*

# जयपुर पहुंचे सचिन तेंदुलकर एयरपोर्ट पर फैंस का जमघट

## सचिन एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जयपुर पहुंचे



**जयपुर।** भारत रत्न सचिन तेंदुलकर शुक्रवार को जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे। इस दौरान उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में फैंस एयरपोर्ट पहुंच गए। सचिन ने भी फैंस को निराश नहीं किया। सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद सचिन जयपुर के एक निजी होटल में पहुंचे। जहां वह एक प्राइवेट इवेंट में हिस्सा लेंगे।

दरअसल, शुक्रवार को सचिन तेंदुलकर मुंबई से एयर इंडिया की फ्लाइट से जयपुर पहुंचे थे। जैसे ही सचिन के जयपुर पहुंचने की जानकारी उनके फैंस तक पहुंची। बड़ी संख्या में क्रिकेट लवर्स जयपुर एयरपोर्ट पर इकट्ठा हो गए। इतनी बड़ी संख्या में जयपुर एयरपोर्ट पर फैंस को देख मास्टर ब्लास्टर सचिन ने सभी फैंस का 2 बार हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया है। इसके बाद सचिन जयपुर में एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए सड़क मार्ग से रवाना हुए।

# रूस के साखा गणराज्य के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्य सचिव से मुलाकात

## विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और आपसी सहयोग के अवसरों पर हुई चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** शुक्रवार को रूस के साखा गणराज्य (याकुतिया) के उपाध्यक्ष किम बोरिसोव के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव सुधांश पंत से सचिवालय में मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और आपसी सहयोग के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य दोनों क्षेत्रों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, व्यापार, उद्योग, कृषि, खनिज संपदा और पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ करना था।

मुख्य सचिव ने साखा गणराज्य के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए राजस्थान में निवेश के लिए उपयुक्त वातावरण, मजबूत बुनियादी ढांचा और निवेश को प्रोत्साहन देने वाली राज्य सरकार की नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल सदस्यों के साथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश का नीतिगत ढांचा निवेशकों के अनुरूप होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन, प्रचुर खनिज संपदा और तेज विकास दर के कारण राजस्थान निवेश हेतु एक आदर्श गंतव्य है। रूस के साखा गणराज्य (याकुतिया) के उपाध्यक्ष किम बोरिसोव ने कहा कि दोनों क्षेत्रों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग एवं निवेश हेतु अभूतपूर्व संभावना है। द्विपक्षीय वार्ताओं के माध्यम से ऊर्जा, महंगे रत्नों, खनिज संपदा मेडिकल आदि क्षेत्रों में संबंधों को और प्रगाढ़ किया जाएगा।

साखा गणराज्य के प्रतिनिधिमंडल में गणराज्य के विभिन्न विभागीय अधिकारी, प्रमुख व्यापारिक और औद्योगिक प्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ शामिल थे, जिन्होंने राजस्थान के निवेश करने की इच्छा जताई। बैठक में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग गायत्री राठौर, शासन सचिव मेडिकल शिक्षा अंबरीश कुमार, शासन सचिव उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा भानु प्रकाश एटूरु, शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, शासन सचिव पर्यटन रवि जैन, अतिरिक्त आयुक्त उद्योग संवर्धन ब्यूरो सौरभ स्वामी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### आप ने सौरभ भारद्वाज को दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष बनाया

#### मनीष सिसोदिया पंजाब के प्रभारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद आम आदमी पार्टी ने पार्टी में बड़े बदलाव किए। पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज को दिल्ली का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। शुक्रवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर पर पार्टी के राजनीतिक मामलों की कमेटी की बैठक हुई, जिसमें ये फैसला लिया गया। सौरभ भारद्वाज पूर्व मंत्री गोपाल राय की जगह लेंगे। बैठक में दिल्ली समेत दो राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और 4 राज्यों के नए प्रभारी नियुक्त किए। महराज मलिक जम्मू-कश्मीर के नए प्रदेश अध्यक्ष होंगे। पार्टी ने गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी नियुक्त किया है। दुर्गेश पाठक को सह प्रभारी होंगे। मनीष सिसोदिया पंजाब के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। सत्येंद्र जैन को सह प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ का प्रभारी संदीप पाठक को बनाया गया है। पंकज गुप्ता गोवा के प्रभारी होंगे।

# विदेशी जेलों में बंद हैं 10 हजार से ज्यादा भारतीय

## विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लिखित जवाब में बताया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद में विदेशों में बंद भारतीयों के मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा, वर्तमान में 10,000 से अधिक भारतीय विभिन्न विदेशी जेलों में बंद हैं और उनमें से 49 को मौत की सजा सुनाई गई है।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लिखित जवाब में बताया, सबसे ज्यादा 2,633 भारतीय सऊदी अरब में कैद हैं, जबकि दूसरे नंबर पर 2,518 संयुक्त अरब अमीरात में कैद हैं। सरकार विदेशी जेलों में बंद भारतीय नागरिकों सहित विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा,संरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती है।

### » नेपाल में 1 हजार से ज्यादा भारतीय

विदेश में भारतीय मिशन/केंद्र सतर्क रहते हैं और स्थानीय कानूनों के उल्लंघन या कथित उल्लंघन के लिए विदेशी देशों में भारतीय नागरिकों को जेल में डाले जाने की घटनाओं पर बारीकी से नजर रखते हैं। मंत्री की तरफ से प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, नेपाल में तीसरे नंबर पर सबसे अधिक 1,317 भारतीय हैं जो इस हिमालयी देश में बंद हैं। जिन अन्य देशों की जेलों में बड़ी संख्या में भारतीय बंद हैं, उनमें कतर के 611, कुवैत 38 7, मलेशिया 338 पाकिस्तान 266 , चीन के 173 शामिल हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका 169, ओमान के148 रूस और म्यांमार 27 कैद हैं।

### » 2020 में 25 भारतीयों को मौत की सजा

आंकड़ों के अनुसार, 2020 से कुवैत में 25 भारतीयों को फांसी की सजा दी गई है। यह उन देशों में सबसे अधिक है जहां मौत की सजा पाए दोषियों को रखा जाता है। इसके बाद सऊदी अरब में नौ, जिम्बाब्वे में सात, मलेशिया में पांच और जमैका में एक व्यक्ति को फांसी दी गई।

# जोधपुर : जेएनवीयू का 21वां दीक्षांत समारोह, विद्यार्थी को दी उपाधि

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को मारवाड़ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुआ। समारोह में राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ किशनराव बागडे शामिल हुए। 51 हजार 402 उपाधियों का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही 60 गोल्ड मेडल और 187 को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जोधपुर के जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में लड़कियों को सीख देते हुए कहा- आजकल हर दिन समाचार में न्यूज आती है। जिसमें आता है कि स्कूल, कॉलेज में लड़कियों के साथ अत्याचार हो रहे हैं। उन्हें लोग दूषित नजर से देखते हैं। अच्छी भावना से नहीं देखते है। ये कब तक चलेगा। उस मानसिकता के जो लोग होंगे, उनके लिए पेपर में आना चाहिए कि छात्रा ने बुरी नजर से देखने वालों की पिटाई कर दी। ये न्यूज आएगी तो गलत हरकत करने वाले को ख्याल भी आएगा और उसका मुंह बंद हो जाएगा। उन्होंने लड़कियों से कहा कि आप घबराओ मत ऐसा करने पर गलत नजर से देखने वाले आपको वीर छात्रा बोलेंगे, आपका सम्मान भी करेंगे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत राज्यपाल ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की। इसके बाद यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वहीं संगीत विभाग की छात्रों ने यूनिवर्सिटी का कुलगीत गाया। यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार कर्नाटक ने दीक्षांत समारोह में दी जाने वाली डिग्रियों को लेकर जानकारी दी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दीक्षांत समारोह में युवा पीढ़ी को समय का पूरा सदुपयोग करने और लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव रखते हुए समृद्ध और संपन्न भारत के निर्माण के प्रति कृत संकल्प होकर कार्य करने का आह्वान किया। समाज और देश के विकास में अपनी अहम भूमिकाओं का निर्वाह करते हुए विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने में अपनी आत्मीय भागीदारी सुनिश्चित करें।



- राज्यपाल बोले-लड़कियों को गलत नजर से देखने वालों को सबक सिखाएं


## धूमधाम से मनाया जाएगा हिंदू नव वर्ष

**जोधपुर।** भारतीय हिंदू नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को लेकर नव वर्ष महोत्सव समिति की ओर से देव दर्शन यात्रा की गई। इसके तहत शहर के प्रमुख मंदिरों में दर्शन करने के साथ ही इस महोत्सव को उत्साह के साथ मनाने व 29 मार्च की भव्य शोभायात्रा व अन्य कार्यक्रमों में आने का निमंत्रण भी दिया गया। समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को रातानाडा गणेश मंदिर से देव दर्शन यात्रा और निमंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, मसूरिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर, पाल बालाजी मंदिर ,रोटरी बालाजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में देव दर्शन के साथ निमंत्रण भी दिया। समिति के महासचिव वरुण धनाडिया ने बताया भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 को लेकर जोधपुर के प्रमुख मंदिरों में संपर्क कार्यक्रम के तहत नववर्ष की शुभकामना दी गई। भारतीय नव वर्ष को सार्थक बनाने के लिए संपर्क कार्यक्रम रखा गया। समिति के अध्यक्ष अशोक चौहान ने बताया कि सभी मंदिरों के महंत से नववर्ष के अवसर पर महाआरती का आयोजन करने का निवेदन किया गया। संरक्षक निर्मल गहलोत ने हिंदू नववर्ष के दिन अपने घरों पर धर्म ध्वजा लगाने और शाम के समय दीपक प्रज्ज्वलित करने का आह्वाहन किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति आदर्श विद्या मंदिर प्रांत सचिव महेंद्र दवे, नववर्ष समिति के कोषाध्यक्ष अशोक गहलोत, शोभायात्रा सह संयोजक निलेश सोनी, किशोर सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल को लेकर हुए विवाद में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के झालामंड इलाके में देर रात एक प्रॉपर्टी डीलर की उसके घर के बाहर हत्या कर दी गई। यह घटना झालामंड के मोती मार्केट में हुई, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। हत्या के विरोध में बड़ी संख्या में लोग कुड़ी भगतासनी थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।



प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रॉपर्टी डीलर चंदन सिंह अपने कुछ साथियों के साथ किसी पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी खत्म होने के बाद एक युवक का मोबाइल चंदन सिंह की गाड़ी में छूट गया। जब युवक ने फोन करके अपना मोबाइल वापस मांगा, तो चंदन सिंह ने सुबह देने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया जो जल्द ही गाली-गलौच और मारपीट में बदल गया। इसके बाद कुछ युवक देर रात चंदन सिंह के घर पहुंचे और बहस करने लगे। देखते ही देखते आरोपियों ने चंदन सिंह पर हमला कर दिया। इस दौरान उनके छोटे भाई भवानी सिंह भी मौके पर मौजूद थे, लेकिन हमला इतना अचानक और तेज था कि चंदन सिंह को बचाया नहीं जा सका। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि विवाद केवल मोबाइल को लेकर था या इसके पीछे कोई पुरानी रंजिश या पैसों का मामला भी हो सकता है। जांच के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। हत्या की खबर मिलते ही स्थानीय लोग भारी संख्या में कुड़ी भगतासनी थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों का आरोप है कि घटना स्थल के पास ही झालामंड पुलिस चौकी है, फिर भी रात्रि गश्त में लापरवाही बरती गई। इधर पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बाड़मेर में 25 मार्च से दो माह तक नहरबंदी

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले में गर्मी से पहले दो माह तक नहरबंदी रहेगी। एक माह आंशिक और दूसरे माह पूर्ण रूप से नहर बंद रखी जाएगी। इधर विभाग ने क्लोजर से पहले पूरी तैयारी कर ली है। आंशिक क्लोजर में इंदिरा गांधी फीडर की बुर्जी संख्या 496 पर 2000 क्यूसेक पानी स्टोरेज रहेगा। इससे पानी सप्लाई होगी। पूर्ण नहर बंदी में पीएचईडी की ओर से मोहनगढ़ में बने 3845 एमएल क्षमता के स्टोरेज से बाड़मेर व जैसलमेर में 21 दिन तथा सात दिन समानांतर पोडिंग व्यवस्था के तहत पानी सप्लाई होगा। पीएचईडी के 40 ट्यूबवैल ऐसे है, जिनका डिमांड भरने के बाद भी डिस्कॉम ने कनेक्शन नहीं दिए है। ऐसे में नहरबंदी के दौरान पेयजल संकट की स्थिति में इन बंद ट्यूबवैल से जलापूर्ति नहीं होगी। इनमें कुछ ट्यूबवैल ऐसे भी है जो पिछले क्लोजर से पेडिंग है। बाड़मेर में नहरबंदी के दौरान पीएचईडी की ओर से भाडखा के बंद सात ट्यूबवैल शुरू किए जाएंगे, ताकि पानी की किल्लत नहीं हो। इसके लिए ट्यूबवैल में मशीनरी स्थापित करने का काम शुरू हो गया है। शिव, राजड़ाल, झांपली, भिंयाड़, भाडखा, नागाना, जागासरिया, भीमडा, उंडू, बायतु के ट्यूबवैल शुरू कर जलापूर्ति की जाएगी। पीएचईडी एसई हजारी राम बालवा ने कहा कि बाड़मेर जिले में 25 मार्च से 24 मई तक नहरबंदी होगी। 30 दिन पूर्ण नहरबंदी के दौरान मोहनगढ़ में बने 3850 एमएल क्षमता के स्टोरेज व पहर की पोडिंग से जिले में सप्लाई होगी। समस्याग्रस्त इलाकों में टैंकरों से जलापूर्ति की जाएगी। डिमांड राशि जमा करने के बाद भी 40 ट्यूबवैल पर बिजली कनेक्शन नहीं होने से बंद है।



## अमरसागर के ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के अमरसागर और किशनघाट को नगरपरिषद एरिया में शामिल करने के सरकार के निर्णय के समर्थन में शुक्रवार को अमरसागर गांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान कई ग्रामीण इकठा हुए। ग्रामीणों की मांग है कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए सरकार के निर्णय का विरोध कर रहे हैं जो सरासर गलत है। हम सरकार के निर्णय के साथ है और हम सब चाहते हैं कि अमरसागर गांव को नगरपरिषद में शामिल किया जाना चाहिए ताकि गांव का विकास हो सके। ग्रामीणों ने बताया- ग्राम पंचायत अमर सागर जैसलमेर शहर से लगती हुई पंचायत है। यहां पर कीमती पत्थर की खाने होने के कारण भू माफिया की नजर हमेशा से ही रही है। यहां पर एक जाति विशेष का बाहुल्य होने के कारण उसी विशेष जाति के सात-आठ भू माफिया पिछले कई वर्षो से सक्रिय हैं, तथा अवैध खनन करके करोड़ों रुपए प्रति महीना सरकार को नुकसान पहुंचा रहे हैं, साथ ही अपना-अपना घर भर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया- चंद लोग यहां बारी-बारी से सामाजिक पंचायत बुलाकर एक दूसरे को समझाइश करके या दबाकर सरपंच बन रहे हैं। संसाधनों की बंदर बांट जारी रहती है, अन्य किसी भी जाति से संबंधित किसी भी व्यक्ति का पंचायत स्तर पर कोई काम नहीं होता है। गरीबों के साथ कभी भी न्याय नहीं होता है। यहां पर काम की गारंटी है एक जाति विशेष का होना इसलिए हम सभी इनसे दुखी हैं। ग्रामीण चाहते हैं कि नगर परिषद में शामिल कर लिया जाए। शहर वासियों को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं जैसे, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना, श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना तथा अन्य विभिन्न लाभकारी सरकारी योजनाओं से वंचित हो रहे हैं।



## शीतला-सप्तमी पर नहीं जलता चूल्हा, माता को लगाया बास्योड़ा का भोग

**बाड़मेर।** बाड़मेर में शीतला सप्तमी का पर्व मनाया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में शीतला माता की पूजा की गई। वहीं मंदिरों में सुबह से महिलाएं, बच्चे दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद घरों में एक दिन पहले के बने अलग-अलग व्यंजन (खाना खाया) का सेवन किया। महिलाओं का कहना है कि यह पूजा बच्चों के लिए होती है। माताजी का आशीर्वाद बना रहे इससे उन पर कोई रोग नहीं लगे। बच्चों की सुख शांति और परिवार की समृद्धि के लिए पूजा की है। दरअसल, फाल्गुन कृष्ण सप्तमी के दिन शीतला माता की पूजा की जाती है। शीतला माता को रोगों से बचाने वाली देवी माना जाता है। खासकर चेचक, खसरा और त्वचा की बीमारियों से। शीतला सप्तमी पर व्रत रखने और उनकी पूजा करने से रोगों से छुटकारा मिलता है। ऐसा माना जाता है कि माता अपने भक्तों के सारे दुख दूर करती हैं। उनकी पूजा करने से चेचक जैसी बीमारियां भी ठीक हो जाती हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार शीतला माता को संक्रामक रोगों और बीमारियों से सुरक्षा देने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। खासकर गर्मी के मौसम में माता शीतला की पूजा से शरीर की स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा की जाती है।

## जैसलमेर में तीन महीने बाद पकड़ा गया केबल चोर

▸▸ कोर्ट ने भेजा जेल-अन्य चोरों की तलाश जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले की खुहड़ी थाना पुलिस ने पवन उर्जा संयंत्रों (विंड मिल) से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को तीन महीने बाद गिरफ्तार किया है। खुहड़ी थाना पुलिस ने तीन महीने से चोरी के मामले में फरार चल रहे रमण सिंह को पकड़ा है। रमण सिंह को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। खुहड़ी थाना पुलिस अन्य चोरों की तलाश कर रही है। खुहड़ी थाना प्रभारी मीनाक्षी मालवीय ने बताया कि दो दिसंबर 2024 को वीरेंद्र सिंह नामक युवक ने खुहड़ी थाना में शिकायत देकर बताया कि बरणा व कोटडी गांव में निजी कम्पनी के पवन उर्जा संयत्र लगे हुए हैं। जिसकी सुरक्षा का ठेका कलस्टर बनाकर इन्फेंटियर सिक्योरिटी को दिया हुआ है। दो दिसंबर 2024 की अलसुबह चार बजे सरहद कोटड़ी में लोकेशन पर चोरी की सूचना मिली। सूचना मिलने पर गार्ड लोकेशन पर पहुंचे तो लोकेशन पर पिकअप गाड़ी और तीन-चार लोग केबल चोरी करके भाग गए। खुहड़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। पवन उर्जा संयंत्रों से चोरी की घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार खुहड़ी थाना प्रभारी मीनाक्षी मालवीय के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा चोरों की सरगर्मी से तलाश की गई। खुफिया सूत्रों और तकनीकी मदद से चोरी की घटना में शामिल आरोपी रमण सिंह पुत्र जेठू सिंह राजपूत, निवासी सिपला को गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद रमण को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में अन्य की तलाश जारी है। चोर को पकड़ने में खुहड़ी थाना प्रभारी मीनाक्षी मालवीय, एएसआई तुलछाराम, कॉन्स्टेबल रतन, रामकिशन, जामताराम, भोमाराम व बिलकेश शामिल रहे।



## जैसलमेर में हाईटेंशन लाइन से टकराया कुरजां

**जैसलमेर।** जैसलमेर के सम इलाके के केशुओं की बस्ती गांव की सरहद में एक घायल प्रवासी कुरजां पक्षी मिला। पर्यावरण प्रेमी राधेश्याम विश्नोई व सुमेर सिंह ने वन विभाग की टीम को जानकारी देकर मौके पर भेजा। वन विभाग की टीम ने घायल कुरजां पक्षी का रेस्क्यू किया। अब वन विभाग की टीम पक्षी का इलाज करवाकर जंगल में सुरक्षित छोड़ेगी। बताया जा रहा है कि इलाके से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइनों से टकराकर कुरजां पक्षी घायल हुआ है। वन्य जीव प्रेमी सुमेर सिंह भाटी ने बताया कि पक्षी के अपने वतन लौटने के दिन है और उससे पहले इस तरह पक्षी के घायल होने से सभी पक्षी प्रेमी दुखी है। सुमेर सिंह ने बताया- इस इलाके से इन बिजली की लाइनों को भूमिगत करवाना चाहिए। केशुओं की बस्ती गांव की सरहद से गुजर रहे ग्रामीणों ने घायल कुरजां पक्षी को देखा। ग्रामीणों ने उसी दौरान वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई और सुमेरसिंह भाटी को इसकी सूचना दी। सुमेर सिंह ने तुरंत घायल पक्षी की जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर कुरजां को बड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम कुरजा पक्षी को अपने साथ ले गई। अब इलाज के बाद उस वापस जंगल में छोड़ा जाएगा पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया कि हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से पक्षी घायल हो रहे हैं, जबकि जिम्मेदार सुरक्षा को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस तरह तो प्रवासी पक्षी धीरे-धीरे यहां आना ही बंद कर देंगे। जिम्मेदारों को चाहिए कि वे तारों को अंडरग्राउंड करें। पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह भाटी ने बताया कि भारत में खासकर पश्चिमी राजस्थान जैसे गरम इलाके में सितंबर और अक्टूबर महीने से फरवरी तक शीतलहर चलती है।



# व्यापार जगत

## चीन के खिलाफ यूएस का ऐक्शन

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने ईरान पर दबाव बढ़ाते हुए चीन की एक तेल रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगाया है। यह रिफाइनरी हूतियों से जुड़े जहाजों से लगभग 50 करोड़ डॉलर का ईरानी तेल खरीदती थी। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह ऐलान किया। चीन ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। उसने कहा है कि अमेरिका चीन और ईरान के बीच सामान्य व्यापार में बाधा डाल रहा है। अमेरिका की यह कार्रवाई दिखाती है कि ग्लोबल एनर्जी मार्केट कितने जटिल रूप से भू-राजनीतिक संघर्षों से जुड़े हुए हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। उसे इन जटिलताओं को सावधानी से देखना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर 'अधिकतम दबाव' बनाने की नीति फिर से शुरू की है। इसके तहत कई लोगों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इनमें ईरान के पेट्रोलियम मंत्री भी शामिल हैं।



- तेल रिफाइनरी पर लगाया प्रतिबंध
- भारत को क्यों रहना होगा सतर्क?

### ▸▸ ईरान को आर्थिक रूप से तोड़ने का प्लान

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ईरानी तेल की रिफाइनरी की खरीद ईरानी शासन के लिए आर्थिक जीवन रेखा है। यह शासन दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा समर्थक है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि ये प्रतिबंध राष्ट्रपति ट्रंप के 'अधिकतम दबाव' अभियान के तहत लगाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ईरान के तेल निर्यात को शून्य करना है। चीन ईरान के तेल का सबसे बड़ा आयातक है।

### भारत को अब ज़्यादा सतर्क रहने की जरूरत

अमेरिका के ऐक्शन का चीन ने कड़ा विरोध किया है। यह दोनों देशों के तल्ख रिश्तों में और गिरावट ला सकता है। भारत को भी इस पूरे घटनाक्रम से सतर्क हो जाने की जरूरत है।
यह अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को भी उजागर करता है।
साथ ही संकेत देता है कि भारत को इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक स्थिति को संतुलित करने की कितनी ज़्यादा जरूरत है। यह ऐक्शन दर्शाता है कि अमेरिका अपने प्रतिबंधों को लागू करने के लिए कितना तैयार है।

## सिएट ने भारत में पहली बार लॉन्च की ग्लोबल टेक्नोलॉजी

**मुंबई।** भारत के प्रमुख टायर निर्माता सिएट ने शुक्रवार को अपनी स्पोर्टड्राइव रेंज के लिए तीन उन्नत टायर नवाचारों की घोषणा की, जिससे अल्ट्रा-हाई परफॉर्मेंस और लक्जरी चार पहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया। इन लॉन्च के साथ, सिएट रन-फ्लैट टायर और 21-इंच जेडआर-रेटेड टायर के उत्पादन में सक्षम होने वाला पहला भारतीय टायर निर्माता बन गया है, जो 300 कि.मी. प्रति घंटे से अधिक गति को सीएएलएम तकनीक के साथ संभाल सकता है। यह भारत के ऑटोमोटिव विनिर्माण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है। जर्मनी में अग्रणी अंतरराष्ट्रीय ऑटोमोटिव सुविधाओं पर कठोर परीक्षण के बाद, सिएट के नवीनतम उत्पाद उच्चतम प्रदर्शन और सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं। लॉन्च के अवसर पर, सिएट के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री अर्णब बनर्जी ने कहा "नई स्पोर्टड्राइव रेंज के तहत, जेडआर-रेटेड टायर, सीएएलएम तकनीक और रन-फ्लैट टायर के लॉन्च के साथ, सिएट एक प्रीमियम, तकनीक-प्रधान ब्रांड के रूप में अपनी पोजीशन को मजबूत करता है। ये नवाचार लक्जरी और उच्च प्रदर्शन वाहन मालिकों के लिए सुरक्षा, आराम और प्रदर्शन को बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हमें पहली भारतीय कंपनी बनने पर गर्व है जिसने रन-फ्लैट टायर पेश किए हैं, जिससे चार पहिया टायर क्षेत्र में हमारी नेतृत्व क्षमता और मजबूत होती है।"




## अडानी की कंपनी को मिला 2800 करोड़ का बड़ा प्रोजेक्ट



**मुंबई।** अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के शेयर शुक्रवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर कारोबार के दौरान 4% तक चढ़कर 846.15 रुपए पर पहुंच गए थे। इसका पिछला बंद प्राइस 815.30 रुपए था। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऐलान है। दरअसल, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने गुजरात में 2,800 करोड़ रुपए की बिजली ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट मिलने की घोषणा की। एईएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह गुजरात के मुंद्रा में हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया के निर्माण के लिए हरित इलेक्ट्रॉन की सप्लाई करेगी। कंपनी का चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मिला यह छठा ठेका है, जिससे इसकी ऑर्डर बुक 57,561 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। एईएसएल ने शुल्क-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के तहत परियोजना हासिल की। पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बोली प्रक्रिया की समन्वयक थी। अडानी एनर्जी के शेयर की कीमत एक महीने में 25% तक बढ़ गई और साल-दर-साल आधार पर 4% की बढ़त दर्ज की गई। अडानी ग्रुप के इस शेयर में पिछले छह महीनों में 18% की गिरावट आई, जबकि तीन महीनों में इसमें 60% की गिरावट आई है। पिछले पांच सालों में अडानी एनर्जी

### दिसंबर तिमाही के नतीजे

अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में करीब 80 प्रतिशत बढ़कर 625.30 करोड़ रहा। कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी गई सूचना के मुताबिक, इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में उसे 348.25 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। दिसंबर तिमाही के दौरान कुल आय बढ़कर 6,000.39 करोड़ रुपए हो गई।

## रॉकेट की तरह बढ़े मुकेश अंबानी के तीन शेयर

**मुंबई।** मुकेश अंबानी की कई ऐसी कंपनियां हैं जिनकी शेयर बाजार में लिस्टिंग हुई है। इनमें से तीन ऐसी भी कंपनियां हैं जिनके शेयर की कीमत 40 रुपए से कम है। ये तीन कंपनियां- आलोक इंडस्ट्रीज, डेन नेटवर्क्स और हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड हैं। इन कंपनियों के शेयर की मामूली कीमत है और शुक्रवार को तीनों शेयर डिमांड में नजर आए। शेयर की कीमत हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड के शेयर की बात करें तो शुक्रवार को इसकी कीमत दो फीसदी बढ़कर 13.90 रुपए पर पहुंच गया। चार मार्च को शेयर की कीमत 12.12 रुपए थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है। जुलाई 2024 में यह शेयर 25.66 रुपए पर पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर की बात करें तो 16.75 रुपए कीमत थी। यह शेयर तीन मार्च को 14.50 रुपए पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। अप्रैल 2024 में शेयर 30 रुपए पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। डेन नेटवर्क्स के शेयर की बात करें तो 33.16 रुपए पर था। 18 मार्च को यह शेयर 29.70 रुपए पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। जुलाई 2024 को शेयर 58.90 रुपए पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।



शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो डेन नेटवर्क्स, हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड और आलोक इंडस्ट्रीज में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी क्रमशः 74.90 फीसदी, 75 फीसदी और 75 फीसदी है। आलोक इंडस्ट्रीज में प्रमोटर के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन की संयुक्त हिस्सेदारी है। इसमें रिलायंस की 40.01 प्रतिशत और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी की 34.99 प्रतिशत का दांव है। हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड की बात करें तो प्रमोटर्स में जियो कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, जियो इंटरनेट डिस्ट्रीब्यूशन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और जियो केबल और ब्रॉडबैंड होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल हैं। डेन नेटवर्क्स की बात करें तो प्रमोटर्स के पास जियो टेलीविजन डिस्ट्रिब्यूशन होल्डिंग के पास करीब 16 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा जियो डिजिटल डिस्ट्रिब्यूशन होल्डिंग में भी 15 फीसदी से ज्यादा की हिस्सेदारी है।

## आप का राशिफल 22 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-७

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेंगें। शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-6-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-3-5

# चैत्र महोत्सव पर भाकरां में बाबा श्योपुरी जी महाराज मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

## हजारों भक्तों ने किए बाबा के दर्शन, मंदिर में विशेष श्रृंगार भजन संध्या भी हुई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तहसील के हरियाणा निकटवर्ती गांव भाकरां में चैत्र महोत्सव बाबा श्योपुरी जी महाराज मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। देर शाम रात्रि को मंदिर में जागरण भजन संध्या भी हुई भक्तों की भीड़ दर्शन करने के लिए उमड़ती रही। मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया मंदिर को झूमर बंदरबन और पुष्पों से सजाया गया था। बाबा श्योपुरी धाम ट्रस्ट भाकरां समिति ने इस आयोजन की तैयारियां एक पखवाड़े पहले की थी भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर समिति ने विशेष प्रबंध किए दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए श्रद्धालुओं की महिला एवं पुरुषों की कतार वाइज अलग-अलग व्यवस्था की गई। हजारों भक्तों ने बाबा श्योपुरी जी महाराज भगवान शिव बजरंगबली हनुमान के दर्शन किए। आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया शाम को मंदिर और पूरा आसपास का इलाका रोशनी से जगमगा उठा। रात्रि जागरण सत्संग में काफी लोग भजनों पर झूम उठे, पूरा का पूरा वातावरण बाबा श्योपुरी जी महाराज की भक्ति में लीन हो गया। मंदिर के बाहर बाबा श्योपुरी धाम ट्रस्ट भाकरां के सेवादार भी तैनात रहे। श्योपुरी धाम ट्रस्ट सेवा समिति के सेवादार रामकुमार मितड ने बताया कि मंदिर में भजन संध्या कलश यात्रा एवं प्रसाद वितरण में समस्त ग्राम वासियों का सहयोग काफी सहारानिय रहा। वहीं सेवादार कृष्ण भाकर, सूबेदार गोपीराम मितड, सूबेदार धर्मवीर मितड, साधुराम नागर, सुखवीर भाकर, सरपंच रामनिवास मितड, बनवारी लाल मेहरा, सहायक कृषि अधिकारी राजवीरसिंह मितड, धर्मवीर सिंह कादियान, जयवीर सिंह भाकर, ओमप्रकाश भाकर, सतीश भाकर, सुनील धर्मपाल भाकर, तुलसीराम भाकर कादियान, योगेश कादियान, सुरेंद्र भाकर, राजेश मितड, प्रेम मेहरा, जगमाल भाकर, आजाद सिंह भाकर, मेहताब सिंह मितड, चंद्रभान मितड, रामकिशन भाकर, रोहतास भाकर, रण सिंह भाकर, रमेश भाकर, मनदीप भाकर, नरेंद्र सिंह कादियान, अंकित कुमार सेन, प्रमोद भाकर, किरसन कुमार भाकर, बलवान सिंह, भेरी सूबेदार सतपाल सिंह, भेरी रामपाल सिंह, भेरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु महिलाएं बच्चे बूढ़े नौजवान सभी ने अपनी सेवा तन-मन-धन से बाबा श्योपुरी जी महाराज मंदिर में अर्पित की गई। मन्दिर में रात्रि जागरण एवं भजन संध्या की गई। वहीं सुबह चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को सुबह खीर जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया एवं भंडारे का आयोजन किया गया।



# नवविवाहिताओं और युवतियों ने किया गणगौर माता का पूजन

## गणगौर माता की बिंदौरी निकाली गई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** राजस्थानी संस्कृति को गौरवमय बनाने वाले लोकप्रिय गणगौर पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। नव विवाहिताएं व युवतियां पूरी श्रद्धा के साथ गणगौर पूजन में जुटी हैं। शुक्रवार को वार्ड नंबर 25 में लक्ष्मी नारायण सोसायटी की महिलाओं और युवतियों ने गणगौर पूजन के लिए गणगौर माता की बिंदोरी धूमधाम से निकाली। पूजा अर्चना के बाद महिलाओं और युवतियों ने गणगौर माता को सुहाग की निशानी कांच की चूड़ियां, महावर, सिंदूर, रोली, मेहंदी, टीका, बिंदी, कंघा, सीसा, काजल, लाल चुनरी, प्रसाद आदि चढ़ाया। इस अवसर पर महिलाओं ने बांटो बांटो आज बधाई गणगौर मैया म्हार घर आई, चुंदड़ी रो सर्व सुहाग, आज सवेरे उठास्या म्हे तो, बाड़ी वाला बाड़ी खोल बाड़ी की किवाड़ी खोल , हां जी म्हारी गौरा बाईने चुंदड़ी रो चाव, म्हारी गौर तीसाई ओ राज, धूपियो देर धूपाइयो, उदियापुर स्यूं आई गणगौर आदि लोकगीत गाए। इसके अलावा भी कस्बे के विभिन्न गली मोहल्लों में गणगौर की पूजा धूमधाम से की जा रही है। महिलाओं और युवतियों द्वारा घर-घर जाकर गणगौर का पूजन किया जा रहा है। गणगौर के कर्णप्रिय पारपंरिक लोकगीत पूरे कस्बे में गूंज रहे हैं। गणगौर की सवारी ढोल-बाजे व गीतों के साथ निकाली जा रही है। राजस्थानी संस्कृति को गौरवमय बनाते इस पर्व पर राजस्थानी संस्कृति पूरी झलक रही है। गणगौर की बिंदोरी के अवसर पर सुशीला देवी व्यास ,प्रेम देवी, कोशल्या देवी,दीपिका व्यास, कोमल, निमिया देवी, सुनीता व्यास, मीरा देवी, विनीता शर्मा, सुमन हिसारिया, रेणु बंसल,सीमा हिसारिया,देविका गोयनका,मीरा देवी, विनोद व्यास, लक्ष्मी पारीक, ज्योति पारीक,ममता सोनी, मानवी, काजल, डेजी, राशि, श्रेया समेत अनेक महिलाए और युवतियां उपस्थित रही ।

# मजदूर को पीटा, आरोपी गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बागोड़ा।** राउता गांव में एक पाइप फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर से बेगार में काम करवाने का मना करने पर मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पुलिस निरीक्षक हुकमाराम ने बताया कि राउता निवासी पांचाराम पुत्र वगताराम कलबी ने रिपोर्ट पेश कर बताया है कि मे गांव में ही एक पाइप की फैक्ट्री में काम करता है तथा रात्रि में इसी पाइप की फैक्ट्री में रहता है। रात को विराराम पुत्र केराराम कलबी निवासी राउता पाईप की फैक्ट्री में जबरन घुसकर मेरे साथ मारपीट करने लगा। चिल्लाने पर भूरसिंह पुत्र डूंगरसिह राजपुत निवासी लाखणी (जो राउता में ही काम करते है वही रहते है) ने बीच बचाव कर मुझे छुड़ाया। पीड़ित ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि विराराम ने पहले भी कई बार मुझे बेगार मे कार्य कराया और कल शाम को भी बेगार मे कपसी की ट्रोली भरने का बोला तो उसने ना कर दी। जिससे आ ोशित होकर मेरे साथ मारपीट कर चोटें पहुंचाई तथा आरोपी ने दो धमकी भी दी है।

## बोहरा को मातृ शोक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** विकास अधिकारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधि रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं विप्र सेवा के जिलाध्यक्ष भानाराम बोहरा की माता तारी देवी जो पूर्व पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं का 19 मार्च को 92 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार किया गया। कई लोग मौजूद थे।

## साधारण सभा की बैठक 25 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** पंचायत समिति सभाभवन में 25 मार्च को सुबह साढ़े ग्यारह बजे साधारण सभा की बैठक होगी। जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चतुर्थ के तहत गांवों को जोड़ने के लिए डी. आर. आर. पी केंडीडेट रोड एवं सीयूसीपीएल के प्रस्तावों का अनुमोदन किया जाएगा।

# शेरे शेखावाटी सरदार हरलाल सिंह की 43वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

## किसानों के मसीहा सरदार हरलाल सिंह के बताए मार्ग पर चलने की शपथ ली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मण्डावा।** शेरे शेखावाटी सरदार हरलाल सिंह की 43वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को उनके पैतृक गांव हनुमानपुरा में स्थित स्मारक स्थल पर आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रबुद्धजनों ने सरदार हरलाल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सरपंच सुमित्रा देवी ने कहा कि युवाओं को सरदार हरलाल सिंह के विचारों को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी से पूर्व सरदार हरलाल सिंह ने विद्या मंदिर की स्थापना की थी जो आज सीनियर स्कूल के रूप में संचालित है। संयोजक राजन चौधरी ने कहा कि शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए युवा नवीनतम तकनीक का प्रयोग कर आगे बढ़े वही नशे की प्रवृति का त्याग कर नशा मुक्त समाज का निर्माण करें। इस मौके पर नरेश खादीवाला ने कहा कि सरदार हरलाल सिंह अनेक लोगों को जीवन में आगे बढ़ने का मौका दिया था जिससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित्रा सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री कमला बेनीवाल, पूर्व विधायक सुधा देवी, पूर्व मंत्री रामनारायण चौधरी सहित अनेक नेताओं ने उनके सानिध्य में सफर तय किया। इस मौके पर सरदार हरलाल सिंह की पुत्र वधु लक्ष्मी देवी, पौत्र रोहित चौधरी, जीएसएस अध्यक्ष पवन दुलड़, पूर्व सरपंच फूल सिंह, प्रदीप दूलड़, योगेश, विधाधर, एडवोकेट विजयपाल, सुबोध, रजनीश, नवीन, संजीव, रोहिताश, फूलचंद, दुर्गादत, मनीराम सेवदा व फूलचंद सेवदा सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे। अंत में सुभाष सेवदा ने सभी का आभार प्रकट किया।

# पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका विद्यालय में विज्ञान उत्सव के अंतर्गत हुई विविध प्रतियोगिताएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बीकानेर की ओर से आयोजित विज्ञान उत्सव 2024-25 के अंतर्गत शुक्रवार को विज्ञान से सम्बंधित विविध प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम प्रभारी विमलेश चन्द्र व. अ. ने बताया कि इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने कहा कि विज्ञान उत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य विज्ञान के प्रति रूचि उत्पन्न करना है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर समाज को अंधविश्वास से बचाना है विशेषज्ञ वार्ता में देवदास स्वामी ने ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरों के नजर पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त किये, वहीं राहुल इंदौरियां ने विज्ञान विषय के चमत्कारों पर प्रकाश डाला।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में कक्षा 9 की छात्रा मनीषा प्रथम, नफीसा बानो द्वितीय व साक्षी तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में 11 की छात्रा नंदिनी शर्मा प्रथम, नेहा द्वितीय, छवि पांचाल व निशा सारण संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्रा खुशी शर्मा प्रथम, माया द्वितीय, रिद्धिमा व निक्कू तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्रा रागिनी प्रथम, सलोनी द्वितीय व मोनिका तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा कोमल, सलोनी, आरुषि ग्रुप ने पक्ष में तथा मोनिका, सिया एवं रेखा ग्ररुप ने विपक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद का विषय मोबाइल बढ़ता उपयोग लाभदायक अथवा हानिकारक था। विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी विमलेश चन्द्र ने डीएसटी बीकानेर एवं विद्यालय परिवार का आभार जताया। प्राचार्य अरुणा वशिष्ठ एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** समीपवर्ती दांतलावास गांव के बाबा रामदेव मंदिर में कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रानीवाड़ा कांग्रेस कमेटी विधानसभा प्रभारी रामसिंह चौधरी की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान जालौर कांग्रेस अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल व जसवंतपुरा ब्लॉक अध्यक्ष जीवाराम चौहान, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह राजपूत, जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव महेंद्रपाल सिंह चेकला, जीवाराम परमार, राणसिंह परमार, रणछोड़ा राम मेघवाल व समस्त कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ को लेकर मजबूत करने की बात कही। आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की। विधानसभा प्रभारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ता का नियमित बैठक में भाग लेने एवं आगामी पंचायत चुनाव को लेकर एकजुट होने की बात कही। जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव महेंद्र पाल सिंह चेकला ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के बूथ को मजबूत करना होगा। आपसी मनमुटाव को भूलकर आपस में एक होना होगा। इस मौके पर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष करताराम चौधरी, पंचायत समिति सदस्य मंसाराम, उकाराम डगला, सतरा राम देवासी, जीवाराम परमार, पुष्कर पुरोहित, गब्बर सिंह कलापुरा, मोहब्बत सिंह कागमाला, रमेश प्रजापत कलापुरा सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नशे के विरुद्ध अभियान से जुड़े शिक्षा और युवा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुंच रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को थानेसर में शिक्षकों एवं समाज के लोगों को बकेट चैलेंज से जोड़ा गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए थानेसर पहुंचे और शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश और डॉ. अरुण कुमार के साथ लोगों को इस अभियान से जोड़ा। शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश ने कहा कि नशा मुक्त अभियान एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है क्योंकि युवा देश की धरोहर है। यदि युवा नशे की दलदल में चला गया तो यह देश के विकास में बहुत बड़ी बाधा होगी। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि वे बकेट चैलेंज को स्वीकार करते हैं और उनका ध्येय जन जन को इस अभियान से जोड़ना है। व्यवसायी दयानन्द इस अभियान से जुडक़र कहते हैं कि यह एक अति महत्वपूर्ण अभियान है।

# जिला मुख्यालय पर नवनिर्मित वीरगति स्मारक का उद्घाटन व लोकार्पण समारोह 26 मार्च को



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर नवनिर्मित वीरगति स्मारक का 26 मार्च को उद्घाटन व लोकार्पण किया जाएगा। इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को जानकारी साझा की। कैप्टन दलीप सिंह ने कहा कि वीरगति स्मारक का नवनिर्माण देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है। हमारी भावनाएं वीरगति स्मारक से जुड़ाव रखती है। इन भावनाओं को मूर्त रूप प्रदान करने तथा वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जिले के रतननगर के स्व. भंवरलाल-संपति देवी हीरावत के सुपुत्र बसंत हीरावत व अभय हीरावत द्वारा उनके परिवार के आर्थिक सहयोग से जिला मुख्यालय पर वीरगति स्मारक का पुनर्निर्माण करवाया गया है। उन्होंने बताया कि जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ दक्षिण पश्चिम कमान के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम के मुख्य अतिथ्य में वीरगति स्मारक का उद्घाटन व लोकार्पण समारोह 26 मार्च को आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि वीरांगनाओं, भूतपूर्व सैनिकों से संवाद करेंगे तथा वीरांगनाओं का सम्मान करेंगे। आयुद्ध सेवा महानिदेशक लेफ्टिनेन्ट जनरल सुरेश चन्द्र टान्डी (एवीएसएम, वीएसएम), जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व सैन्य अधिकारीगण एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से अनुगृहीत करेंगे। इस अवसर पर वीरगति स्मारक के नवनिर्माण में अर्थिक सहयोग करवाने वाले बसंत हीरावत ने वीरगति स्मारक के बारे में समुचित जानकारी साझा की। कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ ने जिले के वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिजनों एवं आश्रितों तथा पदक विजेताओं, पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की वीरांगनाओ से ज्यादा से ज्यादा संख्या मे वीरगति स्मारक के लोकार्पण समारोह में उपस्थित होने की अपील की है।

# क्रॉप कटिंग कर उत्पादन का आंकलन किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तहसील के राधा बड़ी ग्राम पंचायत के गांव भाकरां एवं आसपास एरिया में सरसों की कटाई शुरू हो गई है। वहीं गेहूं फसल भी पक कर तैयार खड़ी है। गांव भाकरां रोही में कृषि विभाग के अधिकारी क्रॉप कटिंग के माध्यम से गेहूं की फसल का उत्पादन की जांच कर रहे हैं। गांव में अभियान चला करें क्रॉप कटिंग के माध्यम से फसल की जांच की गई जिसमें पाया गया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष गेहूं फसल का उत्पादन मौसम परिवर्तन एवं अत्यधिक गर्मी की वजह से कम रहेगा। पटवारी बलवीर सिंह लुनिया ने बताया कि किसानों को 1 साल में कई तरह की फसलें लेने व रासायनिक खाद की अत्यधिक प्रयोग के चलते मिट्टी की उर्वरा क्षमता प्रभावित हो रही है। कृषि विभाग के निर्देश पर किसान फसलों के बेहतर उत्पादन को लेकर किसानों की कम लागत में आय बढ़ाने के लिए खेतों की मिट्टी पानी की जांच कराए एवं बेहतर उत्पादन पायें गेहूं क्रॉप कटिंग के दौरान पटवारी बलवीर सिंह लूनिया रिलायंस बीमा कंपनी के हेमाराम चौधरी सहायक रजनीकांत लूनिया भी साथ रहे।

# प्रदूषण को रोकने हेतु विद्यार्थियों को जागृत करने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित, विजेताओं को किया सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड की ओर से ब्लॉक स्तरीय प्रदूषण रोक कार्यशाला का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नवीन तारानगर में किया गया। इसमें 220 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सचिव खिराज सिंह भाकर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विभिन्न विद्यालयों में संचालित इको क्लब व नेशनल ग्रीन कोर के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए प्रदूषण को रोकने हेतु विद्यार्थियों को जागृत करने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पांच प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। प्रतियोगिता प्रभारी श्री बलवंत सिंह ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में शांति देवी बालिका विद्यालय की छात्रा तनु कुमारी प्रथम तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुचावास की छात्रा विनीता कुमारी द्वितीय रही। आशु भाषण में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय तारानगर की छात्रा अनन्या प्रथम रही तथा गोड़ास की छात्रा अलका द्वितीय रही। स्लोगन प्रतियोगिता में तारानगर की छात्रा नाज़नीन प्रथम रही तथा राजपुरा का छात्र शुभम द्वितीय रहा। पोस्टर प्रतियोगिता में तारानगर की छात्रा भावना प्रथम रही तथा तारानगर का ही छात्र वेणुगोपाल द्वितीय रहा। रंगोली प्रतियोगिता में गोड़ास की छात्राएं अंजलि व रेखा प्रथम रहीं तथा राजपुरा की छात्राएं नूरबानो तथा दीपिका द्वितीय रहीं। विजेताओं को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चूरू से पधारे सीओ स्काउट महिपाल सिंह तंवर ने इस गतिविधि के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए रिड्यूस, रीयूज तथा रीसाइकिल के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले तथा इसी तरह के इको फ्रेंडली उत्पादों का प्रयोग करना चाहिए। संस्था प्रधान शिव कुमार ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बलवंत सिंह, दिलीप कुमार, मनोज प्रजापत, किशोर कुमार निर्वाण, ताराचंद पूनिया, मांगीलाल गौड़, जाकिर हुसैन, ओमप्रकाश कस्वां, नवीन कुमार सहारण, नरेश पूनिया, सुभाष चन्द्र शर्मा, कमला भूरिया, रामेती भाकर, सुमन कंवर, सुनीता कुमारी, नीलम बेनीवाल, सत्येंद्र कुमार, धर्मेंद्र गोदारा तथा महात्मा गांधी विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।




# राज्य महिला आयोग के सदस्य सचिव विरेन्द्र सिंह यादव आए झुंझुनूं

## सखी वन स्टॉप सेंटर का किया आकस्मिक निरीक्षण

**झुंझुनूं।** राज्य महिला आयोग के सदस्य सचिव विरेन्द्र सिंह यादव ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सेंटर पर विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही आश्रय सुविधा, भोजन व्यवस्था और परामर्श की बेहतरीन सेवाओं के लिए झुंझुनूं कार्यालय की प्रंशसा की। उन्होंने सुझाव दिया कि सखी केंद्र के डिस्प्ले बोर्ड समस्त सार्वजनिक स्थलों और सरकारी कार्यालय में प्रदर्शित किए जाएं। उन्होंने केंद्र पर आश्रय लेने वाली महिलाओं के लिए टीवी की सुविधा और एक मिनी लाइब्रेरी स्थापित करने की भी बात कही। उन्होंने बताया कि केंद्र पर आने वाली महिलाओं को कानूनी सहायता के साथ-साथ न्यायालय में वाद दायर करने के लिए निशुल्क वकील भी उपलब्ध करवाया जाएंगे।

# कलेक्टर रामावतार मीणा ने किया एनआईसी के नवीनीकृत कार्यालय का उद्घाटन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में एनआईसी यानि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के नवीनीकृत कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी कमलेश सैनी ने बताया कि कार्यालय का आधुनिक सुविधाओं युक्त नवीनीकरण करवाया गया है। इस मौके पर झुंझुनूं एसडीएम हवाई सिंह यादव, एडीआईओ पूनम महला, जितेंद्र लांबा समेत विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सैन समाज का होली स्नेह मिलन 23 को

**झुंझुनूं। चूरू** रोड स्थित सैन छात्रावास में रविवार को दोपहर 12ः00 बजे होली स्नेह मिलन किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला संरक्षक राजेंद्र हर्षवाल ने बताया कि सैन समाज के कलाकारो द्वारा चंग पर धमाल गाकर व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया है।

# लगाया बासोड़ा का भोग, पूजा अर्चना कर बच्चों से दिलवाई धोक





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिलेभर में शीतला सप्तमी के मौके पर कमोबेश घर-घर बासोड़ा का भोग लगाया गया और ठंडा भोजन ही ग्रहण किया। इधर मंदिरों में माता-पिता अपने बच्चों को लेकर पहुंचे और उनसे धोक दिलवाई। कई जगह महाप्रसादी तो कही गेर नृत्य का आयोजन किया गया। इसी तरह शीतला सप्तमी को लेकर माता शीतला को ठंडे भोजन का भोग लगाने के लिए शुक्रवार सुबह शहर के आदर्श नगर शीतला माता मंदिर सहित शहर के कई अन्य शीतला माता के मंदिरों में महिलाओं की लम्बी कतारे देखने को मिली। हाथ में थाली लिए महिलांए अपनी बारी आने का इन्तजार कर रही थी। कई महिलाएं झाडू निकालते हुए मंदिर की तरफ आती नजर आई। स्थिति यह है कि कई महिलाएं गुरुवार रात 12 बजे बाद ही माता को पूजन करने पहुंच गई।ताकि लाइन में ज्यादा देर खड़ा न रहना पड़े।पूजन करने आई महिलाओं ने बताया कि माता शीतला को ठंडा भोजन अतिप्रिय है। माता को ठंडे का भोग लगाने से चेचक जैसे त्वचा संबंधित रोग नहीं होते। महिलाओं ने यहां माता की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि वह आरोग्य की कामना की।

**देसूरी।** केशव नगर गोशाला में भाजपा नेता विरेन्द्रसिंह मादड़ी के नेतृत्व में शीतलासप्तमी के अवसर पर गोशाला में गो भक्तों द्वारा गोवंश को गुड़ व हरा चारा खिलाया गया। इस मौके पर प्रेम राजपुरोहित, विष्णु पुरोहित, अनिलसिंह, दशरथ चौधरी, भरत कुमार, देवजी पुरोहित, दिलीप पुरोहित आदि मौजूद थे।



**फालना ।** भांटूद गांव के शीतला माता का विशाल मेला गुरूवार को शीतला माता चौक मे भरा गया। सुबह माता को बासोड़ा का भोग लगाया गया तथा 11 बजे महिलाएं सिर पर कलश लेकर शीतला माता मंदिर पहुंची। वह माता के सामने एक फिट छोटी सी चमत्कारी औखली में महिलाओं की ओर से हजारों लीटर पानी डालने पर औखली नहीं भरी। तब पुजारी व भक्तो ने माता से प्रार्थना कर दुध व दही का भोग लगाया गया तब चमत्कारी औखली से पानी बाहर आने लगा। गेर नृत्य के साथ भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। कन्हैयालाल एण्ड पाटी कोसेलाव तथा निकिता एण्ड पार्टी ने उम्दा भजन प्रस्तुत किए।





**सांडेराव।** स्थानीय नगर सहित आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में शीतला सप्तमी का पौराणिक धार्मिक पर्व शुक्रवार को भक्ति भावना के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। तालाब किनारे स्थित शीतला माता मंदिर में अल सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही। महिलाओं ने शीतला माता को बासोड़ा का भोग लगाकर परिवारजनों के लिए खुशहाली की मन्नतें मांगी। शाम को दुदेली माता मंदिर परिसर में गांव शाही गेर नृत्य का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों के साथ गेरियों ने पांव में घुंघरू बांध कर जमकर गेर नृत्य किया। मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र में होली के सातवें दिन को शीतला सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हिंदू परिवारों में बासी भोजन बनाकर उपयोग में लिया जाता है और बासी भोजन का ही प्रसाद बनाकर शीतला माता का पूजन कर उन्हें यह प्रसाद चढ़ाया जाता है। खासकर चिकन पॉक्स, चेचक,मीजल्स जैसी बीमारियों के बचाव के लिए यह प्रसाद परिवार में बांटा जाता है।



**बाली।** बाली के ऐतिहासिक किले में 20 फीट ऊपर सैकड़ों वर्ष पुराना शीतला माताजी का मंदिर काफी दर्शनीय है। जहां शुक्रवार को मेला भरा गया। माताजी के दर्शन करने विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु धोक लगाने आए। जिनकी मंगलकामनाएं हमेशा पूर्ण होती है। इसी मंदिर के पास में सती हुए बोल माजीसा का मंदिर है जो गुफानुमा चट्टान में विराजमान है। उसके ऊपर मंदिर का निर्माण करवाया गया। मंदिर के पास पत्थर की प्राचीन मूर्ति है जिसमें एक ओर तोता और दूसरी ओर नागदेव बने हुए हैं। पंडित अवधेश व्यास महाराज ने बताया कि बोल माजीसा मंदिर के पास में ही प्राचीन काल से शीतला माताजी का मंदिर बना हुआ है। जिसका वर्ष में एक दिन शीतला सप्तमी के दिन मेला भरता है। इस बार भी सैकड़ों की संख्या में बाली सहित आस पास के दर्जनों गांवों के मेलार्थियो ने भाग लिया। गैर नृत्य का भी आयोजन हुआ जिसमें गैरियो ने ढोल की थाप और घुंघरू की जनकार के साथ आकर्षक गैर नृत्य किया। मेलार्थियों ने किला देखने का भी आनंद लिया। शीतला माताजी के पुजारी मगाराम माली ने बताया कि इस वर्ष यह मेला शु वार को भरा गया और इसी दिन ठंडा भोजन का भोग लगाया गया। माताजी के भव्य मेले में अधिक संख्या में मेलार्थी उपस्थित हुए।





## वरिष्ठ नागरिक 6 दिन की यात्रा कर जवाई बांध स्टेशन पहुंचे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को 7 दिवसीय तीर्थ यात्रा करवाई गई। यह यात्रा जवाई बांध से गत 16 मार्च को रवाना हुई थी। तीर्थ यात्रा कर 21 मार्च शु वार शाम को वातानुकूलित रेल से जवाई बांध लौटने पर सफल यात्रा पर खुशी जताई व देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत का आभार जताया। यात्रा में पाली, जालोर, सिरोही, मारवाड़ जंक्शन, जोधपुर, अजमेर व जयपुर के करीब 800 वरिष्ठजन शामिल रहें। यात्रा में इस यात्रा में जवाईबांध स्टेशन से 274, अजमेर से 340 व जयपुर से करीब 200 यात्रियों ने भाग लिया। आईआरसीटीसी ट्रेन प्रभारी नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि यात्रा जवाई बांध से 16 मार्च को रवाना होकर 17 मार्च की दोपहर बोद्ध धर्म के सबसे बड़े धार्मिक स्थल भगवान बुद्ध के शारणाथ पहुंच दर्शन किए। इसके बाद काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। काशी के मणिकर्णिका सहित अन्य घाटों को देखा व गंगा आरती का लाभ लिया। रात में वहां से रवाना होकर 18 मार्च को अयोध्या पहुंचे। अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन, हनुमान गढ़ी दर्शन, कनक महल, दशरथ महल सहित नंदी ग्राम श्रीराम भरत मिलाप, भरत हनुमान मिलन स्थल सहित अयोध्या के समस्त धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। वहां से रात में रवाना होकर चौथे दिन 19 मार्च को हरिद्वार पहुंचे। जहां वरिष्ठजनों ने हर की पौड़ी में गंगा स्नान किया। शाम को गंगा आरती में भाग लिया। गंगा आरती देखकर प्रफुल्लित नजर आए। रात विश्राम हरिद्वार में करने के बाद 20 मार्च को बस द्वारा ऋषिकेश पहुंचे। जहां राम, लक्ष्मण व जानकी झुले देखे। गंगा में डुबकी लगाई। यहां स्थित विभिन्न मंदिरों का दर्शन लाभ लिया। इसी दिन रात 11 बजे जवाई बांध के लिए रवाना हुए। 21 मार्च की दोपहर को जयपुर वाले यात्री खातीपुरा स्टेशन पर उतरे। वहां से अजमेर पहुंचने पर वहां के क्षेत्र के यात्री उतरे। जहां से शाम करीब साढ़े सात बजे जवाई बांध अंतिम पड़ाव पर यात्री उतरे। अपने साथ तीर्थ यात्रा में तीर्थ स्थलों की ताजी यादों को लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर वरिष्ठजन रवाना हुए। वरिष्ठ नागरिक स्वरूपगंज निवासी शंकर पटेल ने बताया कि यात्री बड़ी सुगम रहीं। ट्रेन में देव स्थान विभाग की ओर से सभी यात्रियों व उनके साथ आए सहायकों को कंबल, टॉवल, चद्दर, छतरी, ब्रश, पेस्ट, साबुन, शैम्पू, तेल, कांच, कंगा, बैग, टोपी, माला सहित सभी समान निशुल्क उपलब्ध करवाए गए। इसके अलावा सुबह शाम चाय, नाश्ता व भोजन दिया गया। ट्रेन से तीर्थ स्थल तक आने-जाने व वहां पर रहने के लिए अलग-अलग रूम उपलब्ध करवाए गए। इस यात्रा में ट्रेन प्रभारी रूपाराम प्रजापति, मेडिकल टीम से डा. प्रतीक ढाका, नर्सिंग ऑफिसर हेमंत बावल, लोकेन्द्रसिंह, रेलवे टीम से अंबिका, आयुष व अनीश, आईआरसीटीसी के कार्मिक, मेडिकल टीम ने सेवाएं दी।

## जाखामाता मंदिर पर मेला व गेर नृत्य कार्यक्रम आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के जाखामाता मंदिर पर शनिवार को गेर नृत्य व मेले का आयोजन किया जाएगा। जाखामाताजी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि मेला हिरालाल सोहनलाल बोराणा की ओर से आयोजित होगा। जिसमें 22 मार्च को दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा। शाम साढ़े 7 बजे से लेकर रात 10 बजे तक गेर नृत्य का आयोजन होगा। वहीं रात में भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें ख्यातिनाम भजन कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। मेले में बालोतरा की गेर पार्टी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। मेले की तैयारियों में अध्यक्ष सत्यप्रकाश गुप्ता सहित पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन तहसील कार्यकारिणी का विस्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर व कांशीराम की विचारधारा बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय को आगे बढ़ाने के लिए भीम आर्मी पाली जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार सरगरा के सानिध्य में फालना में बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। उपाध्यक्ष सरगरा ने बताया कि बैठक में भीम आर्मी भारत एकता मिशन सामाजिक संगठन बाली तहसील के उपाध्यक्ष जावेद खान, सचिव रमेश कुमार भील, सह सचिव महेंद्र गहलोत को पदभार दिया गया। सरगरा ने कहा कि भीम आर्मी सामाजिक संगठन किसी व्यक्ति विशेष या धर्म के खिलाफ नहीं है। हमारा उद्देश्य यह है कि भीम आर्मी भारत एकता मिशन का प्राथमिक लक्ष्य समाज के सभी वर्गों के बीच एकता स्थापित करना और देशवासियों को उन्नति के मार्ग पर ले जाना है। संगठन स्वतंत्रता, मानवीय गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य करता है। देशभर में संविधान के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए उन्हें उनके मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। शिक्षा के माध्यम से शोषित वंचित वर्ग के लोगों को मजबूत करना स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी पहुंच उपलब्ध कराना। रोजगार के प्रति लोगों को जागरूक करना एवं नई अवसरों का निर्माण करना। सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन के लिए प्रयासरत है। यह संगठन किसी विशेष धर्म, समुदाय, या पार्टी का समर्थन नहीं करता, बल्कि मानवता और समानता की स्थापना के लिए समर्पित है। संविधान के दायरे में रहकर, यह प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा की उम्मीदों को साकार करने के लिए कार्यरत है। इस मौके पर जय भीम तहसील अध्यक्ष दुदाराम परिहार, दिनेश माधव, सोहन माधव, रघुनाथ, रंजीत कुमार मौजूद रहे।

## ब्राह्मण जोशी समाज परिक्षेत्र बाली का वार्षिक अधिवेशन कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 गांव भृगु वंशीय ब्राह्मण जोशी समाज परिक्षेत्र बाली का वार्षिक अधिवेशन रविवार को समिति के प्रधान कार्यालय आशापुरा धाम नाडोल में आयोजित होने जा रहा है। इस अधिवेशन में संभागियों के भोजन ,चाय नाश्ता की व्यवस्था भामाशाह स्व गणपतलाल जोशी परिवार सांडेराव की ओर से सामूहिक होगी। अधिवेशन में उपस्थित सभी संभागियों को अधिवेशन 2025 के स्मृति के रूप में भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह भामाशाह पिंटू जोशी, अचलाराम नाडोल द्वारा दिया जाएगा । अधिवेशन में समाज के विकास, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन,समाज की एकता ,संगठन पर चर्चा होगी ।

## हवाला माताजी का मेला आज, गेर नृत्य से होगी शुरुआत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** हवाला जोगमाया का मेला शनिवार की शाम को गेर नृत्य के साथ शुरू होगा। जिसमें ग्रामीणों की ओर ढोल की ताल पर गेर नृत्य किया जाएगा। वही रात्रि में भजन संध्या आयोजन होगा। वही मेले के दूसरे दिन रविवार को महाआरती और प्रसादी की जाएगी। हवाला जोगमाया मित्र मंडल के अध्यक्ष जीवाराम चौधरी ने बताया कि संत करुणाकरणदास महाराज एवं संत देवीदास महाराज के सानिध्य में हवाला माताजी का दो दिवसीय मेला 22 व 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिसके प्रथम दिन 22 मार्च की शाम गेर नृत्य तथा रात्रि में भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमे भजन गायक हितेश रामावत, शंकर देवासी, किकराम देवासी की ओर भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। वही मेले के दूसरे दिन रविवार की सुबह माताजी की पूजा अर्चना करने के साथ महाआरती की जाएगी। मेले में सहयोग करने वाले भामाशाहों का बहुमान मंडल की से किया जाएगा। हंसाराम



चौधरी, बाबूलाल चौधरी, अमराराम चौधरी, भोलाराम, मोडाराम चौधरी, वागाराम,भरत कुमार, सुरेश कुमार, जिगर चौधरी सहित अन्य सदस्यों को अलग अलग व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारी दी गई।

## एकल अभियान के प्रशिक्षण वर्गो का समापन हुआ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** संभाग राजस्थान के अंचल पाली में एकल अभियान की ओर से संचालित 192 विद्यालय के आचार्य का पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण का जिले के तीन स्थान पर संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण सुबह पांच बजे से रात्रि 10 बजे तक विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण लिया गया। जैसे हिंदी गणित सामान्य ज्ञान विज्ञान खेल एवं संस्कार के विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण लिया गया। प्रशिक्षण में राजस्थान प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख सुरेश शर्मा, गुलाब भाई राठौड़ एवं अंचल अभियान प्रमुख तरुण कुमार रथ आयोजन प्रमुख महेश शर्मा वह अंचल टोली के कार्यकर्ता एवम नगर के अनुभवी व्यक्तियों द्वारा भी प्रशिक्षण दिया गया। निंबेश्वर महादेव, बाली लोहार समाज धर्मशाला, देसूरी अंबे माता मंदिर पर संपन्न हुआ इसमें आंचल समिति से संरक्षक श्रीमान नंदू भाई मेवाड़ा, अंचल कोषाध्यक्ष अमित मेहता एवं विश्व हिंदू परिषद के सूजाराम चौधरी, अरविंद, दरिया भारती उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन हुआ।



## दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** एसपीयू जैन शिक्षण संघ की ओर से संचालित स्थानीय एसपीयू महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन का आयोजन प्राचार्य डॉ. हिमांशु मेहता की अध्यक्षता में 21 मार्च को सफलतापूर्वक किया गया। इस मौके पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें 5000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता (छात्र) में प्रथम स्थान प्रकाश कुमार बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रवीण कुमार बीए तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान शिवराज प्रताप सिंह बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता (छात्र) में प्रथम स्थान प्रवीण कुमार बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान हितेश कुमार बीए प्रथम सेमेस्टर व हर्षित कुमार बीए तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्रा) में प्रथम स्थान भावना सोनल बीए तृतीय सेमेस्टर, आयशा शेख बीकॉम तृतीय वर्ष एवं खुशी श्रीवास्तव बीए तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया।



एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्र) में प्रथम स्थान पर अभयराज सिंह बीसीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर हर्ष बीसीए प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर भावेश परिहार बीसीए प्रथम सेमेस्टर रहे। युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्र) अंतर संकाय में प्रथम स्थान पर टीम अभयराज सिंह व हर्ष बीसीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर टीम निर्मल कुमार बीए तृतीय सेमेस्टर व करण बीए प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर टीम ि तेश वैष्णव बीकॉम तृतीय सेमेस्टर व उत्तम प्रजापति बीकॉम प्रथम सेमेस्टर रही। इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अभयराज सिंह बीसीए प्रथम सेमेस्टर चुने गए। इसी कड़ी में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता (स्टाफ-महिला) में प्रथम स्थान श्रीमती अर्चना गुप्ता, द्वितीय स्थान डॉ एकता झा एवं तृतीय स्थान सुश्री अपेक्षिता आशियां ने प्राप्त किया। बॉल फैंक प्रतियोगिता (स्टाफ-महिला) में प्रथम स्थान सुश्री अपेक्षिता आशियां, द्वितीय स्थान डॉ एकता झा एवं तृतीय स्थान श्रीमती माधवी श्रीमाली ने प्राप्त किया। एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता (स्टाफ-महिला) में प्रथम स्थान श्रीमती अर्चना गुप्ता, द्वितीय स्थान सुश्री अपेक्षिता आशियां एवं तृतीय स्थान डॉ एकता झा ने प्राप्त किया। एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता (स्टाफ-पुरुष) डॉ ऋषि माथुर, द्वितीय स्थान डॉ अरविंद सिंह चौहान और तृतीय स्थान डॉ अंशुल शर्मा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ हिमांशु मेहता ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी एवं विद्यार्थियों को खेलों की उपयोगिता समझाते हुए अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। खेल अधिकारी चंद्रपाल सिंह ने सभी शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टॉफ को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया एवं विद्यार्थियों को इसी तरह खेल कूद में आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

## सिसोदिया के फालना पहुंचने पर स्वागत किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** कांग्रेस बाली विधानसभा प्रभारी देवीसिंह सिसोदिया कुड़ी के नियुक्ति के प्रथम फालना आगमन पर रावणा राजपूत समाज बंधुओं ने पुष्पा हार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बाली तहसील पूर्व अध्यक्ष विजयसिंह सिसोदिया, सुखसिंह खंगारोत, भवानीसिंह बेड़ा, उत्तमसिंह देवड़ा, इंद्रसिंह मेफावत, पार्षद श्रीपाल सिंह आदि रावणा राजपूत समाज बंधु उपस्थित थे।

# आईपीएल के पहले मुकाबले में बारिश बनेगी विलेन!



**कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच 22 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होने वाले पहले मुकाबले पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है. मौसम विभाग ने 20 से 22 मार्च के बीच बारिश और आंधी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. आईपीएल 2025 के शुरू होने को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है, लेकिन कोई भी नहीं चाहेगा कि टूर्नामेंट की शुरुआत बारिश से प्रभावित हो. हालांकि, ईडन गार्डन्स में बेहतरीन जलनिकासी व्यवस्था है, जिससे बारिश रुकने के बाद खेल जल्दी शुरू हो सकता है. लेकिन अगर बारिश लगातार होती रही, तो मैच रद्द होने की संभावना बढ़ जाएगी.**

### आरसीबी को पहली ट्रॉफी की तलाश

कोलकाता नाइट राइडर्स इस बार गत विजेता के रूप में टूर्नामेंट में उतर रही है. श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को फाइनल में हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया था. अब केकेआर आईपीएल इतिहास की तीसरी सबसे सफल टीम बन चुकी है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई ) पांच-पांच खिताब के साथ सबसे आगे हैं. दूसरी ओर, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) इस बार अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने की कोशिश करेगी. टीम की गेंदबाजी हमेशा चिंता का विषय रही है, लेकिन इस बार भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड के आने से गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है.

### मौसम विभाग की भविष्यवाणी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के कारण 20 से 22 मार्च के दौरान पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में गरज के साथ बारिश और तेज़ हवाएं चलने की संभावना है. अगर बारिश ज्यादा देर तक नहीं रुकी, तो यह मैच को प्रभावित कर सकती है, जिससे फैंस को निराशा हो सकती है. अब सभी की निगाहें मौसम पर टिकी होंगी कि आईपीएल 2025 की शुरुआत बिना किसी बाधा के हो सके. फैंस घर बैठे इस मैच को लाइव देख सकेंगे. आईपीएल का लाइव प्रसारण टीवी और मोबाइल ऐप दोनों पर देखा जा सकेगा. आईपीएल 2025 का लाइव प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देखा जा सकेगा.

### मैच से पहले होगी ओपनिंग सेरेमनी दिशा पाटनी मचाएंगी धमाल

आईपीएल 2025 से पहले ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन होगा. इसमें बॉलीवुड के कई दिग्गज शामिल होंगे. ओपनिंग सेरेमनी 22 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आयोजित होगा. आईपीएल की ओर से श्रेया घोषाल, दिशा पाटनी और करण औजला को इनवाइट किया गया है.

# सचिन के साथ दुनिया के सबसे अमीर आदमी ने खाया वड़ा पाव



दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक बिल गेट्स अक्सर भारत घूमने आते रहते हैं. पिछले दिनों भी उन्हें यहां देखा गया है, मजे की बात यह है कि उन्हें सचिन तेंदुलकर के साथ वड़ा-पाव का आनंद लेते देखा गया. कयास लगाए जा रहे हैं कि यह किसी एड्वर्टाइजमेंट का टीजर है और वीडियो क्लिप के अंत में कैप्शन दिया गया, "जल्द ही सेवाएं देंगे." हालांकि अभी तक सचिन तेंदुलकर या बिल गेट्स ने किसी बिजनेस डील की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. वहीं बिल गेट्स ने भी वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, "काम पर जाने से पहले ब्रेकफास्ट करते हुए."

**बिल गेट्स पीएम मोदी सहित कई नामी हस्तियों से मिले.**

### क्यों भारत आए हैं बिल गेट्स?

बता दें कि, माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारत आए थे. यहां आकर उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर के अलावा कई नामी हस्तियों से मुलाकात की. गेट्स ने हाल ही में अपने एक ब्लॉग में लिखा था कि वो यहां इसलिए आए हैं क्योंकि भारत स्मार्ट और कुछ हासिल करने की चाह रखने वाले लोगों से भरा हुआ है. उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लोग समस्याओं का नए-नए तरीकों से समाधान निकालना जानते हैं.

बाबर प्रपोज करेंगे, तो क्या करोगी?

# पाक अभिनेत्री जहांगीर के कमेंट पर मचा बवाल



पाकिस्तानी अभिनेत्री नाजिश जहांगीर को बाबर आजम के फैंस जमकर ट्रोल करने में लगे हैं. दरअसल हाल ही में इंस्टाग्राम पर जहांगीर का रिएक्शन सामने आया है. उनसे पूछा गया कि अगर बाबर आजम उन्हें प्रपोज करते हैं तो उनका रिएक्शन क्या होगा? नाजिश ने कहा, "मैं उनके प्रपोजल को ठुकरा दूंगी." उनका यह जवाब पाक टीम के स्टार बल्लेबाज के फैंस को पसंद नहीं आया, जिसके बाद से बाबर आजम के फैंस अभिनेत्री को ट्रोल करने में लगे हैं.

- इन आलोचनाओं से निराश होकर नाजिश जहांगीर ने कहा, "ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि ये ना केवल मेरा बल्कि बाबर आजम का भी नाम खराब कर रहे हैं. ये लोग बाबर का सम्मान और आदर करने दावा करते हैं, लेकिन उनका व्यवहार बिल्कुल खराब है. मुझे उन पर दया आती है." नाजिश पर ट्रोल कमेंट्स की इतनी बारिश हुई कि उन्हें अपना अकाउंट पब्लिक से 'प्राइवेट' करना पड़ा.
- इस बीच जहांगीर का एक स्क्रीनशॉट भी वायरल हुआ है, जिसमें फेरबदल करके ऐसे कमेंट डाले गए हैं, जैसे वो अपने आलोचकों के लिए बहुत अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रही हों. उन्होंने फेक तस्वीर के खिलाफ और ऑनलाइन उत्पीड़न पर भी निराशा जताई. इस बीच जहांगीर के खिलाफ फ्रॉड केस दर्ज किया गया है.

# आईपीएल में आया नया नियम

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पुरजोर कोशिश कर रहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग में आउट-नॉट आउट या अन्य फैसलों में गलती की कोई गुंजाइश ना रह जाए. अब बीसीसीआई ने शॉर्ट गेंदों पर नो-बॉल या वाइड का फैसला लेने के लिए नया तरीका निकाला है. अभी आईपीएल में कोई गेंदबाज एक ओवर में 2 बाउंसर गेंद फेंक सकता है. आईपीएल 2024 में खिलाड़ी की कमर की ऊंचाई को मापकर नो-गेंद का पता लगाने के लिए नई तकनीक इजात की गई थी.

**BCCI लाई नई तकनीक, अब वाइड और नो बॉल पर नहीं होगा विवाद!**



### नो बॉल और वाइड पर नहीं होगा विवाद

टाइम्स ऑफ इंडिया के हवाले से एक सूत्र ने बताया, "जब बल्लेबाज क्रीज के अंदर खड़ा होगा, तब उसकी कमर की ऊंचाई, कंधों की ऊंचाई और सिर की ऊंचाई का माप लिया जाएगा. इस डाटा को उस सिस्टम में अपलोड किया जाएगा, जिसे हॉक-आई ऑपरेटर इस्तेमाल करते हैं. यह ऑपरेटर थर्ड अंपायर के साथ बैठता है. इससे कमर तक की ऊंचाई वाली फुलटॉस गेंद, बाउंसर, नो बॉल और वाइड बॉल का पता चलता है.

# माही समेत तीन दिग्गज खिलाड़ी आईपीएल से ले सकते हैं संन्यास

**महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी कप्तानी में खिताब जितवा चुके हैं. वे कई मौकों पर विस्फोटक बैटिंग कर चुके हैं, लेकिन अब संन्यास के करीब पहुंच गए हैं. बता दें कि, आईपीएल 2025 का शनिवार यानी आज से आगाज हो रहा है. सीजन का पहला मैच केकेआर और आरसीबी के बीच खेला जाएगा. चेन्नई सुपर किंग्स का पहला मैच मुंबई इंडियंस से है. महेंद्र सिंह धोनी इस मैच में खेलते हुए नजर आ सकते हैं. धोनी इस सीजन के बाद संन्यास भी ले सकते हैं. वे 43 साल के हो गए हैं. आईपीएल के पिछले सीजन के बाद धोनी के संन्यास की चर्चा थी. लेकिन उन्होंने संन्यास नहीं लिया.**



- वहीं, फाफ डु प्लेसिस भी 40 साल के हो गए हैं. उनके लिए भी आईपीएल 2025 आखिरी सीजन हो सकता है. हालांकि इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है.
- डुप्लेसिस आईपीएल में 145 मैच खेल चुके हैं. उन्होंने इस दौरान 4571 रन बनाए हैं. वे आईपीएल करियर में कई टीमों का हिस्सा रहे हैं.
- इसके अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी सुनील नरेन का नाम संन्यास लेने वालों की लिस्ट में शामिल हो सकता है. नरेन टूर्नामेंट में 177 मैच खेल चुके हैं. सुनील नरेन ने आईपीएल में 1534 रन बनाए हैं. इस दौरान एक शतक और सात अर्धशतक लगाए हैं.

## मनोरंजन

# 'जेलर 2' में छाए रजनीकांत



सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी फिल्म 'जेलर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसका फिल्मांकन चेन्नई में तेजी से चल रहा है। फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार कर रहे हैं। हाल ही में 'जेलर 2' के सेट से एक तस्वीर सामने आई, जिसने इंटरनेट पर धूम मचा दी। इस तस्वीर में रजनीकांत मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज और कार्तिक सुब्बाराज के साथ हंसी-मजाक करते नजर आए। नेल्सन दिलीपकुमार भी इस पल का हिस्सा बने, जिससे यह मौका और भी यादगार हो गया। फिल्म के निर्माताओं ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन दिया, "पेट्टा, कुली, जेलर"। दरअसल, इस पोस्ट में उन फिल्मों का जिक्र किया है जो इन निर्देशकों ने रजनीकांत के साथ बनाई है। तस्वीर में तीनों निर्देशक रजनीकांत के साथ खड़े हैं। वहीं, रजनीकांत अपने खास अंदाज में गर्मजोशी बिखेरते दिखे। लोग अब कयास लगा रहे हैं कि क्या इस मौके पर कोई नया क्रिएटिव आइडिया या कुछ नया बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगा? फिल्म की शूटिंग के लिए चेन्नई की एक फिल्म सिटी में बड़ा गांव का सेट तैयार किया गया है। 'जेलर 2' की शूटिंग तेजी से चल रही है। तकनीकी टीम तैयार है और फैंस को उम्मीद है कि यह फिल्म भी धमाल मचाएगी। इस फिल्म के पहले भाग ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी।


'जेलर 2' के अलावा रजनीकांत जल्द ही लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' में दिखेंगे। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जो अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिल्म में नागार्जुन और श्रुति हासन भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# 'सिकंदर' की एडवांस बुकिंग शुरू





सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस ईद पर रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। हालांकि फिल्म का ट्रेलर अभी भी रिलीज नहीं किया गया है। फिल्म 30 मार्च को रिलीज होगी। एक खबर के मुताबिक, फिल्म की विदेशों में एडवांस बुकिंग हो रही है। जहां विदेशों में लोग फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों में अपनी सीट बुक कर रहे हैं, वहीं भारत में अभी इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू नहीं हुई है। खबर है कि 29 मार्च से फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो सकती है। विदेशी बाजार में ये चलन है कि यहां पर फिल्म रिलीज के काफी पहले ही एडवांस बुकिंग शुरू हो जाती है। कई फिल्मों के लिए एक महीना पहले एडवांस बुकिंग शुरू हो जाती है। प्रभास की 'सालार' फिल्म के लिए एक महीने पहले ही एडवांस बुकिंग शुरू की गई थी। खबर के मुताबिक 'सिकंदर' के निर्माता फिल्म का ट्रेलर धूमधाम से रिलीज करेंगे। एक खबर के अनुसार 'सिकंदर' ने एडवांस बुकिंग में अमेरिका में लगभग 13 लाख रुपयों की कमाई की।

# 'जो जीता वही सिकंदर' के वो 'चार बदतमीज कलाकार कौन ?




आमिर खान ने अपनी फिल्म 'जो जीता वही सिकंदर' फिल्म के निर्माण को किया याद, जिसमें उन्होंने कहा कि वह परेशानी से भरा हुआ था। चार कलाकार ऐसे थे जिनका व्यवहार बहुत खराब था। हालांकि,उन्होंने उन कलाकारों का नाम नहीं बताया। आमिर खान ने साल 1992 में आई 'जो जीता वही सिकंदर' के निर्माण के बारे में बात की। अभिनेता ने बताया कि फिल्म की शुरुआत में अलग-अलग कलाकार थे, जिसमें देविका की भूमिका के लिए एक अलग अभिनेत्री शामिल थी। 60-70 दिनों तक ऊंटी और कोडईकनाल में शूटिंग के बाद निर्देशक मंसूर खान का दो महीने बाद फोन आया और कहा कि देविका का किरदार सूट नहीं कर रहा है।

# रणबीर को चाहिए दूसरा बच्चा!



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने 2022 में शादी की थी और उसी साल अपनी बेटी राहा का स्वागत किया। रणबीर अपनी बेटी राहा से बहुत प्यार करते हैं और अक्सर उनके नाम वाले कपड़े पहने नजर आते हैं। वहीं अब आलिया ने अपने दूसरे बच्चे और आगे की प्लानिंग के बारे में बात की हैं। रणबीर कपूर अपनी बेटी से इतना प्यार करते हैं कि उन्होंने कथित तौर पर राहा के नाम का टैटू अपने कॉलरबोन पर भी बनवाया हुआ है। हाल ही में एक इंटरव्यू में रणबीर ने बताया कि लोग उनके बारे में गूगल पर सबसे ज्यादा क्या सर्च करते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह जल्द ही एक और टैटू बनवा सकते हैं, शायद अपने बच्चों के नाम का। इससे यह भी संकेत मिला कि वह और आलिया जल्द ही कोई खुशखबरी दे सकते हैं। शायद कपल दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहा है । बता दें कि रणबीर ने इंटरव्यू में कुछ ऐसे ही संकेत दिए थे । उन्होंने कहा, "उम्मीद है कि मैं जल्द ही एक और टैटू बनवाऊंगा। शायद अपने बच्चों के नाम का।" वहीं, आलिया ने भी हाल ही में बताया कि उन्होंने अपने दूसरे बच्चे का नाम पहले से ही सोच लिया है। एक पॉडकास्ट में आलिया ने कहा कि जब वह और रणबीर राहा के लिए नाम ढूंढ रहे थे, तब उन्होंने लड़के और लड़की दोनों के नाम सोचे थे। आलिया ने आगे बताया, "जब हम अपने परिवार से लड़के और लड़की दोनों के नाम सुझाने को कह रहे थे, ताकि हम तैयार रहें। कई नामों में से हमें एक लड़के का नाम बहुत पसंद आया, लेकिन मैं अभी वह नाम नहीं बताऊंगी। फिर रणबीर की मां ने 'राहा' नाम सुझाया और कहा कि यह लड़के के नाम के साथ भी अच्छा लगेगा। हमें राहा तुरंत पसंद आ गया। तो हमारे पास अब एक लड़के का नाम पहले से ही तैयार है।" वहीं,वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया इन दिनों अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं और वहीं रणबीर कथित तौर पर फिल्म रामायण की शूटिंग में व्यस्त हैं। रामायण में रणबीर के साथ साई पल्लवी नजर आएंगी।

# किक-2 में होंगी जैकलिन?



जैकलिन फर्नांडीस साल 2014 में आई फिल्म 'किक' के दूसरे पार्ट का हिस्सा बनने की उम्मीद जताई है। उनके मुताबिक फिल्म ने उनकी जिंदगी बदल दी थी। यह फिल्म साल 2009 में आई तेलुगु फिल्म 'किक' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान, जैकलिन फर्नांडीस के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रणदीप हुड्डा भी थे। जैकलिन ने कहा 'मैं इस फ्रेंचाइज को लेकर बहुत उत्साहित हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर साजिद नाडियाडवाला या सलमान खान इसकी तस्दीक करें तो ज्यादा अच्छा होगा। मैं उम्मीद करती हूं कि ये फिल्म जल्दी बने क्योंकि 'किक' को लोगों से खूब प्यार मिला था। इस फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी थी।' जैकलिन ने मीडिया से मुखातिब होते हुए जी सिने अवॉर्ड के प्रेस कांफ्रेंस में ये बातें कहीं। जैकलिन ने 'मर्डर 2', 'रेस 3' और 'ढिशूम' जैसी फिल्मों में काम किया है। साल 2025 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इससे वह काफी उत्साहित हैं। वह जल्द ही 'वेलकम' और 'हाउसफुल 5' में नजर आने वाली हैं। जैकलिन के मुताबिक यह बहुत ही अच्छा साल होने वाला है। क्योंकि मेरी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। मैं 'हाउसफुल' में दोबारा वापसी कर रही हूं। हम इस वक्त 'हाउसफुल 5' में हैं। जैकलिन की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' बहुत कॉमेडी फिल्म होने वाली है। उन्होंने बताया यह मेरे लिए बहुत नया है। शूटिंग के वक्त हमने बहुत अच्छा वक्त गुजारा है। मुझे उम्मीद है दर्शक इसे खूब प्यार देंगे। मैं इसे लेकर उत्साहित हूं।

# उम्र भर के लिए अपाहिज हो गईं मासूम मनीषा

## सड़क हादसे में पैर कटा, पैर थेली में डाल ले गए अस्पताल

» ननिहाल जा रही थीं, पहुंची अस्पताल की खाट पर

हृदय विदारक दृश्य, देखने वालों की आंखें भी नम हो गईं

» डाक्टर बोले, अब पैर जुड़ पाना संभव नहीं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

*पाली। जैतपुरा गांव के निकट एक टेम्पो व गैस सिलेंडर भरे पिकअप की टक्कर ने मानों एक मासूम के सपनों को छीन लिया। मासूम मनीषा का पैर हादसे में कट गया और वह उम्रभर के लिए अपाहिज हो गईं। मासूम अपनी मां के साथ ननिहाल के लिए टेम्पों में हंसी खुशी से रवाना हुई थीं। फिलवक्त अस्पताल में दर्द से कराह रही हैं।*



### यह है हादसे का मजमून

जैतपुरा गांव निवासी पंद्रह वर्षीय मनीषा अपनी मां के साथ ननिहाल के लिए घर से रवाना हुईं। टेम्पो में बैठकर अपने ननिहाल धौलेरिया शासन जाना था। टेम्पो में आठ से दस अन्य सवारियां थीं और मनीषा टेम्पो में किनारे पर बैठी थीं। जैतपुरा निकलते ही एक तेज गति से आ रहे पिकअप जिसमें गैस सिलेंडर भरे थे, जोरदार टेम्पो को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मनीषा के पैर का एडी वाला हिस्सा कटकर गिर गया। हादसे के वक्त मनीषा की चीख इतनी तेज थीं कि वह सभी हतप्रभ हो गए।

### थेले में भाई लेकर अस्पताल गया बहन का कटा पांव

हादसे के समय टेम्पो में मनीषा का भाई भी साथ था और अस्पताल ले जाते वक्त कटा पांव भाई ने थेले में डाला और डाक्टरों तक पहुंचाया। मनीषा के भाई विक्रम का कहना है कि पिकअप सवार ड्राइवर की लापरवाही से उसकी बहन अपाहिज हुई है। उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए तथा परिवार को मदद मिलनी चाहिए।

### अधिकांश नसें डेमेज, नहीं जुड़ सकता पांव

हादसे के बाद मनीष के परिजन उसे बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। परिवार के लोग एक थैली में कटे पैर का हिस्सा लेकर अस्पताल आए और उसे जोड़ने का कहा। लड़की की हालत देख डॉक्टर ने पैर दोबारा जोड़ने के लिए मना कर दिया। मामले में चिकित्सक का कहना है कि मरीज का जिस तरह पैर कटा है उसे वापस जोड़ना संभव नहीं, क्योंकि पैरों की ज्यादातर नसें डैमेज हो चुकी हैं।

# गजीपुरा महंत ने सीएम यादव से मुलाकात की

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** मध्यप्रदेश के बड़े ख्यातिनाम तराना मठ के गादीपति समारोह में जालोर जिले के मठाधीशों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में साधु संतों, राजनेताओं व अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान जिले से गजीपुरा महंत प्रेमभारती महाराज, पुनासा महंत बाबूगिरी महाराज व निंबावास महंत अमृतनाथ महाराज सहित करीब आधा दर्जन मठाधीशों ने भाग लेकर तराना महंत के रूप में जूना अखाड़ा के नवनिर्वाचित सभापति मोहन भारती महाराज को मठाधीश नियुक्त कर चादर विधि पूर्ण करवाई गई। इस दौरान महंत प्रेमभारती महाराज के नेतृत्व में जालोर जिले के मठाधीशों द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ अलग से मुलाकात कर सनातन धर्म की मजबूती, पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार, साधु संतों की सुरक्षा,गोरक्षा और मंदिरों को टैक्स से फ्री करने को लेकर सुझाव व लंबी चर्चा की।




# विधायक गरासिया ने की यूआईटी को भंग करने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** नगर सुधार न्यास आबू को भंग करने और साथ ही इसके क्षेत्राधिकार विस्तार को रोकने को लेकर पिण्डवाड़ा आबू विधायक समाराम गरासिया ने स्वायत शासन विभाग मंत्री झाबरसिंह खर्रा से मांग कर विशेष वार्ता की गई। विधायक गरासिया ने बताया कि नगर सुधार न्यास आबू के प्रस्तावित क्षेत्राधिकारी की जद में देलदर, आबूरोड व पिण्डवाड़ा तहसील की ग्राम पंचायत किवरली, मुदरला, सुरपगला, बहादुरपुर, भारजा, भीमाणा, अचपुरा, नागपुरा, वाटेरा, काछोली, भावरी व नितोड़ा के गांव आते है। जिसकी अधिसूचना विभाग द्वारा जारी कर दी गई हैं। देलदर, आबूरोड व पिण्डवाड़ा तहसील जनजाति बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्र होने के साथ साथ यह टीएसपी क्षेत्र में भी आते है। ऐसे में इन तीनों ही तहसीलों के गांवो को नगर सुधार न्यास की आवश्यकता नहीं



हैं। अगर इन पंचायतों को नगर सुधार न्यास में शामिल किया जाता हैं तो इनमें निवासरत लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा और आर्थिक रूप से भी इनको अतिरिक्त भार वहन करना पड़ेगा। क्यूंकि नगर सुधार न्यास में शामिल होने के कारण छोटे छोटे कार्यों के लिए जटिल प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश में आगामी पंचायती राज चुनाव एवं स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए नगर सुधार न्यास को भंग करवाए या फिर इसके क्षेत्राधिकार विस्तार को तुरंत प्रभाव से रुकवाने के आदेश करवाने की मांग की।

### पूर्व में भी की थी मांग

इस गंभीर मुद्दें को लेकर जिला परिषद सदस्य रीना पुरोहित ने यूआईटी को लेकर स्थानीय विधायक समाराम गरासिया, कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, प्रदेशाध्यक्ष मदनलाल राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखित और मौखिक जानकारी देकर यूआईटी भंग करने की लम्बे समय से मांग रखी थी।

# चोरी का माल लेने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** पुलिस ने कस्बे के ज्वैलर्स में चोरी के मामले में चोरी गया सामान खरीदने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने चोरी के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। थानाधिकारी टीकमाराम ने बताया कि कुमा निवासी थानाराम पुत्र श्री नेतीराम ने उनकी आभूषण की दुकान में चोरी का मामला दर्ज करवाया था। जिस पर पुलिस ने तीन आरोपी विक्रमदान चारण, कमलेश माली व राजेन्द्रसिंह राव को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान चोरी गया माल खरीदने का आरोपी गोयली हाल वस्त्रावल अहमदाबाद निवासी सुरेश कुमार पुत्र शांतिलाल सोनी को गिरफ्तार किया।

# होली के दिन हुई हत्या का राजफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** नहर के पास एक युवक की हत्या कर फरार दो आरोपियों ने पुलिस को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी फगलूराम ने बताया कि पीपली खेड़ा बेकरिया उदयपुर निवासी सोहनराम पुत्र भूराराम गमेती ने रिपोर्ट देकर बताया कि 13 मार्च की शाम को उसका बहनोई काश्तशुदा कुएं पोसालिया आया था। इसके अलावा दूसरा बहनोई सविता का पति ताराराम तथा उसका भाई सोमाराम दोनों उसकी बहन सविता को ढूंढने उसके कुंए पर आए थे। इस दौरान ताराराम व सोमाराम हमारे परिवार को गाली गलोज कर नहर की ओर जा रहे थे। उसी दौरान उसका बहनोई सवाराम भी उनके पीछे गया। जहां पर सवाराम के साथ ताराराम व सोमाराम ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस ने कडेच सायरा उदयपुर निवासी ताराराम उर्फ तारूराम पुत्र लसमाराम डामोर गरासिया तथा सोमाराम पुत्र लसमाराम डामोर गरासिया को गिरफ्तार किया।



### इनका रहा सहयोग

कार्रवाई में सहायक थानाधिकारी फगलूराम, उप निरीक्षक उदाराम, मोहनदास, मांगीलाल, जितेन्द्रसिंह, तुलसाराम, नरपतसिंह, मांगसिंह, मोहनलाल, गणपत, दौलतसिंह, डीसीआरबी से रमेश कुमार तथा सुरेश कुमार का सहयोग रहा।

### रात को खेत में दिन को पहाड़ी पर डेरा

थानाधिकारी फगलूराम ने बताया कि सवाराम पुत्र खीमाराम की हत्या के आरोपी ताराराम व सोमाराम घटना के बाद फरार हो गए थे। इसके बाद मुखबीरों से प्राप्त सूचना व तकनिकी पहलुओं के आधार पर सम्भावित ठिकानों पर दबिश दी गई। जांच में पता चला की दोनों आरोपियों का पिता लसमाराम सेणा (पाली) के एक कुएं पर काश्तकारी करता है। जहां दोनों आरोपी रात को फसलों के बीच में जाकर सोते है तथा दिन में पहाड़ी की गुफाओं में जाकर छुप जाते थे। इस पर सेणा के ग्रामीणों की सहायता से पहाडी पर घेरा लगाकर दोनों की दस्तयाबी के प्रयास किए गए। मगर आरोपी पहाडी के आस-पास के खेतों में भाग गए तथा खेतों में खडी फसलों में छुप गए। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के पिता के काश्तशुदा कुंए पर घेरा देकर दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा। पूछताछ में आरोपी ताराराम के सरहद रेला गांव भाटून्द में काश्तशुदा खेत में बने छप्परे में से हत्या प्रयुक्त चाकू को भी जब्त किया।

## परिवहन विभाग

# 600 वाहनों को जारी किए नोटिस, परमिट होंगे निरस्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के भार वाहनों के कर जमा करने की अन्तिम तिथि15 मार्च थी। लेकिन, अभी भी कई वाहन स्वामियों द्वारा कर जमा नहीं करवाया गया है। जिला परिवहन अधिकारी अभिजीतसिंह ने बताया शुक्रवार को अवकाश के दिन परिवहन कार्यालय के कार्मिकों द्वारा 600 भार वाहनों को चिन्हित कर परमिट निरस्त की कार्रवाई की गई। 600 भार वाहन स्वामियों को नोटिस जारी कर 25 मार्च तक व्यक्ति उपस्थित होकर जवाब मांगा है। यदि 25 मार्च तक भी वाहन स्वामी कर जमा नहीं करवाते है तो उन वाहनों के परमिट निरस्त की कार्रवाई की जाएगी। यात्री व भार वाहनों के पुराने कर बकाया मामलों में पेनल्टी को 1.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत कर दिया गया है। कर संग्रहण कार्य के लिए माह मार्च, 2025 में सभी राजकीय अवकाशों के दिन भी जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय दिन भर खुले रहेगें एवं राजकीय अवकाश के दिनों में केवल कर संग्रहण कार्य ही किया जाएगा।

# ट्रेलर की चपेट मे आने से युवक की मौत

» दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने किया विरोध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** कस्बे में शुक्रवार शाम को सड़क पार कर रहे एक युवक को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक करीब 10 फिट तक घसीटता हुआ ट्रेलर के टायर के बीच फंस गया। लोगों ने उसे बाहर निकाला तथा उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर स्थित होने पर उसको गुजरात रैफर किया। लेकिन, उसने रास्ते में दमतोड़ दिया। पुलिस के अनुसार सोरड़ा निवासी जैसुगराम पुत्र हंजारीमल भाट मंडार पोस्ट आफिस में पोस्टमेन के पद पर कार्यरत था। शाम को अपने परिवार के साथ सामान खरीदने के लिए सड़क पार कर रहा था। एकाएक सड़क पर आए ट्रेलर ने उसको चपेट में ले लिया। जिससे जैसुगराम ट्रेलर के पीछे वाले टायर में आने से उनकी मौत हो गई।

### आए दिन होते है हादसे

घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर हैड कांस्टेबल कांतिलाल मय जाब्ता भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से समझाईस कर यातायात खुलवाया। ट्रेलर को जब्त कर परिजनों को बुलाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन यहां हादसे होते है। सालों से ग्रामीण बाईपास की मांग कर रहे हैं। लेकिन, इसके बाद समस्या समाधान नहीं हुआ।

# सादड़ी की ऐतिहासिक मूसल गेर का जीवंत प्रदर्शन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** सगरवंशी समाज की ओर से आयोजित रियासतकालीन ऐतिहासिक मूसल गेर में मारवाड़, गोडवाड़ और मेवाड़ अंचल के लोगों ने शामिल होकर लुत्फ उठाया। इस मौके भैरव व लाडुबा गेर का भी प्रदर्शन किया गया। गेर के दौरान करीब दो घंटे तक गाछवाड़ा पुलिया से आखरिया चौक और बस स्टैंड तक का मार्ग बंद रहा। पुलिस को यातायात व्यवस्था के लिए बायपास मार्ग का सहारा लेना पड़ा। नाईवाड़ा चौक मालिया बास स्थित भैरव और आशापुरा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। सैन समाज के लोगों ने लगभग 20-25 सगरवंशी माली गेरियों को भैरव स्वरूप में सजाया। गेरियों ने हाथों में मूसल लेकर ढोल, ताशे और मृदंग की थाप पर नृत्य किया। गेर यात्रा नाईवाड़ा चौक से शुरू होकर तलवटा, मैन बाजार, प्याऊ, गोखरों का बास, भूत पिपली, आखरिया चौक, गाछवाड़ा और पुलिया होते हुए रामधुन चौक बलिया ढाल तक पहुंची। मार्ग में गेरियों ने विभिन्न चौराहों पर नृत्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में सुरेशपुरी गोस्वामी, मांगीलाल सगरवंशी, गोविंद व्यास, संजय बोहरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद मीणा, घीसाराम जाट, दिनेश मीणा समेत कई प्रमुख लोगों ने योगदान दिया। इस अवसर पर लगभग 5-7 हजार ग्रामीणों की भागीदारी रही। यह आयोजन स्थानीय लोक संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बना।

भैरव व लाडुबा गेर का भी प्रदर्शन किया





### गेर से ही जीवन्त रह गए हैं घरों में मूसल

पहले जहां लोग अपने घरों में ओली व मूसल बनवाकर लगाते थे। जिनमें बाजरे मक्का सहित विभिन्न धान को कूटकर खीचड़ा बनाते थे। कुछ दशक पूर्व हुई विज्ञान ' ान्ति व बढ़ते इलेक्ट्रानिक संसाधनों ने जहां मूसल के अस्तित्व पर खतरा हो गया वहीं कस्बे में इस ऐतिहासिक गेर की बदौलत ही आज भी हर घर में मूसल के अस्तित्व को बनाए रखा है।

### एक रात में कुआं खोदने पर मिली ओढ़ माली की पहचान

सगरवंशी नवयुवक मण्डल अध्यक्ष मांगीलाल संगरवंशी बताते हैं कि भीषण अकाल व पानी की मारामारी में हमारे पूर्वजों ने कस्बे के नाईवाड़ा चौक स्थित सुथारों वास में एक रात में एक कुआं खोद डाला। सुबह जब जाग हुई तो लोगों ने कुएं के बारे में पूछा। उन्होने गोडवाड़ी भाषा में कहा कि तुम ओढ़ तो नहीं हों कि एक ही रात में इतना गहरा कुआं खोद डाला। ओढ़ शब्द का गोडवाड़ी भाषा में अर्थ आडू व अनाड़ीवृत्ति रूप में माना जाता है।

### मात्र 18 परिवार की सहभागिता

समय अन्तराल, आजीविका संसाधन का अभाव, पूर्व रियासती अनुदान का बन्द, भीषण अकाल व सरकारी संरक्षण का अभाव से इस गेर के अस्तित्व पर संकट के बादल मण्डरा रहे हैं। कई परिवार रोजगार की तलाश में देश प्रदेश पलायन कर गए। वर्तमान में इस गेर के संचालन में करीब 18 परिवारों की सहभागिता रह गई है। यह परिवार भी पर्याप्त सरकारी संरक्षण अभाव के चलते इस गेर का संचालन करने में कतराते हैं। चार पांच दशक पूर्व जोधपुर रियासत से मिलने वाला अनुदान भी बन्द हो गया है।

### यह है गेर का इतिहास

ताम्बावती नगरी नाडोल रियासत से करीब एस सौ साठ-सत्तर साल पहले सादडी क्षेत्र में आए करीब तीन सौ सगरवंशी माली समाज परिवार ने अपने इष्ट देव भैरव व माता आशापुरा की प्रसन्नता व विश्व कल्याण कामना में मूसल गेर की नींव रखी। सगरवंशी माली समाज (वर्तमान में ओढ़ माली) के लोग अपने अर्द्धनग्न शरीर पर तेल, सिन्दूर, कालारंग व मालीपन्ने लगा व मदिरापान कर भैरव समरूप स्वांगधर कर हाथ में मूसल ले ढोल, ताशे व मृदंग की थाप पर झूमते नाचते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गेर निकालते हैं। गेर के दौरान भैरव रूपी शृंगारित लोग अपने मित्रों के साथ होली के मजाकिया अंदाज में हरकत करते हैं। महिलाएं भी हाथों में डण्ड़े लेकर औरतों के पीछे भागती हैं। इनका उद्देश्य ईष्टदेव की प्रसन्नता के साथ लोगों का मनोरंजन करना है। गेर के इतिहास व ओढ़ माली समाज के लोगों के मतानुसार नाडोल रियासत में इस समाज के पांच हजार परिवार निवास करते थे। इसी दौरान वहां के राजा ने इनके कुछ परिवारों को घोड़े तो कुछ परिवारों को हाथी दान किए। तब इन परिवारों में आपसी टकराहट हुई। वहां से बिखराव हो गया। वही से करीब 300 परिवारों ने नाईवाड़ा चौक स्थित मालियों के वास में आकर डेरा डाला। जहां उन्होंने एक थान (मंदिर) बनाया। रतनपुरी गोस्वामी को धर्मगुरु मानते हुए उन्हें पूजा-अर्चना का जिम्मा सौंपा।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.